RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 204 | ग्वालियर बुधवार 5 मार्च 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

ऊर्जा मंत्री प्रदुमन सिंह तोमर का बिजली बचाने का प्रण

अशोक सोनी -देनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर- राजनीति में एक चीज विशेष करके देखी जाती है कि पद मिलते ही आदमियों के हाव-भाव बदल जाते हैं इसके विपरीत ग्वालियर जिले के ऊर्जा मंत्री प्रदुमन सिंह तोमर हमेशा सामाजिक कार्यों को लेकर चर्चा में रहते है चाहे वह स्वच्छता अभियान को लेकर हो या फिर नशा मुक्ति को लेकर या फिर आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनका तुरंत अलग तरीके से निराकरण करना ओर हमेशा अपने अनोखे अंदाज में जनता को जागरुक करते रहते हैं इस बार उन्होंने एक अनोखा प्रण लिया है बिजली बचाने का ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अबकी बार प्रण लिया है कि वह अगले एक साल तक बिना प्रेस किए हुए कपड़े पहनेंगे. उन्होंने ये फैसाल बिजली बचाने के लिए लिया है. उन्होंने कहा कि इससे रोज आधा यूनिट बिजली बचेगी. वह अपनी बेटी के शादी के दिन भी बिना प्रेस के कपड़े पहनेंगे।

बालाघाट थम नहीं रहा वन्य प्राणियों की मौत का सिलसिला सड़क हादसे में एक मादा भालू और बच्चे की मौत

केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो दीपक बंशपाल

बालाघाट लामता-बालाघाट हाईवे के रोड पर गुर्जरटोला के पास सड़क हादसे में एक मादा भालू और उसके बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई । सूचना मिलने पर उत्तर सामान्य वनमण्डल के एसडीओ प्रशांत साकरे मय स्टॉफ के घटना स्थल पहुंचे और नियमानुसार कार्यवाही कर पीएम उपरांत दाह संस्कार किया गया । एसडीओ साकरे ने बताया कि यह हिट एंड रन का केस है । जिसमें लगभग पांच साल उम्र की मादा भालू और लगभग डेढ़ वर्षीय उसके बच्चे की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई । वन विभाग द्वारा सभी वन नाकों के वाहन रजिस्टर और सीसीटीवी की जांच कर घटना कारित करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। लगातर आये दिन हो रही सड़क दुर्घटना मे वन्यप्राणियों की मौत कहीं न कहीं तेज रफ़्तार चल रहे वाहनों का एक नतीजा है जिसकी वजह से आये दिन लगातार कभी भालू तो कभी तेंदुआ तो कभी बाघ की मौत हो जाती है ऐसे मे शासन प्रशासन को चाहिए की इस पर कोई न कोई अंकुश लगाया जाये जिसपर या तो स्पीड ब्रेकर लगाए जाये या तो सड़क की दोनों तरफ बाढ़ लगाई जाये जिससे इन मौतो को रोका जा सकता है वन्य प्राणियों को रोकने के लिए शासन और प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

रीवा के चोरहटा में राजीव मेमोरियल स्कूल के सामने यात्री बस पर नकाबपोश बदमाशों ने किया पथराव, सिर पर पत्थर लगने से एक यात्री की मौत, ड्राइवर जख्मी

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

रीवा के चोरहटा में राजीव मेमोरियल स्कूल के सामने सोमवार शाम रीवा से इंदौर जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस बस पर तीन नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़तोड़ पथराव कर दिया। हमले में एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बस ड्राइवर भी जख्मी हुआ है। बस ड्राइवर राम वैरागी के अनुसार, बस में 30 यात्री सवार थे और यह नए बस स्टैंड से रवाना होकर जैसे ही चोरहटा थाने के आगे राजीव मेमोरियल स्कूल के पास पहुंची, तीन नकाबपोश बदमाशों ने बड़े-बड़े पत्थरों से हमला कर दिया। पत्थर बस के कांच तोड़ते हुए एक यात्री के सिर पर जा लगे, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उसके सिर से खून बहने लगा और वह अचेत होकर गिर पड़ा।गंभीर घायल की इलाज के दौरान मौत होगई स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल यात्री को संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह चोरहटा से बस में सवार हुआ था। इसके कुछ बाद ही वारदात हो गई। अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। उसके पास मिले मोबाइल की मदद से पुलिस पहचान करने की कोशिश कर रही है। चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। हमलावरों की पहचान के लिए जांच जारी है। जल्द ही हमलावर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

व्यापारी निर्यात को बढ़ावा दें, वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ाएं : केंद्रीय मंत्री शोभा

द बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन व भारत सरकार के नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में ट्रेडर्स मीट संपन्न, बजट 2025-26 पर महत्वपूर्ण चर्चा

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान

बेंगलूरु। द बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन व भारत सरकार के नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय केईबी. हॉल में ट्रेडर्स मीट का सफल आयोजन हुआ। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बजट 2025-26 के प्रभावों पर व्यापारियों के साथ संवाद स्थापित करना, व्यापार क्षेत्र में सुधार व व्यापारी हितों से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा एमएसएमई राज्य मंत्री श्रीमती शोभा करंदलाजे व राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने शिरकत की। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा बोर्ड के सदस्य प्रकाश पिरगल ने व्यापारिक समुदाय का प्रतिनिधित्व किया। पिरगल ने सभी अतिथियों और व्यापारियों का स्वागत किया व व्यापारिक समुदाय की समस्याओं को विस्तार से रखा। उन्होंने लेबर एक्ट, ट्रेड लाइसेंस, वेट एंड मेजरमेंट एक्ट जैसी नीतियों से व्यापारियों को होने वाली परेशानियों पर प्रकाश डाला और इनके समाधान के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील की।

इस अवसर पर श्रीमती शोभा करंदलाजे ने कहा,

सरकार छोटे और मध्यम व्यापारियों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर तथा व्यापार जगत को सशक्त करने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की जा रही हैं। व्यापारियों को चाहिए कि वे उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुओं का उत्पादन कर निर्यात को बढ़ावा दें, जिससे भारतीय व्यापार वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने सरकार की नीतियों और व्यापारी कल्याण बोर्ड द्वारा किए जा रहे प्रयासों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि

व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार तत्पर है। बजट 2025-26 में व्यापारिक क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कई प्रगतिशील कदम उठाए गए हैं। व्यापारी समुदाय को सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। सिंघी द्वारा पीएम मोदी की पहल पर इस वर्ष से इनकम टैक्स लिमिट पांच लाख से बढ़ाकर बारह लाख करने की बात पर उपस्थितजनों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया। बैठक में व्यापारियों ने अनेक प्रमुख सुझाव तथा माँगें भी रखीं। जीएसटी सरलीकरण के तहत व्यापारियों ने जीएसटी प्रक्रिया को सरल बनाने और छोटे व्यापारियों को राहत देने की माँग की। साथ ही व्यापारियों ने अनुरोध किया कि ऑनलाइन व्यापार को सुगम और किफायती बनाया जाए। व्यापारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा और पेंशन योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने की भी माँग उठाई गई। पिरगल ने बताया कि सरकार से अनुरोध किया गया कि भारतीय वस्त्र उद्योग और अन्य व्यापारिक क्षेत्रों को निर्यात में बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएँ लाई जाएँ। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रकाश पिरगल ने बैठक के समापन से पहले कहा कि व्यापारी समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। सरकार और व्यापारियों के बीच सीधा संवाद ही व्यापारिक नीतियों को अधिक मजबूत बनाएगा और इससे व्यापार का समग्र विकास संभव होगा। बकौल पिरगल, हम चाहते हैं कि व्यापारियों को सुगम व्यापारिक वातावरण मिले, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और देश की आर्थिक प्रगति में योगदान दें। इस कार्यक्रम का संचालन सचिव योगेश सेठ ने किया। उन्होंने कहा कि यह बैठक व्यापारिक समुदाय और सरकारी नीतिङ्गनिर्माताओं के बीच सहयोग को और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। सफलता पूर्वक संपन्न हुए कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष नरेश मुथा, सह सचिव मनोज जैन ने सभी अतिथियों, व्यापारियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

महिला सरपंच सुप्रियो गजेंद्र चौहान ने बनाया ग्वालियर जिले का बढ़ाया मान दिल्ली में हुई सम्मानित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
अशोक कुमार

ग्वालियर- नई दिल्ली में विज्ञान भवन में भारत सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से महिला दिवस के उपलक्ष्य में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे भारत वर्ष से प्रत्येक जिले से नामांकित 1 महिला जनप्रतिनिधि सरपंच को जिन्होंने महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है, उसको दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया, उक्त कार्यक्रम में ग्वालियर जिले से घाटीगांव विकासखंड की ग्राम पंचायत सिमरिया टाँका की महिला सरपंच श्रीमती सुप्रियो गजेन्द्र चौहान को सम्मानित किया गया दिल्ली में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में

सम्मानित प्राप्त करने के बाद उनके इष्ट मित्रों के द्वारा उनको बधाइयां प्रेषित कर उनके उज्जवल उसकी कामना की एवं उनसे आशा की है कि उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों से उनके उनके ग्राम टांका सिमरिया को विकास की नहीं रहा मिलेगी उन्होंने भी सभी को भरोसा जताया है कि उनके द्वारा किए गए कार्यों के माध्यम से सभी के साथ चलकर विकास करेंगी

राजघाट जल विद्युत गृह ने लगातार तीन वर्ष 100 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन कर रिकार्ड बनाया

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

भोपाल- 4 मार्च मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के 45 मेगावाट क्षमता के राजघाट जल विद्युत गृह ने 26 वर्ष के इतिहास में प्रथम बार लगातार तीन वर्ष 100 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर रिकार्ड बनाया है। राजघाट जल विद्युत गृह ने वर्ष 2022-23 में 125.6 मिलियन यूनिट, वर्ष 2023-24 में 104.55 मिलियन यूनिट और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में 101 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों की कुल स्थापित क्षमता 915 मेगावाट है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने राजघाट जल विद्युत गृह के समस्त अभियंताओं व कार्मिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

सर्वाधिक 142 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन दर्ज : राजघाट जल विद्युत गृह अशोक नगर में बेतवा नदी पर स्थि?त है। इसकी प्रथम यूनिट 15 अक्टूबर 1999, द्वितीय यूनिट 29 सितंबर 1999 और तृतीय यूनिट 3 नवम्बर 1999 को स्थापित हुई थी। इस विद्युत गृह में उत्पादित होने वाली बिजली में मध्यप्रदेश का अंश लगभग 60 फीसदी है और शेष बिजली उत्तर प्रदेश को प्रदाय होती है। राजघाट जल विद्युत उत्पादन ने 26 वर्ष के इतिहास में वर्ष 2005-06 में सर्वाधिक 142 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया था।

भाजपा सरकार के सांसद मंत्री सोए हैं कुंभ करनी नींद उनको जगाने के लिए निकाली जा रही है समाधान पदयात्रा: भूपेंद्र करना

अशोक सोनी -/-देनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर-/- जन मानस के हितों को ध्यान में रखकर निकाली जा रही है समाधान पदयात्रा के छठवें दिन ग्वालियर में प्रवेश हुई समाधान पदयात्रा 28 फरवरी 2025 को चंबल पुल से प्रारंभ होकर 110 किलोमीटर का सफर तय कर चुकी है और गोले के मंदिर पर पहुंची यहां पर नुक्कड़ सभा के माध्यम से सभी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी भूपेंद्र करना के द्वारा कहा गया कि नेशनल हाईवे 719 भिंड इटावा मार्ग पर आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं जिससे कई परिवारों के लाल काल के गाल में समा गए हैं उन परिवारों को आज रोजी-रोटी से लेकर कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है अगर आज हमने सबक नहीं लिया तोहम कभी भी नहीं लेंगे वैसे तो भाजपा सरकार की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी छोटे से छोटा कर यूं ही कर देते हैं मगर उनका है हमारा भिंड इटावा मार्ग तो दिखाता ही नहीं है क्योंकि यहां के जनप्रतिनिधि सांसद संध्या राय ये अन्य जनप्रतिनिधि कुंभकरण की नींद सोए हुए हमारे द्वारा उनको जगाने का कार्य किया जा रहा है और भिंड नेशनल हाईवे को सिक्स लाइन करने के लिए निरंतर संघर्ष जारी है अभी तक हमारे द्वारा निरंतर यह प्रयास किया जा रहे हैं भिंड इटावा मार्ग पर आज तक जाने कितने लोगों की अकाल मृत्यु हो गई है ईश्वर उन सभी की आत्मा को शांति प्रदान करें और भाजपा नेताओं को भी सद्बुद्धि प्रदान करें कि इस मार्ग को सिक्स लाइन बनाएं परंतु देखने में आ रहा है कि भाजपा सरकार के मंत्री सांसद अपने पद की गरिमा को भूलकर वाह वाही लूटने में मस्त है और जनहितैषी कार्य करना ही भूल गए हैं आज समाधान पदयात्रा का छठवें दिन ग्वालियर में प्रवेश कर गोले के मंदिर पर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया और सभी लोगों से आग्रह किया कि जब तक यह पदयात्रा दिल्ली पहुंचकर नेशनल हाईवे को मंजूर कराकर दम लेगी इसके लिए आप सभी जनमानष का सहयोग मिलता है रहा है और मिलता रहे ऐसी में आशा करता हूं

समाधान पदयात्रा ग्वालियर पहुंचने पर हुआ स्वागत

अवैध तरीके से चल रहे अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिलने पर जानकारी करने गए स्थानीय पत्रकार को दबंग ठेकेदार ने गाली गलौज कर दी जान से मारने की धमकी

पत्रकार ने स्थानीय मालनपुर थाने में दबंग ठेकेदार के खिलाफ दिया आवेदन

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान



मालनपुर क्षेत्र में अवैध मिट्टी का कारोबार जोरों पर चल रहा है। जिसको लेकर स्थानीय पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर कई बार खबरें प्रकाशित की हैं। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती। ऐसे ही आज सुबह स्थानीय पत्रकार लाल जी भदोरिया को जानकारी मिली कि पारस कंपनी के पीछे अवैध तरीके से जेसीबी एवं ट्रैक्टर ट्रॉलियों द्वारा सरकारी जमीन से मिट्टी खोदी दी जा रही है, तो पत्रकार लालजी भदोरिया ने तुरंत ही तहसीलदार गोहद्र राकेश श्रीवास्तव एवं संजय शर्मा पटवारी मालनपुर को सूचना दी और पत्रकार तहसीलदार पटवारीके साथ मौके पर पहुंचे और काम बंद करने को कहा। तो तभी वहां दबंग ठेकेदार कल्ला गुर्जर पुत्र मछंदर सिंह जिसकी जेसीबी और ट्रैक्टर का अवैध कार्य चल रहा था पहुंच गया और पत्रकार लाल जी भदोरिया को मोबाइल बंद करने की कहते हुए सभी के सामने पत्रकार को गालियां देने लगा और जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद तहसीलदार से ठेकेदार की बात हुई बात करते ही तहसीलदार पत्रकार को मौके पर छोड़ रफू चक्कर हो गए और दबंग ठेकेदार मुझे गंदी-गंदी गालियां दे रहा था जैसे तैसे मैं वहां से निकला और मालनपुर थाने पहुंचकर मैंने आवेदन दिया। आवेदन देने के बाद थाने से निकलने पर कल्ला गुर्जर अपने ऑफिस के बाहर 20 से 25 आदमी लेकर मेरी गाड़ी के सामने रोड पर ट्रैक्टर तिरछा लगाकर मुझे रोकने एवं मारने के लिए झड़पे पर तभी मैं जैसे तैसे वहां से बचकर अपनी जान बचाई और घर पहुंचा। लेकिन मेरे आवेदन पर अभी तक पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

राकेश श्रीवास्तव
तहसीलदार गोहद

मैं पत्रकार और पटवारी मौके पर पहुंचे जिस प्रकार ठेकेदार ने बदतमीजी कर गली गलौच की र उसके लिए मैंने उसको डांटा के तु कैसे बोल रहा है इस तरीके से बात नहीं करनी चाहिए। अधिकारी एवं पत्रकारों से फिर में वहां से चला आया।

प्रदीप कुमार सोनी मालनपुर
थाना प्रभारी

आवेदन आ चुका है दोनों पार्टियों का जांच कर कार्रवाई करेंगे

अपनी मांगों को लेकर ओबीसी महासभा का भोपाल में धरना आज : विपिन यादव

भोपाल के अम्बेडकर पार्क में 4 मार्च को होगा धरना प्रदर्शन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

म.प्र में 27 ब्र आरक्षण पूर्ण रूप से बहाल करने की मांग को लेकर म.प्र सरकार उदासीन बनी हुई व उसे पूर्ण से लागू करने में हिचक रही है जब हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि हमारी और से कोई रोक नही है उसके बावजूद भी राज्य की सरकार ओबीसी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर आंख कान बंद कर बैठी है ओबीसी महासभा सम्पूर्ण देश व प्रदेश में ओबीसी वर्ग को मिलने वाले संवैधानिक हक अधिकार को दिलाने के लिए संकल्पित है ओबीसी महासभा के भिंड जिला अध्यक्ष विपिन यादव ,(ग्राम पंचायत मैहरा सरपंच) ने बताया कि विगत दिनों पूर्व भी ओबीसी महासभा ने आरक्षण सम्बन्धी अपनी मांग को भोपाल में सांकेतिक रूप से धरना दिया था व उसके उपरांत 14 फरबरी को प्रदेश के हर जिले में 27 ब्र आरक्षण में लगें होल्ड को हटाकर पूर्ण रूप से लागू व देश मे जातिवार गड़ना की मांग ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार तक पहुचाई थी । लेकिन सरकार का रवैया इस मामले में

भेदभावपूर्ण बना हुआ है एक और सरकारे देश की 55ब्र आबादी वाले ओबीसी वर्ग के हितैषी होने का दावा करती वही दूसरी और इस महत्वपूर्ण मामले में सरकार का रवैया अनुचित है। ओबीसी वर्ग के अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवम उनकी टीम हाईकोर्ट में लड़ रही है कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि 13 ब्र होल्ड पर स्टे हमारी और से नही दिया है यह पूर्ण रूप से राज्य सरकार का मामला है इस तरह राज्य सरकार द्वारा 13 ब्र होल्ड करके हमारे अधिकारों को रोककर रखा गया है इसलिए ओबीसी महासभा राज्य सरकार के बिरुद्ध बड़ा आंदोलन करने जा रही है। राज्य सरकार की 41से अधिक भर्ती परीक्षा के रिजल्ट मप्र सरकार के द्वारा होल्ड किये गए है जिनमे 2018 में वर्ग एक मे 911 पद एवम 2023 में 504 पद एवम 2018 वर्ग दो में 573 पद 2020 वर्ग तीन में 882 पद सहित पुलिस भर्ती में लगभग 6500 से अधिक पदों सहित कई शासकीय सेवाओ में होल्ड पर रखे गए है जो कि इस वर्ग के मिलने वाले संवैधानिक हकों पर तुषाराघात है इस वजह से इन युवाओं का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है उनके हक और अधिकार की आवाज को ओबीसी महासभा मजबूती के साथ उठाने के साथ उनको न्याय दिलाने का काम करेगी।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किला अंबाह का रासेयो शिविर प्राथमिक विद्यालय तोर कुंभ में आयोजित

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

अम्बाह। दिनांक 4 मार्च 2025 को भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय के अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किला अंबाह की रासेयो इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिवर दिनांक 4 मार्च 2025 से 10 मार्च 2025 तक शासकीय प्राथमिक विद्यालय तोर कुंभ तहसील पोरसा मेंआयोजित किया जा रहा है जिसकी मुख्यथीम मेरा युवा भारत विकसित भारत के लिए युवा डिजिटल साक्षरता हेतु युवा के साथ-साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम मताधिकार जागरूकता कार्यक्रम नशा निषैध पर्यावरण संरक्षण सांस्कृतिक पुनरुत्थान महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें समस्त ग्राम वासियों को जन जागरण के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की अनेकानेक योजनाओ की जानकारी से अवगत कराया जाएगा वर्तमान में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किला अंबाह की रासेयो इकाइयों का कक्षा ग्यारहवीं का छात्र कृष्णा शर्मा राज्य स्तरीय शिविर अमरकंटक में माननीय उच्च शिक्षा मंत्री के साथ सहभागिता कर रहा है तोर कुंभ शिविर में एक सैकड़ा रासेयो शिवरार्थी सहभागिता करेंगे।

सेना के हित व सिविल एरिया के लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर विलय का प्लान बनाएँ

छावनी क्षेत्र मुरार के सिविल एरिया को नगर निगम में शामिल करने को लेकर सांसद भारत कुशवाह ने ली बैठक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, 9009601101

ग्वालियर। छावनी क्षेत्र में सेना के हित सुरक्षित रहें, साथ ही यहाँ के सिविल एरिया में निवासरत नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधायें मिलने का मार्ग प्रशस्त हो। इस बात को ध्यान में रखकर छावनी क्षेत्र के सिविल एरिया को नगर निगम में शामिल करने के प्रस्ताव को आगे बढ़ाएं। यह बात सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने सोमवार को सेना के वरिष्ठ अधिकारियों, जिला प्रशासन, नगर निगम व छावनी बोर्ड के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कही। मुरार छावनी में आयोजित हुई इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजपूत, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, छावनी क्षेत्र मुरार के स्टेशन कमाण्डर ब्रिगेडियर श्री डी बी सिंह व कर्नल श्री अमित शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, छावनी बोर्ड के सीईओ श्री आकाश शर्मा, अपर आयुक्त नगर निगम श्री विजय राज व एसडीएम श्री अशोक चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि राज्य शासन एवं भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय स्तर पर छावनी क्षेत्र मुरार के सिविल एरिया को ग्वालियर नगर निगम में शामिल करने के संबंध में उनकी ओर से पुरजोर प्रयास किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि नगर निगम में शामिल होने के बाद मुरार छावनी क्षेत्र के सिविल एरिया के निवासियों को प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वरोजगार के लिये आर्थिक मदद, मकान बनाने के लिये बैंको से लोन एवं सरकार की तमाम जनकल्याणकारी व विकास योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। साथ ही यहाँ की बस्तियों में सीवर, पेयजल व स्ट्रीट लाइट समेत तमाम बुनियादी सुविधाओं का भी विस्तार होगा। यहाँ के निवासियों को भवन निर्माण की अनुमति भी आसानी से मिलने लगेगी। छावनी क्षेत्र के सिविल एरिया को ग्वालियर नगर निगम में शामिल करने से संबंधित सेना व नगर निगम की अपेक्षाओं को बैठक में साझा किया गया। ब्रिगेडियर श्री डी बी सिंह ने बैठक में जानकारी दी कि सेना द्वारा छावनी क्षेत्र के सिविल एरिया को नगर निगम में शामिल करने से संबंधित सेना की अपेक्षाओं के साथ शासन को प्रस्ताव भेज दिया गया है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि सिविल एरिया के विलय संबंधी कार्य में जिला प्रशासन से पूरा सहयोग मिलेगा।

ओबीसी वर्ग का अनिश्चित कालीन धरना आज से

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

अंबाह। ओबीसी महासभा की और आज से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार, सदस्य ब्रजेश राठौर ने बताया की मध्यप्रदेश विधानसभा द्वारा ओबीसी वर्ग को 27ब्र आरक्षण के साथ सभी भर्तियो मे 100ब्र परिणाम देने का कानून मध्यप्रदेश मे है। जबकि शासन सभी वर्गों की भर्तियो के साथ ओबीसी वर्ग की केवल 14ब्र के साथ भर्तिया कर रहा तथा शेष 13ब्र का परीक्षा परिणाम होल्ड कर रहा है।। तथा रुल बुक मे 13ब्र को उच्च न्यायालय के अधिन बता रहा है।। जबकि उच्च न्यायालय 28 जनवरी को मध्यप्रदेश सरकार को लिखित मे आदेश दे चुका है की ओबीसी वर्ग के 27ब्र आरक्षण पर कोई रोक नही है। सुप्रीम कोर्ट भी मध्यप्रदेश सरकार को कह चुका है की 27ब्रओबीसी आरक्षण के कानून पर कोई रोक नही है।

टम टम गाड़ियां आम जनता को कर रही है परेशान, हर गली में लगा देते हैं जाम, पुलिस प्रशासन नहीं देता ध्यान, लोग होते हैं परेशान

हाकर ज़ोन न होने के कारण हथ ठेला बीच सड़क पर डिवाइडर पर लगाते हैं यातायात प्रभावित

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर

पोरसा। शहर पोरसा की स्थिति दिनोंदिन दयनी होती जा रही है टम टम गाड़ियां चलाने वाले मनमर्जी से जगह-जगह पर गाड़ियां आडी वेणी लगाकर खड़े हो जाते हैं ,, जिससे ट्रैफिक बाधित होता है, शहर की छोटी छोटी गलियों में भी टमटम गाड़ी वाले रास्ता जाम कर देते हैं जिससे हर आम नागरिक को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर के अंदर होकर जॉन ना होने के कारण हथ ठेला वाले डिवाइडर पर लगाते हैं जिससे भी यातायात प्रभावित होता है। शहर की मुख्य सड़क मुरैना से मेहगांव वाली जिस पर पूर्व में डिवाइडर बना था, रोड के चौड़ीकरण के चलते डिवाइडर खत्म हो गया ,जिसे आज तक नहीं बनाया गया, इस डिवाइडर के ना बनने से डिवाइडर वाली जगह पर टम टम गाड़ी वाले अपनी अपनी गाड़ियों को खड़ा करके बीच सड़क पर अपनी गाड़ियों को बिजली से चार्ज करते नजर आते हैं, जिस पर ना तो पुलिस विभाग ने कोई कार्रवाई की, आज तक नहीं बिजली विभाग ने कोई कार्यवाही की, शहर पोरसा की यातायात व्यवस्था टम टम गाड़ी वाले खराब कर रहे हैं ,टम टम गाड़ी वालों पर किसी विभाग का कोई अंकुश नहीं है ,सब्जी मंडी में छोटी छोटी गलियों में टम टम गाड़ी वाले अपनी गाड़ी फंसा देते हैं, लोग एक 1 घंटे तक पैदल निकलने के लिए भी परेशान हो जाते हैं, मुख्य मार्ग में साधु सिंह चौराहा, बरगद चौराहा ,अग्रसेन चौक, एवं सदर बाजार में पल पल पर जाम लगता है जिस पर कार्यवाही करने की मांग स्थानीय जनता ने की है,, होकर जॉन शहर में बनाने की मांग भी की गई है जिसे हाथ ठेला वाले अपना ठेला लगा सके डिवाइडर खाली हो सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अवधेश सिंह सेंगर का कहना है कि शहर के अंदर कोई सरकारी जगह न होने के कारण होकर जॉन नहीं बन पा रहा है हमने जिलाधीश महोदय को जगह उपलब्ध कराने के लिए लिख दिया है जगह मिल जाएगी तो होकर जॉन बनवा दिया जाएगा,,,, टमटम गाड़ियां बिना रजिस्ट्रेशन के बिना ड्राइविंग लाइसेंस की चला रहे हैं इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है यातायात विभाग का राजस्व का नुकसान हो रहा है शासन का कोई भी कर्मचारी इस ओर ध्यान देने में असमर्थ नजर आ रहा है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड-12 में किया विकास कार्यों का भूमि पूजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, अशोक सोनी

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के वार्ड 12 में 93 लाख 37 हजार रूपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया और कहा कि उपनगर ग्वालियर निरंतर विकास की तरफ बढ़ रहा है। प्रत्येक वार्डों में विकास कार्य तेजी के साथ कराए जा रहे हैं और जहां भी कार्यों की आवश्यकता है प्राथमिकता के साथ कराए जाएगें, विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 12 में 10 लाख 86 हजार रूपये की लागत से रसूलाबाद केला देवी मंदिर के पास सीसी रोड निर्माण, 17 लाख 30 हजार रूपये की लागत से रसूलाबाद लाइन नंबर 13 के पीछे नाला रिनोवेशन कार्य, 17 लाख 58 हजार रूपये की लागत से लाइन नंबर 14 में बाउंड्री वॉल एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य, 9 लाख 04 हजार रूपये की लागत से पातालीं हनुमान के पास बालक दास वाली गली में सीसी रोड निर्माण कार्य, 13 लाख 92 हजार रूपये की लागत से सुभाष नगर में नई बाउंड्री वॉल सीसी रोड निर्माण कार्य, 6 लाख 33 हजार रूपये की लागत से सुभाष नगर तिकोनिया पार्क के कार्य एवं नाली मरम्मत कार्य, 8 लाख 52 हजार रूपये की लागत से रसूलाबाद श्याम मंदिर इंटक मैदान सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में ग्वालियर की तस्वीर बदल रही है। पटेल विद्यालय सीएम राइज स्कूल का कार्य प्रगतिरत है शीघ्र ही विद्यालय का नवीन परिसर बनकर तैयार हो जाएगा। इसके साथ ही सिविल अस्पताल हजीरा का लगभग 1500 से अधिक मरीज प्रतिदिन लाभ ले रहे हैं। बिरला नगर प्रसूतिगृह का नवीन भवन भव्य बनाया गया है। विभिन्न वार्डों में संजीवनी क्लीनिक के माध्यम से बडी संख्या में मरीजों को लाभ मिल रहा है। साथ ही कहा कि शहर कि विभिन्न पार्कों एवं खेल मैदानों में ओपन जिम लगाई जा रही हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती मीरा मानसिंह राजपूत सहित श्री बृजमोहन शर्मा , श्री साहब सिंह तोमर, श्री शीतल अग्रवाल, श्री इंद्रपाल सिंह जनवार, श्री राकेश राजपूत, श्री रामअवतार बैस सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भितरवार में हर रोज कर्मचारी नहीं आते निमित्त टाइम पर

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी

शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भितरवार में आज इंजेक्शन रूम में नहीं उपस्थित ड्यूटी कर्मचारी टाइम 11ः00 बजे तक कोई भी कर्मचारी इंजेक्शन रूम में ड्यूटी करने नहीं आया जिसके कारण मरीज को बहुत समस्याओं सामना करना पड़ता ऐसा ही मामला आज सामने आया इंजेक्शन रूम में कोई कर्मचारी ना होने के कारण मरीज इंजेक्शन लगवाने डिलीवरी रूम में पहुंचा तो डिलीवरी रूम की सिस्टर ने बोला की इधर नहीं लगेगा इंजेक्शन मुझे किसी ने बोला नहीं है कि मैं इधर इंजेक्शन लगाऊं जबकि इंजेक्शन रूम में इंजेक्शन लगते हैं और डिलीवरी रूम में भी इंजेक्शन लगाये जाते है इसके बावजूद भी डिलीवरी रूम में उपस्थित सिस्टर ने इंजेक्शन लगाने से मना किया इस तरह की अस्पताल में लापरवाहियां बढ़ती जा रही है इसी तरह मरीजों को हर रोज बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है कोई मरीज बुजर्क है कोई मरीज बीमारी के कारण चलने लायक भी नहीं है तो भी उसे इधर से उधर उधर से इधर घुमाया जाता है शासकीय अस्पताल भितरवार में अधिकारी एवं कर्मचारी दिनों दिन लापरवाहियां बरत रहे है इंजेक्शन लगाने वाली सिस्टर किसी मरीज से तरीके से बात नहीं करती हैं इनका कहना है कि इंजेक्शन रूम में आज ड्यूटी करने वाले कर्मचारी के घर पर कोई एक्सपायर हो गया है जिसके कारण इंजेक्शन रूम में ड्यूटी करने वाला नहीं आया बी एम ओ डॉ निधि शाक्य

गौमाता की सेवा के लिए कृष्ण ने लिया था अवतार, गौसेवा से नर हो जाता भवसागर पार-मोहनानंद सरस्वती

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आयोजित श्री शिवपुराण कथा में कथा वाचक पूज्य राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर डॉ मोहनानंद सरस्वती ने बताया कि कलयुग में मुक्ती मोक्ष प्राप्त कर आत्म कल्याण करने का सहज साधन गौसेवा है गौमाता की सेवा करने वाले को यज्ञ,भागवत, तीर्थ दर्शन आदि शास्त्रो में वर्णित सभी धर्म अनुष्ठानों,तप, साधनाओं,का पुण्य फल प्राप्त हो जाता है श्रद्धा भाव से गौसेवा करने वाले पर सर्व देवी देवताओं की कृपा बरसती है,गौसेवक को कोई अनिष्टकारी शक्ति नुकसान नहीं पहुंचा सकती ग्रह दोष का दुष्प्रभाव नष्ट हो जाता है,दुसरी ओर दु:खी गौमाता की अंनदेखी करने वाले एवं पालतू गाय को घर से निकाल कर बेसहारा छोड़ने वाले व्यक्ति के द्वारा किए गए सभी धर्म कार्य निष्फल चले जाते हैं ओर यदि घर से छोडी गई गाय भुख प्यास विमारी दुर्घटना से मरती है तो गौहत्या का महापाप उक्त गौपालक को लगता है,जो उसके एवं उसके परिवार पर कहर बनकर टुटता है दुख और कष्ट देता है। यहां वता दे आचार्य महामंडलेश्वर डॉ मोहनानंद सरस्वती द्वारा सुनाई जा रही संगीतमयी शिव पुराण कथा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी पहुंच रहे हैं कथा श्रवण कर पुन्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

आईपीएस उर्वशी सेंगर ने जनपद अध्यक्ष की गाड़ी का किया चालान, 1000 जुर्माना भरा गया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से पुष्पेन्द्र तोमर

पोरसा। शहर पोरसा में तैनात आईपीएस उर्वशी सेंगर, जो नगर निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए जनपद अध्यक्ष की गाड़ी का चालान किया। यह घटना तब घटी जब उर्वशी सेंगर थाने के गेट के पास वाहन चेकिंग कर रही थीं। इस दौरान, जनपद अध्यक्ष की गाड़ी पर हूटर लगे होने की जानकारी मिली। आईपीएस उर्वशी सेंगर ने तुरंत गाड़ी से हूटर उतरवाने का आदेश दिया और इसके बाद गाड़ी का ?1000 का चालान किया गया। जनपद अध्यक्ष के पति देवेश सिंह तोमर ने बिना किसी विरोध के चालान का भुगतान किया और अपनी गाड़ी को छुड़वाया। आज की इस कार्रवाई के दौरान, कई अन्य गाड़ियों का भी चालान किया गया। साथ ही, वाहन चालकों को गाड़ी चलाने के नियमों और कायदे-कानून के बारे में भी समझाया गया। आईपीएस उर्वशी सेंगर ने यह स्पष्ट किया कि नियमों का पालन करना सभी के लिए जरूरी है और इस तरह की कार्रवाई से वाहन चालकों को सही मार्गदर्शन मिलेगा। इस घटना ने यह भी दिखाया कि कानून का पालन किसी भी व्यक्ति, चाहे वह पद पर हो या सामान्य नागरिक, के लिए अनिवार्य है।

कर्मचारी संघ ने नवागत कुलगुरू का किया स्वागत

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान, 9009601101

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलगुरू डॉ.राजकुमार आचार्य के कार्यभार ग्रहण पर जीवाजी विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ ने कुलगुरू का स्वागत किया। सभी कर्मचारी टीम भावना के साथ काम करें और विश्वविद्यालय की प्रगति में अपना सहयोग प्रदान करें। बिना कर्मचारी के सहयोग के कोई भी संस्थान प्रगति नहीं कर सकता है। कर्मचारियों के सहयोग से ही किसी संस्थान का विकास संभव है। कर्मचारियों के हित के लिए संस्थान हमेशा तैयार रहेगा।उक्त बातें नवागत कुलगुरू डॉ.राजकुमार आचार्य ने जेयू के गालव सभागार में कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कही। कर्मचारी संघ के नेता राकेश सिंह गुर्जर, अरविंद सिंह भदौरिया,संजय सिंह भदौरिया,लोकेश चतुर्वेदी, तहसीलदार सिंह, अतुल पांडे सहित अन्य कर्मचारियों ने कुलगुरू को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।इस मौके पर कुलसचिव अरूण सिंह चौहान,प्रो. जेएन गौतम,डॉ डी एन गोस्वामी, डॉ विवेक बापट,डॉ विमलेन्द्र सिंह राठौर,डॉ. नवनीत गरूड़, विश्वारंजन गुप्ता, अरविन्द भदौरिया,सहित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह भदौरिया ने किया। संघ के कर्मचारी नेता राकेश सिंह ने वर्तमान कुलगुरू से कहा कि विश्वविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास में तथा छात्र एवं शिक्षा के हित में संगठन सदैव आपके सहयोग में तत्पर रहेगा।

संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर जेमर्स एवं सीसीटीवी निरीक्षण कर लगाना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

मुरैना। सभी एसडीएम ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत रात्रि 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर सख्त कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। ऐसे कोई भी नियम के विरुद्ध पकड़े गये लाउड स्पीकर या डीजे पर तुरंत जब्त करने की कार्यवाही करें।सभी केन्द्राध्यक्ष संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की रिपोर्टिंग करना सुनिश्चित करें एवं सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी एवं जेमर्स लगे होना चाहिये यह सुनिश्चित करें।अधिकारी लंबित सीएम हेल्पलाइन की 80 प्रतिशत शिकायते संतुष्टिपूर्वक एवं 50 दिवस के उपर की लंबित शिकायतों का 50 प्रतिशत संतुष्टिपूर्वक बंद करवाना सुनिश्चित करें।यह निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने टाइम लिमिट की बैठक में सोमवार को समस्त अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, नगर निगम कमिश्नर श्री सतेन्द्र धाकड़, समस्त एसडीएम एवं समस्त विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम से ब्रिस्क वसूली के बारे में जानकारी लेते हुए पाया कि मुरैना ग्रामीण में वसूली लक्ष्य से कम पाई गई।उन्होंने 14 मार्च तक वसूली के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने खसरा, समग्र, ईकेवायसी की रिपोर्ट की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को लंबित लक्ष्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भू-अभिलेख नियमित रूप से अपडेट करना सुनिश्चित करें। ई-गिरदावरी स्थिति की समीक्षा करते हुये अंबाह तहसील की प्रगति 52.89 प्रतिशत एवं मुरैना नगर की प्रगति 53.47 प्रतिशत पाई गई, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये उन्होंने मुरैना एवं अंबाह तहसीलदार को कार्य में लापरवाही करने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने पिछड़ा वर्गों की छात्रवृत्ति एवं डीओ ट्राइबल से अपात्र छात्रवृत्ति प्रकरण के बारे में जानकारी ली। साथ ही आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत प्रगति 90 प्रतिशत जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके बाद कलेक्टर ने भू-अर्जन एवं एनएच 552 के लिये प्रस्तावित भूमि विवरण की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने पाया कि एनएच 552 के तहत 372 भू-अर्जन के मामलें लंबित हैं। उन्होंने इसे जल्दी ही पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने ई-श्रम पंजीयन एवं अनुग्रह पोर्टल की जानकारी ली जिसमें उन्होंने पाया कि 812 में से 194 प्रकरण लंबित है। उन्होंने लेबर ऑफीसर को निर्देश दिये कि ईंट भट्टों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। जिनका पंजीयन नहीं हुआ है एवं जहां पर नियमानुसार मजदूर नहीं है उन ईंट भट्टों पर सख्त कार्यवाही की जाये।उन्होंने उपसंचालक कृषि एवं मार्कफेड डीएमओ से खाद की पूर्ति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विभागीय नर्सरी को पुन:स्थापन के लिये संचालक उद्यानिकी को नर्सरी की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने माइनिंग ऑफीसर को माइनिंग से संबंधित प्रकरणों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सभी परीक्षा केन्द्रों पर जेमर्स न लगे होने के कारण जिला शिक्षा अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सभी 53 परीक्षा केन्द्रों पर जेमर्स लगे होने के निर्देश एवं कार्य त्वरित न होने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

शांति समिति की बैठक सम्पन्न

शांतिपूर्ण एवं सद्भावपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाएं : अपर कलेक्टर श्री राज

सीधी। माह मार्च एवं अप्रैल में होने वाले त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए अपर कलेक्टर अंशुमन राज तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा शांति समिति के सदस्यों के माध्यम से जिलेवासियों से 14 मार्च को होली, 30 मार्च को झूलेलाल जयंती, 31 मार्च को ईद-उल-फितर, 06 अप्रैल को रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयंती तथा 14 अप्रैल को डॉ अम्बेडकर जयंती का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सद्भावपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की अपील की है। जिले में बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत छात्रों के हित में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की गई।

होलिका दहन एवं होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति, यातायात, गोताखोर, साफ-सफाई तथा सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर ने कहा कि होलिका दहन के लिए स्थल का चयन करते समय फायर सेफ्टी को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। बिजली के तारों के नीचे एवं सड़कों पर होलिका दहन नहीं करें। आग लगने की संभावनाओं के दृष्टिगत आग बुझाने के भी समुचित प्रबंध रखें। जिले के सभी फायर ब्रिगेड को तैयार रखें। विद्युत विभाग के अधिकारियों को होलिका दहन के दिन कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। अपर कलेक्टर ने होली के दिन उपद्रव करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मदिरा एवं अन्य नशीले पदार्थों के अवैध बिक्री पर कड़ाई से रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल परिसर में रंग कार्यक्रम को पूर्णत: प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर कलेक्टर ने संबंधित

विभागों को संयुक्त दल बनाकर जिले के सभी दुकानों के मिठाई के सैंपल लेने के निर्देश दिए गए हैं। अपर कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि मिलावटी खाद्य सामग्रियों के बिक्री करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। दूषित खाद्य सामग्रियों के विनिष्टीकरण की प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होने आपातकालीन व्यवस्थाओं को किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैनात रहने के निर्देश दिए हैं।

त्यौहारों के दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी :-

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि त्यौहारों के दौरान पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। पुलिस असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखेगी। यातायात की सुचारू व्यवस्था बनाए रखी जाएगी। जिन स्थानों पर होलिका दहन हो रहा है वे सभी स्थान पुलिस की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा कि नवयुवक तेज रफ्तार में टोलियां बनाकर ओवर लोडिंग कर मोटर साईकिल चलाते है ऐसे में दुर्घटना का अंदेशा रहता है और खुशी का त्यौहार गम में बदल जाता है। पुलिस इस पर नियंत्रण करेगी। इसी प्रकार नशा करके वाहन चलाने वालों पर कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया में भ्रामक खबरों को पोस्ट न करें इस पर पुलिस प्रशासन कड़ी निगरानी रख रही है। भ्रामक पोस्ट करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। बैठक में झूलेलाल जयंती, ईद-उल-फितर, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, महावीर जयंती एवं डॉ अम्बेडकर जयंती के त्यौहार को गरिमामय ढंग से एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, यातायात सुरक्षा, विद्युत आपूर्ति, पेयजल आपूर्ति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा जिलेवासियों से होली के त्यौहार के दौरान हरे-भरे पेड़ पौधों को नहीं काटने, होलिका दहन कम से कम स्थानों पर करने तथा होली के त्यौहार में शुष्क एवं प्राकृतिक रंगों व गुलाल का उपयोग करने की अपील की गई। इसके साथ ही यह अपेक्षा की गई है कि समस्त निवासी अन्य केमिकल रंग व पेस्ट आदि का प्रयोग न करें एवं किसी पर जबरदस्ती रंग, गुलाल न डालें। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित सभी सदस्यों ने जिले के समस्त निवासियों को आगामी त्यौहारों की अग्रिम शुभकामनाएँ दी है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दिखाई लोक अदालत के प्रचार रथ को हरी झंडी

सीधी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर सीधी एवं तहसील मुख्यालय चुरहट, मझौली तथा रामपुर नैकिन में दिनांक 08 मार्च 2025 को वर्ष 2025 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश ने नेशनल लोक अदालत के समुचित प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 04.03.2025 को प्रचार रथ को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ तथा पंप्लेट्स वितरण के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जावेगा। उक्त कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश श्री यतीन्द्र कुमार गुरू, चतुर्थ जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे,

प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश कुमार शिवहरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री अभिषक साहू, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, श्री रामबहोर पटेल विद्युत विभाग, नगर पालिका के कर्मचारीगण सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की जानकारी देते हुए कहा कि समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया जा रहा है जिससे प्रकरण पूरी तरह समाप्त हो जाता है और सभी पक्षकारों की जीत होती है। नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण सर्वोत्तम तरीका है जिससे समय एवं धन की क्षति रूकती है और मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी ने मध्यस्थता प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रक्रिया के अंतर्गत न्यायालय के बाहर आपसी समझौता होता है जिसे वापस न्यायालय में प्रेषित किया जाता है, तद्नुसार न्यायालय द्वारा समझौते का निर्णय दिया जाता है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, सिविल प्रकरणों, चेक बाउंस प्रकरणों, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों, धन वसूली प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जावेगा। सचिव श्री मुकेश कुमार शिवहरे ने अपील की है कि दिनांक 08 मार्च 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपने राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कराये तथा विवाद विहीन समाज की संकल्पना में न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करे।

बोर्ड परीक्षा : कक्षा 12 वी के 9959 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

जिले में शांतिपूर्ण संचालित है बोर्ड परीक्षा

सीधी। हायर सेकेण्डरी परीक्षा अंतर्गत04 मार्च को जिले के 64 परीक्षा केंद्रों में भौतिकी, अर्थशास्त्र, पशुपालन और विज्ञान के तत्व विषय की परीक्षा आयोजित हुई। 10098 दर्ज छात्रों में से 9959 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, 139 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नही हुये। परीक्षा की सुचिता बनाये रखने के लिए कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा पैनल दल गठित किया गया है। एसडीएम कुसमी प्रिया पाठक द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि.भदौरा एवं शा.उ.मा.वि.उत्कृष्ट कुसमी का निरीक्षण किया गया। श्री प्रवीण शुक्ला एडीपीसी रमसा द्वारा परीक्षा केन्द्र ताला खाम्ह मांडल मझौली का निरीक्षण किया गया। एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र द्वारा नैकिन, बघवार, भरतपुर, अमिलई और बागढ का निरीक्षण किया गया। श्रीमती दीसी बनवासी सहायक पंजियक सहकारी संस्था

द्वारा सरस्वती मडरिया अमहा सीधी कन्या सीधी एवं बरम्बाबा का निरीक्षण किया गया। नागेन्द्र सिंह जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा उत्कृष्ट क्रमांक 1 सीधी क्रमांक 2 सीधी आदर्श कन्या सीधी उपनी का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सीधी द्वारा सेमरिया पनवार का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मझौली द्वारा ताला उत्कृष्ट मझौली कन्या मझौली मांडल मझौली का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सिहावल द्वारा अमिलिया बालक हिनौती एवं सिहावल का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुर नैकिन द्वारा नैकिन बघवार का निरीक्षण किया गया। पी.के. पाण्डेय द्वारा उत्कृष्ट कुसमी का निरीक्षण किया गया। कंट्रोल रूम प्राभारी राम कृष्ण तिवारी ने बताया कि जिले में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके एवं व्यवस्थित रूप से संचालित है किसी भी परीक्षा केन्द्र में बाहरी दबाव नही है। नकल प्रकरण निरंक है।

राष्ट्रीय कैंसर पैलेटिव केयर कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित

सीधी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीधी के निर्देशन में मंगलवार को राष्ट्रीय कैंसर पैलेटिव केयर कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल ऑफिसर एवं नर्सिंग ऑफिसर का एक दिवसीय प्रशिक्षण एनएचएम सभागार सीधी में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबीता खरे, जिला कैंसर नोडल अधिकारी डॉ आरके वर्मा, डॉ विनय खरे, डॉ आशीष भारती, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पेंद्र शुक्ला, जिला कम्युनिटी मोबाइलजर नरेंद्र पटेल, रश्मि सोनी सहित समस्त विकासखंड से चिकित्सा एवं स्टाफ नर्स उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर रोगियों की देखभाल और पैलेटिव केयर के बारे में चिकित्सा अधिकारियों और नर्सिंग स्टाफ को प्रशिक्षित करना बताया गया।

शासकीय महाविद्यालय मड़वास में साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान सम्पन्न

सीधी। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. आई.पी.प्रजापति के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तहत ''राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस'' के अवसर पर ''सायबर सुरक्षा'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में श्री राजकुमार सिंह परिहार एएसआई थाना मड़वास ने डिजिटल अरेस्ट पर अपनी बात रखी। सह वक्ता के रूप में श्री संतोष साकेत एएसआई थाना मड़वास ने सायबर अपराध से बचने के उपाय बताए। कार्यक्रम में श्री योगेश कुमार शुक्ला विशेषज्ञ वक्ता के रूप में कहा कि जागरूकता ही सायबर अपराध से बचने का एकमात्र माध्यम है। कार्यक्रम में अध्यक्षता भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने की। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन भारतीय ज्ञान परंपरा की सहायक नोडल अधिकारी डॉ. आकांक्षा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में डॉ सौरभी गुप्ता डॉ निशा सिंह डॉ संगीता मिश्रा डॉ ज्योति रजक डॉ कमलेश जायसवाल डॉ अनुराग तिवारी डॉ रामधारी जायसवाल डॉ सुरेंद्र गुप्ता डॉ पंकज मिश्रा प्रो.प्रवीण कुमार प्रो.बाबा हरिनन्द डॉ संध्या वर्मा डॉ अमिता खरे श्री सुंदर लाल प्रजापति श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्राए उपस्थित थे।

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी 143 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

सीधी। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 143 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान

में लेकर निराकरण कर संबंधित हितग्राही को सूचित करे। अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एस पी मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

NATIONAL HOSPITAL
नेशनल हॉस्पिटल, रीवा
3 वर्षों से लगातार
आयुष्मान में
निःशुल्क
• कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी
• पथरी का दूरबीन के द्वारा ऑपरेशन
• प्रोस्टेट, हार्निया, हाइड्रोसील
+91 7566831551, 18008890620, 8608600604
पता: नेशनल हॉस्पिटल, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

नार्मदीय ब्राह्मण समाज का परिवार मिलन एवं सम्मान समारोह संपन्न

नपाअध्यक्षा ने समाजजनों की मांग पर त्रिकोण चौराहे का नाम नर्मदा चौराहा साथ ही वहां नर्मदा जयंती के पूर्व मां नर्मदा जी की प्रतिमा स्थापित की घोषणा की

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान आशीष शर्मा 9977848634

सनावद। स्थानीय नार्मदीय ब्राह्मण समाज इकाई द्वारा रविवार को राजपूत छात्रावास में तहसील इकाई परिवार मिलन, पंडितजन, सनावद इकाई व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत नार्मदीय मंदिर पुजारी, परसाई, कर्मकांडी, वैदिक पंडित, ज्योतिष, कथा वाचको सहित समाज की धर्मशाला के लिए भूमि अल्प राशि में देने वाले सोलंकी परिवार, शिव मंदिर की भूमि समाज को दान करने वाले चौहान परिवार, समाज के पूर्व अध्यक्षो सरंक्षको, महिला मंडल की पूर्व अध्यक्षों व सरंक्षको सहित विशिष्टजनों का सम्मान किया गया। मां नर्मदा व श्रीश्री 1008 गजानंद महाराज बालीपुर धाम के आर्शीवाद से शहर की इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाजजनों का वृहद उपस्थिति देखी गई। जिसमें समाज के पदाधिकारियों सहित संत, साध्वी सहित विद्धत पंडितो के साथ जनप्रतिनिधियों ने भी आयोजन पर हर्ष जताते हुए कार्यक्रम में मार्गदर्शन किया साथ ही समाज के लिए सौगाते दी। आयोजन की शुरूआत मां नर्मदे के जयघोष के साथ ही शंखनाद के साथ मंत्रोच्चार से हुई। अतिथियों व समाजजनों ने आदि गुरू शंकराचार्य द्वारा रचित मां नर्मदाअष्टक का सामूहिक पाठ किया। नर्मदे हर के जयघोष से परिसर गूंज उठा।

इकाई अध्यक्ष अनिल गीते ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए आयोजन का उद्देश्य बताते हुए कहा शहर के बाहर अन्य गांवो में निवासरत समाजजनों से मेलजोल बढाने के साथ आपस में सभी का परिचय होने के साथ संवाद व समन्वय स्थापित करना है। मेलजोल नहीं बढेगा तो दूरियां बढेगी। सभी को साथ लाकर नया आयाम स्थापित करना है। उन्होंने मंच से कार्यक्रम में उपस्थित विधायक सचिन बिरला से समाज के लिए 11 लाख रूपए व शहर के दो चौराहो में से किसी एक चौराहे का नाम नर्मदा चौराहा रखे जाने की मांग की।

विधायक बिरला ने कहा ब्राह्मणों से ज्ञान मिलता है। राष्ट्र निर्माण में ब्राह्मणों का अमूल्य योगदान रहा है। मुझ पर में मेरे परिवार पर शुरू से ब्राह्मणों का आर्शीवाद बना हुआ है। संबंधो, संस्कृति व सनातन धर्म को आगे बढाने का काम ब्राह्मण समाज कर रहा है। उन्होंने कहा प्रत्येक गांव में ब्राह्मण समाज के लिए धर्मशाला या सामुदायिक भवन का निर्माण प्राथमिकता से किया जाना है। सरकार सभी समाजों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। विधायक ने इकाई अध्यक्ष की मांग पर 11 लाख रूपए देने की घोषणा कि लेकिन इस राशि को उन्होंने आगे बढाते हुए कहा मेरी इच्छा 15 लाख रूपए देने की है। जिसे देने की में घोषणा करता हूं। साथ ही नपा अध्यक्ष व परिषद के माध्यम से नर्मदा चौराहा नामकरण किए जाने का समर्थन करता हूं। राष्ट्र निर्माण के कार्य में सभी आगे आकर अपनी सेवाएं दे। यह हमारा सौभाग्य है कि हम मां नर्मदा हमारे पास है और मां का आर्शीवाद हमारे साथ है। समारोह में मातृ शक्ति के सहयोग की सराहना करते हुए विधायक ने कहा मातृ शक्ति समाज को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है।

नपा अध्यक्ष बिरला ने आयोजन को लेकर हर्ष जताते हुए कहा समाजजनों की मांग पर त्रिकोण चौराहे का नाम नर्मदा चौराहा किया जाएगा। साथ ही वहां नर्मदा जयंती के पूर्व मां नर्मदा जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी साथ ही चौराहे का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। समाज के वरिष्ठ पंढरीनाथ पगारे ने समाज के 40 से 45 सालो का संघर्ष बताते हुए कहा विपरित परिस्थितियों से लडकर सनावद इकाई यहां तक पहुंची है। बालीपुर धाम आश्रम के योगेश पांडे ने गुरूजी के 105 वें जन्मोत्सव पर होने वाले आयोजनों की जानकारी देते हुए कहा अपने बच्चों को संस्कार दे। यहीं ब्राह्मणों का कर्तव्य है। इसी प्रकर परशुराम बोर्ड के सदस्य राजेंद्र परसाई ने कहा विश्व में भारत और भारत में मां नर्मदा तट और उस तट पर बसे कलयुग में नार्मदीय ब्राह्मणजन। मां नर्मदा की संतान है नार्मदीय। राष्ट्र धर्म व कुल धर्म का पालन करे। महासभा के अध्यक्ष अनिल शर्मा व महामंत्री सुनील शर्मा ने भी संबोधित किया।

जनसुनवाई में सुनी गई 91 आवेदकों की समस्याएं

अधिकारियों को दिये गये त्वरित निराकरण करने के निर्देश

दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ

खरगोन। प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 04 मार्च को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार आगास्या व श्री लोकेश छापरे ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 91 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे। जनसुनवाई में बजरंग नगर

जैतापुर खरगोन की प्रतिज्ञा सोलंकी गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने की मांग लेकर आयी थी। प्रतिज्ञा का कहना था कि वह गरीब परिवार की तलाकशुदा महिला है और मजदूरी कर अपना पालन पोषण कर रही है। उसने लोक सेवा केन्द्र में गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया था लेकिन उसे निरस्त कर दिया गया है। गरीबी रेखा का राशन कार्ड नहीं होने से उसे शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। अतः उसे गरीबी रेखा का राशन कार्ड दिलाया जाए। इस प्रकरण में तहसीलदार खरगोन को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। सनावद रोड़ सताजना खरगोन के प्रकाश पिता मंगल्या संबल योजना का लाभ दिलाने की मांगल लेकर आया था। प्रकाश का कहना था कि 30 जुलाई 2023 को सड़क दुर्घटना में उसका एक पैर काट दिया गया है। उसके परिवार में माता-पिता और एक विकलांग भाई है, जिसके कारण परिवार के पालन पोषण की पूरी जिम्मेदारी उसे ही निभाना पड़ता है। उसका संबल योजना का कार्ड बना हुआ है। लेकिन उसे अब तक इस योजना का लाभ नहीं मिला है। अतः उसे शीघ्र ही संबल योजना का लाभ दिलाया जाए। इस पर श्रमपदाधिकारी को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने कहा गया है। जनसुनवाई में अभिषेक मेहता अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने की मांग लेकर आया था। अभिषेक का कहना था कि उसके पिता स्वर्गीय महावीर सिंह मेहता शासकीय प्राथमिक विद्यालय बोरूठ में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। उनकी 27 मार्च 2015 को मृत्यु हो गई है। पिता की मृत्यु के बाद वह 15 नवंबर 2018 से कार्यालयों के चक्कर लगा रहा है, लेकिन उसे अब तक अनुकम्पा नियुक्ति नहीं दी गई है। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा उसे केवल सांत्वना दी जा रही थी।

महावीर इंटरनेशनल दलौदा केंद्र के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

बापुलाल डांगी (दलौदा)

महावीर इंटरनेशनल दलौदा केंद्र का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को आयोजित हुआ। नवीन अध्यक्ष सीए सौरभ भंडारी ने अपनी टीम के साथ सेवा कार्यों का संकल्प लेते हुए पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विपिन जैन ने महावीर इंटरनेशनल के कार्यों की सराहना की। उन्होंने जीवन रक्षा कीट जैसे प्रकल्पों के माध्यम से अनमोल जीवन बचाने के कार्य को जन-जन तक पहुंचाने की प्रेरणा दी। संस्था के माध्यम से जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। शपथ अधिकारी रतलाम-नीमच जोन के चेयरमैन राकेश जैन ने सभी को संस्था की विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने नवीन पदाधिकारियों और सदस्यों को शपथ दिलाई। नवीन अध्यक्ष सीए सौरभ भंडारी ने आगामी वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने सेवा कार्यक्रमों में लाइफ सेविंग कीट, कपड़े की थैली मेरी सहेली, सेनेटरी पैड वितरण, पक्षियों के लिए जल पात्र वितरण और बेबी कीट जैसे जनकल्याणकारी कार्यों की नींव रखी। कार्यक्रम जॉन कोषाध्यक्ष संजय चौधरी, संयोजक अनिल सुराणा और मार्गदर्शक डॉ. अजीत जैन के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस अवसर पर अनिल सुराणा ने प्रतिभा भवन के छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह के आयोजन के लिए संस्था को प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर स्वामी की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद मेरी भावना प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया गया। नवीन पदाधिकारियों और संस्था के सदस्यों ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर कोषाध्यक्ष दीपक भंडारी, राकेश जैन, प्रवीण भंडारी, जुगलकिशोर तोतला, अजय जैन, पीयूष भंडारी, प्रियांशु जैन सहित अन्य मौजूद रहे। संचालन महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के को-डायरेक्टर सीए आयुष जैन ने किया। आभार दलौदा केंद्र के सचिव शीतल मोगरा ने माना।

घट्टिया पुलिस ने गोवंश के हत्यारों का निकाला जुलूस

थाना घट्टिया पुलिस द्वारा गौवंश के अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार करने में प्राप्त की सफलता

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

घट्टिया। थाना घट्टिया पुलिस द्वारा सोमवार को घट्टिया नगर में गौवंश के हत्यारों का जुलूस निकाला पुलिस ने दो आरोपियों को घट्टिया नगर में घुमाया आरोपियों ने बोला कि गाय हमारी माता है पुलिस हमारी बाप है थाना प्रभारी डी.एल दसोरिया ने बताया कि थाना क्षेत्र ग्राम जै़थल टेक चौराहे के पास खाली प्लाट पर दिनांक 16 व 17 फरवरी 2025 की मध्यरात्रि आरोपी सलीम उर्फ

मिठिया और आकिब उर्फ अक्कू व शेरू मेवाती द्वारा लोहे के बक्के व छूरो से एक गाय और एक केड़े को रस्सी से बांधकर उनका वध करने की तैयारी कर रहे थे तभी वहां पर कुछ लोग आ जाने से उक्त तीनों लोग बलेनो कार क्रमांक स्न्ड्ढ09 ष्क्त2385 से भाग गए। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुप्रसाद पाराशर, उप पुलिस अधीक्षक भारतसिंह यादव के कुशल मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 68/2025 धारा 4,6,9 गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम व 11(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का पंजीबद्ध किया। गठित पुलिस टीम द्वारा उक्त अज्ञात आरोपियों को ज्ञात कर आरोपी सलीम उर्फ मिठिया और आकिब उर्फ अक्कू को गिरफ्तार जाकर घटना में प्रयुक्त बलेनों कार को जब्त किया गया साथ ही आरोपी शेरू मेवाती फरार है। पुलिस द्वारा सोमवार को गोवंश के आरोपियों का घट्टिया नगर में जुलूस निकाला गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों से एक गाय व एक केड़ा,एक सतुर(लोहे का बक्का),तीन लोहे के छूरे एवं एक बलेनो कार जप्त की।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की प्रखंड बैठक सम्पन्न

दीपक तोमर केसरिया हिंदुस्तान खरगोन जिला ब्योरो चीफ

करही। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की करही प्रखंड की बैठक किसान भवन में आहूत की गई बैठक में मुख्य वक्ता खरगोन विभाग संगठन मंत्री आदरणीय श्री अतिशय जोशी जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जोशी जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते बताया कि आगामी 29 मार्च को इंदौर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का शौर्य कुम्भ होगा धर्म की रक्षा के लिए हर सनातनी को बजरंग दल में शामिल होना चाहिए हर घर से एक बजरंगी बजरंग दल के शामिल होना चाहिए प्रखंडों के सभी खंड स्तर पर त्रिशूल दीक्षा दी जाएगी बैठक में बड़वाह जिला अध्यक्ष रवि गुर्जर ने करही नगर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें नगर अध्यक्ष दीपांशु राठौड़,नगर संयोजक सत्यम काग,मंत्री जयदीप सोलंकी को बनाया गया बैठक में मुख्य रूप से बड़वाह जिला प्रचार प्रसार प्रमुख परशुराम साठे,करही प्रखंड अध्यक्ष नीरज राजपूत,प्रखंड संयोजक श्याम पाटीदार, अरुण यादव, पियूष कर्मा,कमलेश जाट, जितेंद्र जाट ललित पाटीदार, दिलीप पाटीदार अमन सोनी सहित विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 की रीजन कॉन्फ्रेंस सार्थक महेश्वर में संपन्न हुई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान आशीष शर्मा

सनावद। लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 की रीजन कॉन्फ्रेंस सार्थक महेश्वर में संपन्न हुई। कॉन्फ्रेंस में खंडवा,सनावद, महेश्वर,बड़वाह भूरानपुर हरसूद मुंदी पंधाना के क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता पीडीजी डॉ.जवाहर बियाणी थे। मुख्य अतिथि गेट वाइस एरिया लीडर कुलभूषण मित्तल एवं रीजन चेयर पर्सन प्रियंका गुजराती ने क्लब की जीईटी कॉर्डिनेटर अनिता भागचंद जैन को उनकी उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए डिस्ट्रिक्ट की डायमंड रीजन चेयर पर्सन के अवार्ड से सम्मानित किया। लायंस क्लब सनावद स्नेह को अपनी सराहनीय सेवा गतिविधियों के लिए 8 अवार्ड

प्राप्त हुए। क्लब के अध्यक्ष रजनीश जैन को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष एवं सचिव डॉ.श्वेता पंचोलिया को सर्वश्रेष्ठ सचिव के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान पीडीजी यश शर्मा, प्रथमवाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.जयप्रकाश त्रिपाठी,पी डी जी ला.ईश्वरलाल मूंदड़ा,पीडीजी लायन साधना सोडाणी पीडी जी ला निर्मल जैन सपना मित्तल उषा मुड्डा झोन चेयर पर्सन जाकिर हुसैन अमी, झोन चेयरपर्सन राजू मालवीय झोन चेयर पर्सन लायन पवन दीक्षित लायंस क्लब सनावद के कोषाध्यक्ष डॉ.राहुल स्वस्तिक,ला.अनिल मोदी अनिल धारीवाला जय चन्द्रप्रकाश हेड़ा भागचंद जैन,ला.सीएस मंडलोई,ला.माया मंडलोई,ला. राहुल गुजराती ला.भारती परिहार,ला.रेखा अत्रे,ला.अनिता चौधरी ,ला. भारती ला.विजय राठौर संचालन हेमलता पालीवाल नारायण भायती ने क्या।

तीस वर्षों की भारत देश सेवा के बाद गाँव लौटे सुबेदार ठाकुर जितेंद्र सिंह सिसोदिया का भव्य स्वागत

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

तीस वर्षों तक भारतीय सेना में सेवा देकर देश की रक्षा करने वाले ड्ढत्र सुबेदार ठाकुर जितेंद्र सिंह सिसोदिया 2 मार्च को उज्जैन रेल्वे स्टेशन पहुंचे तो गांव वासीयों द्वारा रेल्वे स्टेशन पर बहुत ही बेहतरीन जोरदार स्वागत अभिनंदन किया फिर अपने पैतृक गाँव ठिकाना उज्जैनिया के लिए रेल्वे स्टेशन से वाहन रैली निकाली जहां जगह जगह मंच लगाए गए भूतपूर्व भारतीय सैनिक संगठन के सैनिक ठाकुर सज्जन सिंह,मोहन सिंह,निर्भय सिंह, विक्रम सिंह,शेर

सिंह,विजयपाल सिंह, ऊंकार सिंह भुर सिंह सहित सेंकड़ों भारतीय सैनिकों द्वारा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उज्जैन किसान एकता संघ उज्जैन संभाग अध्यक्ष कमल सिंह पंवार विरेन्द्र सिंह सिसौदिया करणी सेना परिवार अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह पंवार राजपाल सिंह राठौड़ व उपस्थित सेंकड़ों करणी सैनीको द्वारा एवं अन्य संगठनों फोटो ग्राफर लोकेन्द्रसिंह,प्रशंसकों शुभचिंतकों द्वारा जगह जगह पर फोजी जितेन्द्र सिंह सिसौदिया का स्वागत अभिनंदन किया। जानकारी देते हुए किसान एकता संघ उज्जैन संभाग अध्यक्ष कमल सिंह पंवार द्वार बताया गया कि जितेंद्र सिंह सिसोदिया ने सेना में अपने तीन दशकों की सेवा के दौरान अनगिनत चुनौतियों का सामना किया। कभी बर्फीली पहाड़ियों पर, कभी तपते रेगिस्तान में, तो कभी दुश्मन की गोलियों के सामने-हर परिस्थिति में वे अडिग रहे। उन्होंने कई सैन्य अभियानों में भाग लिया, सीमा पर दुश्मनों का सामना किया और अपने देशवासियों साथियों गांववासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने।

आम आदमी पार्टी द्वारा अमानक मक्का बीज मामले में किसानों के हित में संघर्ष जारी है आप नेता : अजय सोनी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान शिबू विश्वकर्मा

आम आदमी पार्टी बैतूल के प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आठनेर ब्लॉक में अमानक मक्का बीज मामले में कृषि विभाग से किसानों को दिए गए वर्ष 2024 के मई अंतिम सप्ताह और 14 जून के पूर्व जो किसानों को मक्का बीज आठनेर कृषि ब्लॉक कार्यालय से किसानों को वितरित किया गया था जिसमें किसानों को कोई लिखित प्रमाण बीज का प्रदाय नहीं किया गया था। खेतों में बीज अंकुरण नहीं होने पर किसानों ने शासन प्रशासन को इस बात से अवगत भी कराया आनन फानन में जिला पंचायत सदस्यों की 24 जून की बैठक में बीज सप्लायर फर्म पर स्नढ्क्र दर्ज कराई गई। इस बीज सप्लायर फर्म को 14 जून 2024 को डिमांड ऑर्डर कृषि विभाग के जिला उप संचालक कृषि अधिकारी द्वारा संबंधित बीज उत्पादक सप्लायर फर्म को मक्का बीज सप्लाई के लिए जारी किया गया था। जिसमें नर्मदापुरम प्रयोगशाला की रिपोर्ट भी उस डिमांड ऑर्डर से प्राप्त मक्का बीज की गुणवत्ता 23 जुलाई 2024 को अमानक आई उसी के आधार पर कुछ चिन्हित किसानों के नाम से आठनेर थाना में आनन फानन में उक्त पांढुर्णा की बीज उत्पादक सप्लायर फर्म पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने कुछ चिन्हित किसानों के नाम से स्नढ्क्र दर्ज कराई गई इस मामले की गंभीरता को देखते हुए आम आदमी पार्टी के आठनेर ब्लॉक के पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष श्रीराम मानकर,राकेश चढ़ोकर द्वारा आठनेर ब्लॉक के किसानों की उपस्तिथि में आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी जी के नेतृत्व में 29 जुलाई को जिला कलेक्टर के नाम इस मामले की निष्पक्ष जांच और किसानों को जो क्षति हुई उसका उचित मुआवजा दिलाए जाने को लेकर आठनेर तहसीलदार कीर्ति डेहरिया जी को

ज्ञापन सौंपा गया था।

उसके कुछ दिनों बाद जिला कलेक्टर से उक्त मामले में की गई कार्यवाही को जानने के लिए किसानों के साथ अजय सोनी जी और जिलें के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ किसान भाइयों ने जिला कलेक्टर की कार्यालय में एडीएम राजीव नन्दन श्रीवास्तव जी से मुलाकात की और कार्यवाही से अवगत हुए जिसमें कई दिन बीतने के बावजूद भी जिला प्रशासन का उदासीन रवैया ही सामने नजर आया,अभी दिखाते हैं जैसे शब्दों से एडीएम से सभी अवगत हुए कुछ समय और जिला प्रशासन को दिया गया उसके उपरांत 24 सितंबर से 30 सितंबर तक किसानों के साथ अनिश्चित कालीन आठनेर थाना परिसर के ग्राउंड में शांति पूर्ण आम आदमी पार्टी के साथियों और किसान भाइयों द्वारा धरना दिया गया। जिसमें यहां भी किसानों के हक़ में प्रशासन का अड़ियल और उदासीन रवैया ही नजर आया कोई भी सक्षम प्रशासनिक अधिकारी उक्त धरना स्थल पर किसानों की सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हुआ। अतः सभी धरना प्रदर्शन में शामिल साथियों की सर्व सहमति से आठनेर से जिला कलेक्टर कार्यालय अर्ध नग्न तिरंगा दांडी यात्रा 30 सितंबर को धरना प्रदर्शन के 7 वें दिवस 35 किलोमीटर निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में किसान भाई शामिल हुए यहां भी इस दौरान जिला कलेक्टर कार्यालय में व्यस्तता के कारण उपस्थित नहीं थे इस दौरान स्ठ्ठरूराजीव कहार जी को उक्त अमानक मक्का बीज मामले से अवगत कराया गया। कई बार जिला प्रशासन से एडीएम से मुलाकात की गई आखिरकार आम आदमी पार्टी के साथियों ने इस तरह किसानों की मांग को बार-बार नजर अंदाज करने वाले व्यवहार को समझते हुए कृषि ब्लॉक कार्यालय आठनेर में जिला सोशल मीडिया पार्टी के साथियों की सहमति से जिला सोशल मीडिया प्रभारी विशाल भालेकर जी द्वारा आरटीआई लगाकर समस्त आठनेर ब्लॉक में वर्ष 2024 मई अंतिम सप्ताह और 14 जून के पूर्व जो किसानों को मक्का बीज वितरित किया गया सभी के नाम की सूची और उक्त बीज गुणवत्ता की प्रयोगशाला की रिपोर्ट मांगी गई

जनपद पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, कलेक्टर को लिखा पत्र

सूरज सनाढ्य अमरपाटन

मैंहर /अमरपाटन। अमरपाटन जनपद पंचायत में अध्यक्ष की कुर्सी का विवाद गहराता जा रहा है। मंगलवार को जनपद पंचायत के 13 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मैहर कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया। इस पत्र में जनपद पंचायत महिला अध्यक्ष के खिलाफ आर्थिक अनियमितता समेत कई गंभीर आरोप सदस्यों ने लगाए हैं। यह विवाद यहां पिछले कई महीनों से चल रहा है। जनपद पंचायत अमरपाटन के 13 जनपद सदस्यों ने जनपद पंचायत कार्यालय में मासिक बैठकों क आयोजन न होना , सामान्य प्रशासन बैठकों का न होना , जनपद सदस्यों का प्रशासनिक कार्यो की लगातार उपेक्षा को सभी 13 जनपद सदस्यों ने बताई वजह , जनपद उपाध्यक्ष मनोज कुमार पटेल भी अविश्वास प्रस्ताव में शामिल

अधूरी कॉलोनी को लेकर कॉलोनाईजर के विरूद्ध थमाया कार्रवाई के दिया आदेश

जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने नागरिकों की समस्याओं का किया निराकरण

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

रायसेन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया। कुछ आवेदनों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर जल्द निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में आए रायसेन के रामनगर कॉलोनी के निवासियों ने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को आवेदन देते हुए बताया कि कॉलोनाईजर द्वारा कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। कॉलोनी में पानी की समुचित निकासी नहीं होने के कारण वर्षभर जलभराव की समस्या होती है। साथ ही सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण आवागमन में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर विश्वकर्मा द्वारा नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव को संबंधित कॉलोनाईजर के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार जनसुनवाई में आए ग्राम अरवरिया टोला निवासी मोहर सिंह, रानू बाई, घनश्याम, मुकेश सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर विश्वकर्मा को ग्राम में नलकूप लगवाने संबंधी आवेदन देते हुए बताया कि उनके ग्राम में नलकूप नहीं

होने के कारण बहुत परेशानी होती है। ग्रामीणों को दूर-दूर से पानी लेकर आना पड़ता है। कलेक्टर द्वारा ई पीएचई स्वदेश मालवीय को जांच कर नियमानुसार आवश्यकतानुसार प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए जिससे कि ग्रामीणों की समस्या का शीघ्र समाधान हो सके।

जनसुनवाई में आयीं रायसेन निवासी नूर अख्तर ने भूमि का सीमांकन कराकर प्रदान करने संबंधी आवेदन देते हुए बताया कि सिलवानी तहसील के ग्राम रमपुरा खुर्द में खसरा क्रमांक 45 रकबा 21.43 एकड़ शामलात खाते की भूमि हैं।जिस पर कब्जा किया गया है। भूमि के मालिकाना संबंधी केस का न्यायालय तहसीलदार सिलवानी एवं कमीश्नरी भोपाल से फैसला उनके पक्ष में आया है।इसके उपरांत भी उनकी भूमि का ना तो सीमांकन किया गया है और ना ही कब्जा प्रदान किया गया है। कलेक्टर द्वारा तहसीलदार सिलवानी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 96 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें अधिकांश आवेदन सीमांकन, नामांतरण, पीएम आवास योजना, आर्थिक सहायता, विद्युत, अवैध कब्जा सहित योजनाओं का लाभ नहीं मिलने संबंधी थे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्वेता पवार सहित डिप्टी कलेक्टर और जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से वीसी के माध्यम से एसडीएम, जनपद सीईओ और सीएमओ सहित खण्डस्तरीय अधिकारी जनसुनवाई में उपस्थित रहे।

संगठन सदस्यों की सूचना पर पुलिस ने पकड़ी 3 पेटी अबैध शराब

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दीपेंद्र पटेल

हटा। दमोह जिले के रनेह थाना क्षेत्र में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी जिला दमोह के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना देकर 2 आरोपीयों को अबैध शराब सप्लाई करतें हुए पकड़वाया जिनके कब्जे से 2 पेटी सफेद मसाला 1 पेटी लाल मसाला कुल 150 पाव आरोपियों के नाम (1)दिनेश यादव निवासी बरखेड़ा सागर (2) हेमंत कुमार निवासी जबेरा बताया जब पुलिस द्वारा कागजात मांगे तो कोई भी कागजाद मौके पर नहीं मिले जो मोटरसाइकिल वाहन से अबैध शराब सप्लाई करतें हैं रनेह थाना क्षेत्र में गाड़ी नम्बर स्क्क 34 रु 6045 पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफतार कर वाहन जब्त कर आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में

विद्यार्थी परिषद ने ज़िला शिक्षा अधिकारी का घेराव किया

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

रायसेन (सिलवानी)। माधमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में चल रही गड़बड़ी को लेकर विद्यार्थी परिषद ने किया ज़िला शिक्षा अधिकारी का घेराव। इन दिनों परीक्षा केन्द्र प्रभारी सिलवानी की मनमानी के चलते छात्रों का भविष्य अंधकार मय हो गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सिलवानी हायर सेकेंडरी स्कूल केंद्र पुष्पा विद्यालय में केंद्र अध्यक्ष राजेश खरे द्वारा। हाईस्कूल परीक्षा में दो छात्र पांच मिनट देरी से आने पर परीक्षा केन्द्र अध्यक्ष द्वारा छात्रों को प्रवेश नहीं दिया गया था। जिसके कारण दो छात्र परीक्षा से वंचित हो गये थे। जहां विद्यार्थीओ पर तो नियम लागू किए गए पर प्रशासन ने नियमों की अनदेखी और बच्चों का समय किया ख़राब। सभी कक्षा 12वी के छात्र थे। विद्यार्थीओ का परीक्षा केन्द्र पुष्पा विद्यालय सिलवानी था परीक्षा केन्द्र संख्या 652116 है, उक्त परीक्षा केन्द्र के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार खरे जी हैं। यह कि दिनांक 25/02/2025 में हिन्दी विषय का पेपर था एवं परीक्षा का समय सुबह 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित था, नियमानुसार निर्धारित समय से दस मिनिट पूर्व 8:50 पर उत्तर पुस्तिका एवं पांच मिनिट पूर्व 8:55 पर प्रश्न पत्र का वितरण परीक्षार्थियों को किया जाता है, लेकिन उक्त दिनांक में हिन्दी विषय की परीक्षा में परीक्षार्थियो को उत्तर पुस्तिका का वितरण 9:05 पर एवं प्रश्न पत्र का वितरण लगभग 9:25 पर किया गया तथा बाद में निर्धारित समय से पांच मिनिट पूर्व 11:55 पर उत्तरपुस्तिकाएं केन्द्र अध्यक्ष द्वारा जमा करा ली गई, विद्यार्थीओ द्वारा केन्द्र अध्यक्ष से निवेदन किया गया और अभी समय भी शेष है, हमारे कुछ प्रश्नों का उत्तर लिखना शेष रह गया है, तब केन्द्र अध्यक्ष ने परीक्षार्थियों से उत्तरपुस्तिकाएं जमा करा लीं और परीक्षार्थियों से कहा कि फालतू बातें नहीं करो नहीं, तो तुम लोगो का फार्म भर देंगे, उक्त प्रकार की त्रुटिपूर्ण अव्यवस्था से समस्त विद्यार्थियों / परीक्षार्थियो का लगभग 35 मिनिट का नुकसान हुआ और समस्त विद्यार्थीयो को किए गए परिश्रम का अपेक्षित लाभ नहीं होगा, उक्त परीक्षा केन्द्र की उक्त प्रकार की अव्यवस्था से विद्यार्थीयो के मन में रोष है और मानसिक रूप से परेशान हैं, जिसको लेकर छात्र बड़ी संख्या में दिन मंगलवार को ज़िला शिक्षा अधिकारी केंद्र पोहच कर किया घेराव। केंद्र अध्यक्ष पर कार्रवाई को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे थे जहां पर अनुविभागीय अधिकारी को छात्रों द्वारा ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी और नगर सिलवानी में चक्काजाम भी किया गया था और प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाने का आशवासन दिया गया था लेकिन प्रशासनद द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी जिसको लेकर विद्यार्थी परिषद ने किया ज़िला शिक्षा अधिकारी का घेराव और तीन दिवस में कार्यवाही की माँग की गई। ज़िला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त आधिकारिओ ने विद्यार्थी परिषद से कहा की आपकी माँगो की तीन दिवस में संपूर्ण जाँच कर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाएगी।विभाग संयोजक अश्वनी पटेल ने कहा कि अगर तीन दिवस के भीतर कार्यवाही नहीं हुई तो ज़िले स्तर पर बड़ा आंदोलन करने के लिए परिषद बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण ज़िम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की रहेगी।धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप विभाग संयोजक अश्वनी पटेल एवं ज़िला संयोजक शुभम् सेन और सिलवानी भाग संयोजक जय यादव व रायसेन नगर मंत्री विकास चौहान एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संडावता में 6 में को होगा कुशवाहा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से ब्यूरो चीफ देवीलाल कुशवाहा राजगढ़

राजगढ़। जिले के संडावता नगर में प्रभु श्री राम लव कुश के वंशज द्वारा क्षत्रिय राजपूत कुशवाहा समाज के तत्वाधान 6 मई तिथि वैशाख सुदी सीता नवमी 2025 मंगलवार को शुभ लग्न एवं पाती के साथ रात्रि में संडावता नगर में संपन्न होगा जिसको लेकर कुशवाहा समाज की बैठक रविवार रात्रि को श्री राम मंदिर में संपन्न हुई जिसमें समाज जनों ने पांचवा सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न करने पर अपने विचार व्यक्त किए एवं समाज की फिजूल खर्ची महंगी शादियां और दहेज लोभीयों को नसीहत देते हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में कम खर्चे में शादी करने पर जोर देते हुए कुशवाहा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष देवीलाल कुशवाहा ने बताया है कि समाज के सभी वरिष्ठ जन एवं युवा वर्ग को साथ में लेकर सम्मेलन किया जाएगा जिसकी तैयारी यह कार्यकर्ताओं नेअपने स्तर पर करना शुरू कर दी है वही इस बार व्यवस्था एवं निगरानी की दृष्टि से आधुनिक टेक्नोलॉजी सीसीटीवी फोटोग्राफी वीडियोग्राफी के जरिए भी पूरी निगरानी कर प्रशासनिक रूप से भी शासक्त आसामाजिक तत्वों के लोगों पर भी सुरक्षा की दृष्टि से सम्मेलन परिसर में चाक चौबंद व्यवस्थाकी जाएगी। अत: राजगढ़ जिले सहित समीपवरती जिले एवं सभी प्रदेशवासियों से अपील की है कि विवाह सम्मेलन को संपन्न कराने हेतु अधिक से अधिक समाज बंधुओ का सहयोग कर जोड़े देकर अधिक से अधिक समाज बंधओ के पधारने की अपील की है।

पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एनसी तिवारी को स्टाफ के द्वारा दी भावभीनी विदाई

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी

आज निवाड़ी जिला मुख्यालय पर पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एनसी तिवारी को आज उनकी शासकीय सेवा पूर्ण होने पर स्टाफ के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम का शुभारम्भ एनसी तिवारी ने सरस्वती माता के चित्र पर तिलक व फूल माला पहनाकर आशीर्वाद लिया वही समस्त स्टाफ के द्वारा एनसी तिवारी के विदाई के अवसर पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया श्रीमती रेखा अहिरवार एवं संध्या घोष के द्वारा विदाई गीत भी प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर शासकीय सेवा पूर्ण कर प्राचार्य एनसी तिवारी ने कहा कि लगभग 43 वर्ष की शासकीय सेवा में हमने अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ करने का प्रयास किया और हम जहां भी पदस्थ रहे हमने शिक्षण व्यवस्था और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया। श्री तिवारी ने कहा कि हमें पहचान भी शिक्षण कार्य से ही मिली है लेकिन अब शिक्षक और विद्यार्थी के रिश्तों में जो गिरावट आ रही है वह चिंताजनक है। श्री तिवारी ने कहा कि हमने अपने शासकीय सेवा का शुभारंभ पोस्ट ऑफिस में सेवाएं देकर किया था और उसके बाद हमने शिक्षा विभाग में आकर अपनी सेवाएं दी और छतरपुर जिले से शिक्षा विभाग में अपनी सेवा का शुभारंभ किया था इसके उपरांत कई वर्षों तक हम निवाड़ी जिले में ही पदस्थ रहे और आज हम शासकीय परंपराओं का निर्वहन करते हुए अपने शासकीय सेवा से मुक्त हुए है। जिला क्रीड़ा अधिकारी आशीष खरे ने भी श्री तिवारी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री तिवारी का मार्गदर्शन हमें प्राप्त हुआ है और श्री तिवारी ऊपर से जितने कठौर हैं अंदर से उतने ही सरल स्वभाव के हैं।

70 प्लस आयुष्मान कार्ड को अभियान के तहत मिशन मोड में चलाएं : सीईओ जिला पंचायत

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो चीफ अमित जोशी निवाड़ी

कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रोहन सक्सेना की अध्यक्षता में 70 प्लस आयुष्मान कार्ड की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री सक्सेना ने 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड को अभियान के तहत मिशन मोड में चलाएं। आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी निर्देशों का सख्ती से पालन करें और कार्य में प्रगति लाएं। लापरवाह अधिकारी कर्मचारियों पर नो वर्क, नो पे की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्य प्रगति का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ ने 70 प्लस आयुवर्ग के आयुष्मान कार्ड की प्रगति में सुधार लाने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। इस दौरान उन्होंने सुस्त कार्य करने वाले अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने के लिए सचेत किया था।

नि: स्वार्थ समाज सेवा संगठन धनपुरी बुढार

महरा सायर समाज ग्राम देवरी म. प्र./छ. ग.वार्षिक सम्मान समारोह हमरे नि: स्वार्थ समाज सेवा संगठन के सभी समाज सेवियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया नि: स्वार्थ समाज सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष योगेंद्र महरा ने बताया कि हमारे द्वारा सभी बेसहारा वृद्ध एवं विकलांग सिकल सेल मरीजों और अन्य मरीजों को नि: शुल्क रक्तदान की पूर्ति बेसहारा दिव्यांग शवों का अंतिमशंकार किया जाता है गरीब बच्चों की पढ़ाई में मदद कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का इलाज निशुल्क माध्यम से करवाया जाता है नवजात बच्चों के दिल में छेद जिनका इलाज करवाया जाता है जले हुए चेहरे जले हुए चेहरे का सर्जरी महरा सायर

समाज के जिला अध्यक्ष अशोक महरा जी रामभगत महरा जी विधानसभा क्षेत्र जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी जी के द्वारा हमरे संगठन के उद्देश्य व कार्य को सराहनीय कार्य बताया गया एवं हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही गई सभी समाज सेवियों मनोवल बढ़ा जिला उपाध्यक्ष विवेक भारती कोषाध्यक्ष रत्ना गुप्ता जिला सचिव धीरज साहू जिला सहसचिव विकास कोल कमल कोल राजेश महरा सूरज सिंह अभिषेक महरा अभिषेक यादव सदानंद भारती अभिषेक मुखर्जी अमित नापित पप्पू चौधरी अमन बर्मन रोहित कोल अखिल महोबिया राजेंद्र महरा समाज सेविका सुश्री किरण श्रीवाश श्रीमती नारायणी देवी जय नर सेवा नारायण सेवा हेल्प लाइन नंबर 9244095897

गणेश मंदिर में महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव

हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान

जोबट। स्थानीय श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में सोमवार को महिलाओं ने धूमधाम से फाग उत्सव मनाया। रंग और फूलों की बौछार के साथ भगवान राधे कृष्ण की आकर्षक झांकी के साथ महिलाओं ने नाच गाकर फाग उत्सव का भरपूर आनन्द लिया। फाग उत्सव में नृत्य की प्रस्तुति पूनम राठौड़ एवं वर्षा सालवी ने दी जो बहुत ही सुंदर व आकर्षण का केंद्र रही। सफल फाग उत्सव के आयोजन में समस्त महिला मंडल का सहयोग रहा। बता दे कि प्रतिवर्ष यहां महिला मंडल द्वारा यह आयोजन किया जाता है।

अरुण गौर बने ओबीसी जन कल्याण संघ के रायसेन युवा जिला उपाध्यक्ष

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान प्रेम सिंह कुशवाहा

रायसेन। ओबीसी जन कल्याण संघ के राष्टीय अध्यक्ष,राजकुमार सेसई एंव प्रदेश अध्यक्ष के विचार विमर्श से प्रदेश संगठन मंत्री जयंत पुनासे प्रदेश सह सदस्यता प्रभारी धीरेंद्र सिंह भारतीय भोपाल जिला अध्यक्ष गीतेश साहू रायसेन युवा जिला अध्यक्ष पारस लोधी एवं समस्त संगठन पदाधिकारी के विचार विमर्श से अरुण गौर को युवा जिला उपाध्यक्ष बनाया गया इस मोकै पर इनकी मित्र मंडली ने धूमधाम से खुशी व्यक्त करते हुए इस नियुक्ती पर जश्न मनाया.हमारी बातचीत मे युवा जिला उपाध्यक्ष अरुण गौर ने बताया कि मैं बहुत दिनों से संगठन के लिए कार्य कर रहा था और आज मुझे वरिष्ठ नेतृत्व ने बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है मे वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हु में निस्वार्थ भाव तन-मन, धन से संगठन का कार्य विस्तार एंव उसके निर्वाहन की मंशा ज़ाहिर की।

आपसी शंका का समाधान कर लेना चाहिए, जिससे झगड़ा नही बढ़े : बाबा उमाकान्त जी महाराज

उज्जैन परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने कहा कि कुछ घरों में रोज झगड़ा, रोज कुछ ना कुछ होता रहता है, क्योंकि कोई तौर तरीका ही नहीं सीखा पाते हैं। कुछ बहु ऐसी आती हैं, जिनका सास से तालमेल नहीं बैठता है। शुरू में सास को ही नहीं मालूम होता है कि बहु को किस तरह से रखा जाए। बहु जो आई, उसकी मां भी उसको नहीं सिखा पाई। तो वहीं पर तलाक के मुकदमे चलने लग जाते हैं। आजकल ज्यादातर सास और बहू में तनातनी बनी रहती है, एक दूसरे को गुस्से में देखती रहती हैं। दोनों के बीच शंका बनी ही रहती है और यही शंका झगड़े का मुख्य विषय बन जाती है। इसलिए जरूरी है कि सास बहू को आपसी शंका का समाधान करना चाहिए, जिससे झगड़ा ना बढ़े। वहीं अगर किसी एक को गुस्सा आए तो दूसरे को चुप हो जाना चाहिए। अगर एक व्यक्ति चुप हो जायेगा तो दूसरा अपने आप शांत हो जायेगा और झगड़ा नहीं बढ़ेगा।

स्वभाव जल्दी से छूटता नहीं है :-

अब सन्तों की महिमा में यह भी बताया गया है कि जो जीव उनके शरीर से छू जाते हैं और उन पर दया हो जाती है, तो वे मनुष्य शरीर के अधिकारी हो जाते हैं। मान लो किसी भैंस को छू लिया, किसी घोड़े पर सवारी कर ली तो उसको मनुष्य शरीर मिल जाएगा। लेकिन जब मनुष्य शरीर मिलेगा तो जैसे भैंस

सींग मारती है, रगड़ती है, घुर्राती चलती है, ऐसे आदमी भी चलता है। इसी तरह जैसे बकरी की जीवात्मा है और सन्त की दया से औरत बन गई, तो जैसे बकरी दिन भर चिल्लाती रहती है वैसे ही औरत भी दिन भर बोलती रहती है। पति-पत्नी के बीच झगड़ा शंका की वजह से ही होता है। इसलिए यह जरूरी है कि पति-पत्नी को अपने बीच की शंका को अवश्य मिटा लेना चाहिए, जिससे दोनों के बीच में द्वेष ना रहे और सब कुछ साफ रहे। जब शंका मिट जायेगी तो संतुष्टि आ जाएगी और झगड़ा नहीं होगा। वहीं अगर किसी बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा होता भी है तो ऐसी हालत में पति को चुप हो जाना चाहिए या फिर पत्नी को चुप हो जाना चाहिए। दोनों में से किसी के भी चुप हो जाने से बात आगे नहीं बढ़ेगी और सब कुछ वहीं शांत हो जाएगा।

सतसंग की बातों पर अमल करना चाहिए :-

एक सतसंगी मां अपनी बेटी को साथ ले कर आई और बोली इसको समझाओ! यह कहती है हम ससुराल जाएंगे ही नहीं तो हमने कहा बच्ची, क्या बात हो गई, तो बोली कि महाराज जी, आप ही कहते हो कि किसी को अगर लट्ठ मार दो और घाव बन जाए तो घाव भर जाता है, लेकिन बातों का घाव नहीं भरता है। तो हमारी सासु मां इतना कड़क बोलती है कि घाव हो जाता है और वह घाव भरता ही नहीं है। मैं तो ऊब गई और अब उस घर में पैर भी नहीं रखना चाहती हूं। हमने उस से कहा कि तू सुनती क्यों है तो वह बोली घर छोड़ कर कहाँ चली जाऊं । हमने कहा तुझको तो भजन (साधना) करना सिखाया गया है, तो उसमें बैठ जा और वह क्या कहती है तू सुन ही मत, हाथ पैर से क्या इशारा करती है उसको देख ही मत। बस सब सही हो जाएगा। अब उसने ऐसा ही किया, सतसंग की बातों पर अमल किया। फिर कुछ दिन बाद बोली महाराज जी अब सब ठीक है। कुछ दिन तो बोली और फिर जब गुस्सा खत्म हुआ तो चुप हो गई। तो सतसंग की बातों पर अमल करना चाहिए।

बीमारी व तकलीफों में आराम देने वाला नाम जयगुरुदेव :-

किसी भी बीमारी, दु:ख, तकलीफ, मानसिक टेंशन में शाकाहारी, सदाचारी, नशामुक्त रहते हुए जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जय जयगुरुदेव की ध्वनि रोज सुबह-शाम बोलिए व परिवार वालों को बोलवाइए और फायदा देखिए ।

अव्यवस्थाओं से जूझ रही कृषि उपज मंडी ढोढर

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

ढोढर श्योपुर के ढोढर गांव में एक करोड़ के लगभग राजस्व देने वाली कृषि उपज मंडी ढोढर सुविधाओं के अभाव से बंचित है ढोढर कृषि उपज मंडी मे न तो किसानो के छाव मे बैठने की व्यवस्था है न ही व्यापारीयों को अपने ख़रीदी गई फसल रखने के लिए कोई गोदाम की व्यबस्था है न ही मंडी प्रांगण मे साफ सफाई की व्यवस्था है मंडी परिसर मे कटीले पेड़ व झाड़ियों से भरा पड़ा है एवं अनाज मंडी की बाउंड्री भी जगह जगह से टूटी फूटी पड़ी हुई है जिससे असामाजिक तत्ववो का आवागमन व जमावड़ा बना रहता जिससे खुले मे व्यापारीयों के द्वारा खरीदी गईं फसल का नुकसान होने का अंदेशा बना रहता है मंडी प्रांगड़ मे गंदगी आलम व्याप्त है इसे बिडंबना ही कहेगे कि एक करोड़ के लगभग राजस्व शासन को देने वाली अनाज मंडी सुबिधाओं से पूर्णत: बंचित है बिदित हो कि 21जून 2017 को तत्कालीन मुख्य मंत्री शिवराज सिंह द्वारा ढोढर आगमन पर कृषि उपज मंडी ढोढर मे सभा को संभोधित करते हुए घोषणा की थी की ढोढर हाट मंडी से कृषि उपज मंडी पूर्ण दर्जा दिया जायेगा परतु आज तक ढोढर अनाज मंडी को पूर्ण दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है ज्ञात हो कि ढोढर अनाज मंडी मे दूर दराज से बहुत किसान अपनी फसल ढोढर मंडी मे बेचने के लिए ही आते है परन्तु किसानो के लिए कोई मंडी प्रागण मे उचित बैठने की न छाव व्यबस्था नहीं है यहाँ तक की मंडी प्रांगण मे टीन सेड नहीं है

मंडी की बाउंड्रीबाल जो टूटी पड़ी है और सफाई शीघ्र ही करवाई जाएगी व अन्य लोगो जो सामग्री जो मंडी प्रागण मे रखी हुई है उनको भी मंडी प्रागण से हटावाया जायेगा साथ ही समुचित व्यवस्था की जाएगी

शिव दयाल गुप्ता
अनाज मंडी सचिव

अनाज मंडी मे तो व्यापारियो को क्रय की गईं फसल को न तो गोदाम है न ही टीन सेड है मंडी प्रागण मे न साफ सफाई है चारो और गंदगी का आलम व्याप्त है मंडी की बाउंड्रीवाल जगह जगह टूटी पड़ी है जिससे आसमाजिक लोगो का आवागमन और व्यापारियों की खरीदी हुई फसल का नुकसान होने का हमेशा अंदेशा बना रहता है

गणेश रावत पूर्व सरपंच एव व्यापारी ढोढर

कृषि अनाज मंडी अव्यव्यबस्थाओ से जूझ रही तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी 2017 को पूर्ण मंडी दर्जा देने की द्वारा की गईं घोषणा भी बेअसर दिखाई दे रही मंडी प्रशासन को किसानो व व्यापारियों की समस्या को देखते उचित व्यवस्था करनी चाहिए

बरकत खान
विधायक प्रतिनिधि

अमर शहीद फतेह सिंह कुडोपा की पुण्यतिथि पर शहादत को याद कर दी गई भावपूर्ण श्रद्धाजंली

कंसारया हिंदुस्तान
जिला ब्यूरो दीपक बंशपाल

बालाघाट कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीद सिपाही फतेह सिंह कुडोपा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की पुण्यतिथि पर सोमवार को 123 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी एवं जवानों द्वारा बालाघाट से उनके पैतृक गांव कटिया, घनसोर, जिला-शिवनी (मध्य प्रदेश) में पहुंचकर भावपूर्ण श्रद्धाजंली दी गई। साथ ही श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि 208 बटालियन कोबरा में तैनाती के दौरान 03 मार्च 2016 को 208 बटालियन के कमाण्डेंट के नेतृव में नक्सलियों के विरूद्ध विशेष अभियान में नक्सली हमले में अपने असाधारण वीरता, दृढता एवं कर्तव्यनिष्ठा और अप्रतिम शौर्य एवं पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए मातृभूमि की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देकर नक्सलियों के मंसूबों को नाकाम किया था। शुरवीर की पुण्यतिथि पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर से श्री देवेन्द्र प्रसाद दुबे, द्वितीय कमान अधिकारी 123 बटालियन, श्री षिव षंकर यादव, सहायक कमाण्डेंट 208 बटालियन कोबरा, उप निरीक्षक संदीप भान 208 बटालियन कोबरा, सहायक उप निरीक्षक दिनेष सिंह, मुख्य आरक्षी अनिल कुमार, जितेन्द्र सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, आरक्षी स्पर्ष, राजेन्द्र कुमार, भानू प्रताप, राजू टेकाम 123 बटालियन तथा उप विभागीय पुलिस अधिकारी श्रीमती आकांक्षा परस्ते, ग्रामीणों एवं स्कूल के छात्रों ने षामिल होकर उन्हें नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजली दिया और अमर षहीद के नारे लगाये और उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गई।

कन्नौद पुलिस ने गौवंश चोरी कर परिवहन करते गैंग को पकड़ा

ओमप्रकाश परमार,

देवास। जिले के थाना कन्नौद पुलिस को गौवंश का अवैध परिवहन करते गैंग पकड़ने में बडी सफलता मिली है। साथ ही वाहन मालिक को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी रात में गौवंश को चुराकर अवैध परिवहन करते थे। थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि नगर पंचायत चौराहा से एक बिना नबर का वाहन कंटेनर। जिसमें 9 गौवंश को ठूस-ठूस कर भरकर ले जा रहे थे। आरोपी इरशाद पिता इस्माईल निवासी मोहल्ला पटेलवाडी मस्जिद के पास सारंगपुर जिला राजगढ एवं शब्बीर पिता हनीफ खां निवासी वार्ड क्रं. 6 पिंजार बाखल सारंगपुर जिला राजगढ को गिरफतार कर प्रकरण धारा 4, 6, 9, म.प्र. गौवंश प्रतिषेध अधिनियम 2004, 11(1) (घ) पशुओं के प्रति करूरता निवारण अधिनियम 1960 का पंजीबद्ध किया जाकर कटेनर बिना नबर का जप्त किया गया था, प्रकरण की गभीरता को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एचएन बाथम तथा एसडीओपी आदित्य तिवारी को प्रकरण अपने मार्गदर्शन में बारिकी से विवेचना करवाने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में गिरफतार आरोपीगण इरशाद व शब्बीर को माननीय न्यायालय पेश कर पुलिस टीम द्वारा पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर पूछताछ की गई। पूछताछ से जानकारी मिली कि सारंगपुर जिला राजगढ का रहने वाला गब्बर नामक व्यक्ति आष्ट एवं आसपास के क्षेत्रो से सडक पर घूमने वाले गौवंश को रात्रि के समय चुराकर एकत्रित करवाकर सारंगपुर के कटेनर मालिक अनिस पिता नासिर निवासी सारगपुर जिला राजगढ़ के वाहन में भरवाकर महाराष्ट्र भिजवाते है। उपरोक्त जानकारी के आधार पर आरोपीगण की तलाश की गई आरोपी गब्बर पिता सफीक व अनिस पिता नासिर गिरफतार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया जाकर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया जाकर गौवंश परिवहन करने वाली गैंग एवं अन्य आरोपियो के सबंध में पूछताछ की जा रही है, उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कन्नौद निरीक्षक तहजीब काजी, उनि राहुल रावत, बालकृष्ण छापे, योगेन्द्र का योगदान रहा।

पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षा अंतिम चरण में, बीआरसी का अमला मुस्तैद

बीएसी और जन शिक्षकों ने भोजाखेड़ी परीक्षा केंद्र पर किया निरीक्षण

दिनेश शुक्ला
दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

आलोट मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के द्वारा प्रस्तुत परीक्षा कार्यक्रम अनुसार दिनांक 24 फरवरी 2025 से पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन पूरे मध्यप्रदेश में किया जा रहा है, अब यह परीक्षा अंतिम चरण में चल रही है। इन्हीं परीक्षाओं के सतत निरीक्षण के लिए जनपद शिक्षा केंद्र द्वारा जांच दलों का गठन किया गया है। यह जांच दल इन परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण परीक्षण कर रहे है। आलोट विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल भोजाखेड़ी परीक्षा केंद्र पर पांचवी और आठवीं की परीक्षा केंद्र पर विकासखंड अकादमिक समन्वयक जितेंद्रसिंह सोलंकी जन शिक्षक प्रदीप गुप्ता और जावेद खान द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षणकर्ताओ द्वारा भोजाखेड़ी परीक्षा केंद्र पर प्रत्येक पांचों कक्षों में जाकर छात्रों द्वारा दी जा रही परीक्षाओं का परीक्षण किया। रूम डायरी, परीक्षा संचालन पंजी, पर्यवेक्षण पंजी, प्रश्नपत्र लिफाफों का विवरण, परीक्षा उपरांत अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की पैकेजिंग प्रक्रिया, डाकेट विवरण, गोपनिय सामग्री प्रक्रियाओं का गहनता से परीक्षण किया गया। परीक्षा केंद्र पर बैठक व्यवस्था, जल, साफ सफाई, बिजली और प्रकाश व्यवस्थाओ का जायजा लिया। शासन के निर्देशानुसार परीक्षा व्यवस्था और संचालन व्यवस्थित पाया गया। केंद्र पर परीक्षा प्रारंभ के पूर्व ही समस्त पर्यवेक्षकों के मोबाईल सिल बंद कर लॉक कर दिये जाते हैं जो गोपनिय सामग्री पेकिंग करने के बाद वापस किये जाते हैं। परीक्षा कार्यक्रम संचालन के लिए पूर्व से उपलब्ध कराये गये भौतिक संसाधनों की व्यवस्था के लिए शिक्षक राजवीर सिंह परिहार तथा शुद्ध परीक्षा संचालन हेतु केंद्राध्यक्ष अखिलेश कुमार निगम सहायक केंद्राध्यक्ष शिवनारायण व्यास और संलग्न समस्त पर्यवेक्षको कमर जहां, स्वाति शर्मा, जितेन्द्र सिंह सोलंकी, सुनिल ठाकुर, राहुल गेहलोत, महेश परमार, संदीप शर्मा, शेखर राठौर, सत्यनारायण शर्मा, प्रविण पटेल, मुरलीधर शर्मा, कालुसिंह चौहान, नन्दकिशोर सोनी, किशोर सांखला, सीमा गेहलोत, गोपाल सिंह पंवार के नियमानुसार परीक्षाकालीन किये जा रहे कार्यों की सराहना निरीक्षको द्वारा की गई।

भोपाल में मऊगंज की 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म : भोपाल में नहीं दर्ज हुई शिकायत, मऊगंज में की मामले

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मऊगंज जिले की 15 साल की किशोरी से रवींद्र भवन (भोपाल) की पार्किंग में सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि जब परिजन रिपोर्ट लिखाने श्यामला हिल्स थाने पहुंचे तो 9 घंटे बैठाने के बाद उन्हें भगा दिया गया। अंतत: पीड़ित परिवार ने मऊगंज में शिकायत दर्ज कराई। एएसपी मऊगंज अनुराग पांडेय के अनुसार, जीरो एफआईआर दर्ज की है। अब इसे भोपाल भेज रहे हैं एफआईआर के मुताबिक, किशोरी के पिता भोपाल में मजदूरी करते हैं। उनके परिचित ने रवींद्र भवन में लगे लोकरंग मेले में दुकान लगाई थी। 30 जनवरी को वे मदद करने बेटी के साथ रवींद्र भवन गए थे। पिता के मुताबिक, तभी भगवान सिंह मेवाड़ा व एक अन्य व्यक्ति वहां आए। भीड़ ज्यादा थी तो वे किशोरी को पार्किंग में ले गए। दोनों ने दुष्कर्म किया। बेटी को जान से मारने की धमकी भी दी। किशोरी की तबीयत बिगड़ने पर जब डॉक्टर के पास ले गए, तब मामले का खुलासा हुआ।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज हिण्डोरियापरीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह - कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय हिंडोरिया एवं सी.एम. राइज शासकीय कन्या उच्चत्तर विद्यालय हिंडोरिया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षार्थियों को मिल रही सुविधाओं को भी देखा और आवश्यक निर्देश दिये।

हीरापुर ग्राम पंचायत के सहायक सचिव को हटाने ग्रामीण हुए लामबंद

नए सहायक सचिव को ग्राम पंचायत में पदस्थ किए जाने की मांग

ग्रामीणों ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को सौंपा ज्ञापन

केसरिया हिंदुस्तान

बैतूल। घोड़ाडोंगरी विधानसभा की ग्राम पंचायत हीरापुर के लगभग 7 गावों के ग्रामीण पंचायत में पदस्थ सहायक सचिव की कार्यशैली से बेहद परेशान है। परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर इसकी शिकायत कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से की है और सहायक सचिव को हटाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सह सचिव नारायण पिता युवराज सिसोदिया के पास अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते है तो उनके द्वारा पैसों की मांग की जाती है। जो लोग पैसे दे देते हैं सिर्फ उन्हीं के काम होते है। इसके अलावा शासन के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहते हैं, तो उनके द्वारा कार्य में हमेशा टालमटोली की जाती है। उनके द्वारा कभी पोर्टल ना चलने, तो कभी सर्वर डाउन बताने एवं कभी अपनी निजी समस्याओं को बताना जैसे निरंतर बहाने बनाते रहते हैं। ऐसे में हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ भी नहीं ले पा रहे हैं। इसकी शिकायत पूर्व में सीएम हेल्पलाइन, जनपद पंचायत सदस्य द्वारा उच्च अधिकारियों को तथा मौखिक शिकायत मंडल अध्यक्ष को की, लेकिन इसके बाद भी सह सचिव अपनी कार्यशैली को नहीं बदल रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उक्त सचिव की उच्च अधिकारीयों से साठगांठ होने के कारण ट्रांसफर नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने सहायक सचिव का स्थानांतरण तत्काल कर अन्य सहायक सचिव को पदस्थ किए जाने की मांग की है, ताकि ग्राम वासियों की शासन की योजनाओं का लाभ और समस्याओं का समाधान हो सके। इस अवसर पर परितोष विश्वास, अमन मंडल, कृष्णाकांत, अनिल मण्डल, रंजन सरकार, सुब्रत सरकार, मनोज विश्वास, विजय, महीतोष विश्वास मुकेश हालदार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

चना एवं सरसों का पंजीयन समय बढ़ाने के लिए भाकिसं ने सौंपा ज्ञापन

ओमप्रकाश परमार,

देवास। भारतीय किसान संघ तहसील इकाई कन्नौद ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण में स्थापना दिवस मनाया। भगवान बलराम के चित्र पर माल्यार्पण कर संघ का ध्वज लगाया।

तहसील अध्यक्ष हरिओम मंडलोई ने भारतीय किसान संघ की स्थापना उद्देश्य पर प्रकाश डाला और संघ द्वारा किसानों के हित मे किये जा रहे कार्य विस्तार से बताये। किसानों की समस्या पर चर्चा कर देवास कलेक्टर ऋषिराज सिंह के नाम कन्नौद एसडीएम प्रवीण प्रजापति को ज्ञापन सौंपकर बताया कि चना एवं सरसों का पंजीयन दिनांक 10 मार्च से बढ़ाकर 25 मार्च की जाए। क्योंकि पंजीयन में सत्यापन एवं पोर्टल पर सर्वर की समस्या आ रही है। जिसके चलते किसानों के पंजीयन नही हो रहे है। साथ ही वेयरहाउस पर फ्लेट कांटे से उपज तुलवाने की बात भी कही। इस दौरान जिला बीज प्रमुख रामनिवास परमार, तहसील अध्यक्ष हरिओम मंडलोई, मंत्री मुकेश लौवंशी, ओमप्रकाश परमार सहित अन्य किसान मौजूद थे।

सतना में रामा ग्रुप समेत 5 कारोबारियों के ठिकानों पर आईटी रेड, शादी के स्टीकर लगी गाड़ियों में पहुंची टीम

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सतना में आयकर विभाग ने पांच बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा, जिसमें 50 से अधिक गाड़ियों से अफसर पहुंचे। रामा ग्रुप, सेनानी ग्रुप, मेहरोत्रा बिल्डकॉन, फ्लोर मिल और रिसॉर्ट मालिकों के ठिकानों पर सर्चिंग जारी है। कार्रवाई गुप्त रखने के लिए टीम बारात के स्टिकर लगी गाड़ियों में पहुंची।

सतना में आयकर विभाग के अधिकारियों ने एक साथ पांच बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा है। आयकर विभाग की टीम सुबह करीब 6 बजे 50 से ज्यादा गाड़ियों से इनके ठिकानों पर पहुंची। अफसर रामा ग्रुप के रामकुमार, सुरेश कुमार और नरेश गोयल, सेनानी ग्रुप के सुनील सेनानी, सिविल कॉन्ट्रेक्टर अतुल मेहरोत्रा, फ्लोर मिल मालिक संतोष गुप्ता और हुंडी कारोबारी व रिसॉर्ट मालिक सीताराम अग्रवाल उर्फ रामू के यहां सर्चिंग में जुटे हैं।

रामा ग्रुप टिम्बर और लोहा कारोबार से जुड़ा है। वहीं, सिविल कॉन्ट्रेक्टर अतुल मेहरोत्रा की महरोत्रा बिल्डकॉन कंपनी मास्टर प्लान और इंडस्ट्रियल एरिया में काम करती है। सीताराम अग्रवाल के गोशाला चौक स्थित घर पर जब आयकर विभाग की टीम पहुंची तो उन्होंने दरवाजे बंद कर लिए। ऐसे में अफसर सीढ़ी लगाकर छत के सहारे घर में घुसे।बाराती बन पहुचे अधिकारी जानकारी के मुताबिक गुप्त रूप से सतना पहुंचे आयकर विभाग की टीम के सभी वाहन में बारात के स्टिकर लगे हुए थे, किसी को शक न हो इसलिए इस रेड को बारात का रूप दिया गया। आयकर विभाग के ये कारनामा चर्चा बन गया है, फिलहाल सभी जगह कागजात खंगालने में टीम जुटी ।यहा चली रही कार्रवाई

सतना में मेहरोत्रा बिल्डकॉन के घर और कार्यालय, हुंडी दलाल रामु अग्रवाल के घर और होटल, सन्तोष गुप्ता की मिल, सुनील सेनानी बंधु के विट्स कॉलेज एवं पान मसाला दुकान, रामकुमार और सीताराम अग्रवाल के घर, टाल और प्लाई फैक्ट्री सहित कई जगह एक साथ कार्रवाई चल रही है। माना जा रहा है कि ये रीवा संभाग में इनकम टैक्स विभाग की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। एक साथ इतने कारोबारियों पर कभी कार्रवाई नहीं हुई।

भाजपा के संत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेय की 65 लाख की प्रतिमा तथा करोड़ों रूपये के स्वींमिगपुल में भ्रष्टाचार पर आष्टा नपा परिषद के विरूद्ध कार्यवाही की मांग

नितिन जोहरी जोहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर

सीहोर। सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले व साथियों ने सीहोर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई कार्यक्रम में ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि सीहोर जिले की आष्टा नगर पालिका द्वारा भारतीय जनता पार्टी के संत स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेय पूर्व प्रधानमंत्री की 65 लाख की प्रतिमा व करोड़ों रूपये के स्वींमिगपुल में भयानक तरीके से किये गये भ्रष्टाचार की जाँच कर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की गई है। नरेन्द्र खंगराले ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेय की प्रतिमा लगाये जाने तथा स्वींमिगपुल निर्माण के पूर्व कितने ठेकेदारों द्वारा टेण्डर प्रक्रिया में शामिल हुए थे। सूचना के अधिकार में जानकारी प्रदान नही की जा रही है व तीन राष्ट्रीय समाचार पत्रों में टेण्डर विज्ञप्ति जारी की जानी थी किन्तु नाम मात्र एक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी की गई है, जो नियम विरूद्ध है। नवनिर्मित स्वींमिगपुल में चोरों द्वारा स्वींमिगपुल की लाखों रूपये की विद्युत सामग्री तथा दरवाजे खिडक़ी एवं टायलेट शीट, नल के शावर तथा नलों को चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। स्वींमिगपुल के अन्दर बड़े-बड़े घास पेड़ खड़े हुए हैं नवनिर्मित स्वींमिगपुल खण्डहर अवस्था में चोरों की भेट चड़ गया है।

स्वींमिगपुल में विद्युत कनेक्शन नही कराये जाने से ठेकेदार द्वारा स्वींमिगपुल को संचालित नही किया जा रहा है। इस कारण से शासन की व जनता की गाढ़ी कमाई का नगर पालिका आष्टा द्वारा गबन किया जा रहा है, जिसे लेकर आष्टा के नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले द्वारा कलेक्टर बाला गुरु के को जनसुनवाई कार्यक्रम में ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सूचना के तहत जो अधुरी जानकारी प्रदान की गई है उक्त जानकारी को पूर्ण दिलाई जावे तथा तीन वर्ष पूर्व निर्मित स्वींमिगपुल में विद्युत कनेक्शन कराये जाकर ठेकेदार को स्वींमिगपुल संचालित के निर्देश दिये जावे एवं उचित जाँच कर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जावे। ज्ञापन की प्रति से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन इओडब्लु व लोकायुक्त कार्यालय तथा निर्माण की जाँच करने वाली मध्य प्रदेश शासन की गुणवत्ता परिषद को भी अवगत कराया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री डॉ.अनीस खान, सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले, जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव पूर्व पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, राजाराम बड़े भाई, सीताराम भारती, विजय वर्के, दीपक सोनकर, घनश्याम जाटव, धरम प्रकाश आर्य, पन्नालाल खंरगाले, धन्नालाल परचौले, मांगीलाल टिमरई, बी.एस.पेठारी, कमल बाबू अहिरवार, श्रीमती आशा गुप्ता सहित बड़ी संख्या

उज्जैन में अब बाबा श्रीमहाकाल के महारिसेप्शन की तैयारी, निकलेगी बारात

श्रीमहाकाल शयन आरती भक्त परिवार के आयोजन का 25वां रजतोत्सव

डॉ संजय जोशी, केसरिया हिंदुस्तान



उज्जैन। अनंत कोटि ब्रह्मांड नायक देवाधिदेव महादेव अर्थात बाबा श्रीमहाकाल की अवंतिका नगरी उज्जैन में विश्व विख्यात नौ दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व के उल्लासमय आयोजन की संपन्नता के बाद अब महारिसेप्शन की तैयारी यहां शुरू हो चुकी है। श्री महाकाल शयन आरती भक्त परिवार उज्जैन द्वारा आयोजित यह महारिसेप्शन का 25वां वर्ष है, जो कि रजतोत्सव के रूप में भी मनाया जा रहा है। आगामी 6 मार्च को स्थानीय हरसिद्धि मंदिर के पीछे, नरसिंह घाट के समीप धर्मशाला में होने वाले इस अनूठे आयोजन में देशङ्कप्रदेश ही नहीं, विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त प्रसाद ग्रहण करने एवं विवाहोत्सव की रस्म में भाग लेने हेतु शामिल होते हैं। आयोजन से जुड़े श्री महाकाल शयन आरती के विद्वान पुजारी डॉ दिनेश गुरूजी इसी क्रम में विगत दिनों प्रयागराज जाकर त्रिवेणी संगम का अमृत जल लेकर आए, जिससे महाशिवरात्रि के दिन ही विशेष रुप से बाबा श्रीमहाकाल का अभिषेक किया था। साथ ही इसी जल के मिश्रण से महारिसेप्शन के प्रसाद में छप्पन भोग भी बन रहे हैं। शुद्ध देसी घी के इन छप्पन भोग प्रसाद में पुड़ी, सब्जी, नूक्ति, खोपरा पाक, चक्की, रायता, भजिए, सेव सहित अनेक प्रकार के स्वादिष्ट मीठे नमकीन व्यंजन शामिल होंगे। दिनेश गुरुजी ने इस आयोजन में शामिल होने के लिए अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में भगवान रामलला एवं पुजारीवृंद परिवार को भी आमंत्रण दिया था। अखिल भारतीय महाकाल भक्त मंडल के पंडित रमण त्रिवेदी एवं डॉ दिनेश गुरुजी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महारिसेप्शन की पत्रिका प्रकाशन कर भक्त परिवार मंडल की टीम ने उज्जैन के श्रीचिंतामन गणेश मंदिर में प्रथम निमंत्रण दिया। साथ ही उज्जैन शहर भर में विभिन्न देवीङ्कदेवताओं एवं नगरवासियों को पीले चावल देकर निमंत्रण का क्रम जारी है। डॉ दिनेश गुरुजी के मुताबिक महारिसेप्शन की पत्रिका में शिव परिवार के गणेश, कार्तिकेय, रिद्धि-सिद्धि, अशोक सुंदरी इत्यादि के नाम अंकित है। उन्होंने बताया कि 5 मार्च की सुबह 10 बजे गणपति पूजन होगा। दोपहर 2 बजे महिलाएं हल्दी एवं मेहंदी कार्यक्रम करेगी तथा अगले दिन 6 मार्च, गुरुवार की शाम 5 बजे शुभ लग्न की रस्म होगी। इससे पूर्व दोपहर में 1 बजे नगरकोट से बैंड बाजे, डीजे, ढोल नगाड़ों के साथ शिवजी की बारात निकलेगी। शिवजी नंदी पर विराजमान होकर बारात में शामिल होंगे। स्वांग धरे भूत, प्रेत, पिशाचिनी, साकीनी, दाकिनी नृत्य करते हुए साथ चलेंगे। पुजारी रमण त्रिवेदी ने बताया कि आयोजन के सफलतापूर्वक संचालन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन कर भक्त मंडल परिवार के पदाधिकारियों, सदस्यों को जिम्मेवारियां सौंपी गई है। मुख्य रूप से राजेश अग्रवाल, महेंद्र कटियार, चंद्रशेखर वशिष्ठ, अजय कर्पे, खेमसिंह तोमर, दुर्गा यादव एवं राहुल तिलवे के संयोजन में विविध तैयारियों के कार्य संपादित हो रहे हैं।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

बालाघाट 400 से अधिक प्रोजेक्ट व मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे कलेक्टर व जिपं सीईओ

केसरिया हिंदुस्तान दीपक बंशपाल

बालाघाट राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 'विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन शहर के सीएम राइज़ शासकीय वीरांगना रानी दुर्गावती उच्च. माध्य. विद्यालय में किया गया। 29 दिसंबर 24 को मप्र के साइंस सर्किल द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं के जीव विज्ञान तथा गणित संकाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। साइंस सर्किल द्वारा आयोजित आंकलन परीक्षा का उद्देश्य शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को नीट व जेईई की परीक्षा के लिए विद्यार्थियों की तैयारी की जांच करना था। जिले के सभी विकासखंड में आयोजित इस परीक्षा में कुल 5818 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसके परीक्षा परिणाम की घोषणा पश्चात प्रत्येक कक्षा वर्ग के टॉप टेन विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर रैंक के आधार पर प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 10 हजार, द्वितीय को 5 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी को 2 हजार रुपये का चेक व प्रशस्ति-पत्र कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के द्वारा प्रदान किये गए। साथ ही शिक्षकों को भी उनके द्वारा किये गये श्रेष्ठ योगदान के प्रति प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना तथा जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक शराफ के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण कर छात्रों से उनके द्वारा प्रदर्शित किये गये मॉडल प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी ली गई। साइंस सर्किल मप्र द्वारा आयोजित इस प्रतिभा सम्मान समारोह में सीएम राइज़ विद्यालय के कक्षा नवमी व ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा लगभग 400 से अधिक प्रोजेक्ट व मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। यह प्रदर्शनी भाषा, विज्ञान, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि दस श्रेणियों में प्रदर्शित की गई थी। जिसमें प्रत्येक श्रेणी के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थी को समारोह में प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

दो सत्रों में हुआ कार्यक्रम आयोजित : प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ (प्रथम सत्र) में जहां मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री द्वय श्री गौरीशंकर बिसेन, श्री रामकिशोर कावरे एवं नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर की अध्यक्षता के साथ ही विशिष्ट अतिथि श्री रमेश रंगलानी (पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालाघाट), समाज सेवी श्रीमती मौसम हरिनखेरे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसी प्रकार (द्वितीय सत्र) में मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका परिषद श्री भीम फुलसुंघे, विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री श्याम पंजवानी कांग्रेस अध्यक्ष उपस्थित रहें।

प्रदेश में 100 लाख फार्मर आइडी बनाए जाने का लक्ष्य-कलेक्टर श्री कोचर

कार्य 20 मार्च 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाये

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह - प्रदेश में 100 लाख फार्मर आइडी बनाए जाने का लक्ष्य है, जिसमें से 58 लाख फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। शेष 42 लाख फार्मर आईडी 20 मार्च 2025 तक बनाए जाने के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिये कैम्प आयोजित किये जाने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार/नायब तहसीलदार को निर्देश दिये है। इस कार्यवाही हेतु कलेक्टर को जिला नोडल अधिकारी नामित किया गया है एवं भू-अभिलेख अधीक्षक (नियमित) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।उन्होंने निर्देशित किया है कि सहायक नोडल अधिकारी कैम्प की जानकारी अद्यतन करने एवं कैम्प आयोजन हेतु आवश्यक समन्वय एवं अधिकारियों द्वारा कैम्प भ्रमण की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे एवं पत्र में दिये गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त कार्य को 20 मार्च 2025 तक संबंधित पटवारी/तहसीलदार से पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाये अन्यथा की स्थिति में संबंधित के वेतन आहरण पर रोक लगाए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

वित्त आयोग के सदस्य श्री एएन झा ने बुधनी सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सीहोर

16वें वित्त आयोग के सदस्य श्री एएन झा ने वित्त आयोग द्वारा प्रदान की गई राशि के उपयोग की उपयोगिता और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन करने के उद्देश्य से सीहोर जिले के बुधनी सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान श्री झा ने यूनिट में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, स्टाफ की उपस्थिति, मशीनों की कार्य स्थिति तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का गहन अध्ययन किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से वित्त आयोग की निधि से किए गए कार्यों की जानकारी ली और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि स्वीकृत राशि का उपयोग पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनहित में किया जाए। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने वित्त आयोग के सदस्य श्री झा को बुधनी के ब्लॉक पब्लिक हेल्थ युनिट की कार्यप्रणाली, वर्तमान सुविधाएं तथा सेवाओं के साथ ही उपलब्ध संसाधनों और उनके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री झा ने चिकित्सकों एंव केंद्र के स्टाफ से संवाद भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, प्रसूति वार्ड, ओपीडी, पैथोलॉजी लैब और औषधि वितरण केंद्र का भी जायजा लिया। श्री झा ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए वित्त आयोग द्वारा निरंतर सहायता दी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुस्कान अभियान के तहत नाबालिग अपहृता की दस्तयाबी में तलेन पुलिस को सफलता

बृजमोहन कारपेंटर केसरिया हिंदुस्तान

राजगढ़ - जिले में गुमशुदा और अपहृत बच्चों की दस्तयाबी हेतु मुस्कान अभियान के तहत तलेन पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सारंगपुर अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना तलेन पुलिस टीम ने अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर अपहृता को दस्ताब किया है।

घटना दिनांक 22.01.25 को फरियादी ने थाना तलेन में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तलेन में परीक्षा देने गई थी, लेकिन बिना बताए कहीं चली गई। फरियादी ने किसी अज्ञात व्यक्ति पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का संदेह व्यक्त किया। इस पर थाना तलेन में अपराध क्रमांक 13/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के निर्देशानुसार थाना प्रभारी तलेन द्वारा विशेष टीम का गठन कर मुस्कान अभियान के अंतर्गत अपहृता की शीघ्र दस्तयाबी के प्रयास किए गए। पुलिस टीम ने सतत प्रयासों के बाद दिनांक 03.03.25 को नाबालिग बालिका को जीवन ज्योति कॉलोनी, पीथमपुर, धार से आरोपी राजकुमार पिता धनसिंह रुहैला (उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम करोदी) के कब्जे से दस्ताब किया।

बालिका के बयान के आधार पर प्रकरण में धारा 87, 64 बीएनएस 3/4, 5एल/6 पाक्सो एक्ट की बढ़ोतरी करते हुए आरोपी राजकुमार पिता धनसिंह रुहैला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सारंगपुर में पेश किया गया

यह कार्रवाई मुस्कान अभियान के तहत की गई, जिसका उद्देश्य गुमशुदा और अपहृत बच्चों की तलाश कर उन्हें सुरक्षित उनके परिवार तक पहुँचाना है। अभियान के अंतर्गत जिलेभर में बस स्टैंड रेलवे स्टेशन होटल फैक्ट्री धार्मिक स्थलों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस सतर्कता बरत रही है। इस सराहनीय कार्य करने वाली टीमसफल अभियान में थाना प्रभारी तलेन निरीक्षक मेहताब सिंह ठाकुर उप निरीक्षक जीतेन्द्र चौहान आरक्षक 1028 राहुल लोधी महिला आरक्षक 899 पूजा सिसोदिया सैनिक 60 लालसिंह यादव साइबर सेल प्रभारी उनि जीतेन्द्र अजनारे महिला आरक्षक 493 रश्मि शर्मा आरक्षक अंतिम सोलंकी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

छिंदवाड़ा और तहसीलों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

मारुति लाल विश्वकर्मा

छिन्दवाड़ा/ जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के 22 जनवरी 2025 के पत्रानुसार 08 मार्च 2025 (शनिवार) को विद्युत अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये जिले के विकासखंड छिन्दवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर व जुन्नारदेव विद्युत न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

म.प्र. शासन उर्जा विभाग के निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत लिटिगेशन/प्री-लिटिगेशन के लंबित निम्नदाब श्रेणी के सभी घरेलू, सभी कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं के विशेष न्यायालय में दर्ज एवं प्री-लिटीगेशन के प्रकरणों में छूट प्रदान करने के प्रावधान किये है। कंपनी द्वारा माननीय विशेष न्यायालय में दर्ज प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 20 प्रतिशत एवं सिविल दायित्व की राशि पर छः माही चक्रवृद्धि दर के अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष लगने वाले ब्याज की राशि में शत-प्रतिशत की छूट नियम एवं शर्तों के तहत प्रदान की जायेगी।

प्रकरण न्यायालय में दर्ज न होने की स्थिति (प्री-लिटीगेशन) में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं सिविल दायित्व की राशि पर लगने वाले छः माही चक्रवृद्धि दर के अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष लगने वाले ब्याज की राशि में शत-प्रतिशत की छूट नियम एवं शर्तों के तहत प्रदान की जायेगी। 08 मार्च 2025 (शनिवार) को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत दी जाने वाली छूट, आंकलित सिविल दायित्व राशि 10 लाख रूपये तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी। आवेदक को निर्धारित छूट के बाद शेष देय आंकलित सिविल दायित्व एवं ब्याज की राशि का एकमुश्त भुगतान करना होगा। आवेदक को विचाराधीन प्रकरण वाले परिसर या उसके नाम पर किसी अन्य संयोजन के विरूद्ध विद्युत देयकों की बकाया राशि का भुगतान करना होगा। आवेदक को विधिक संयोजन न होने की स्थिति में विधिक संयोजन प्राप्त करना एवं पूर्व में विच्छेदित संयोजनों के विरुद्ध बकाया राशि (यदि कोई हो) का भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। आवेदक को छूट विद्युत चोरी/अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जायेगी। पूर्व के लोक अदालतों में छूट प्राप्त आवेदक छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य विद्युत देयकों के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जायेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 08 मार्च 2025 में समझौता करने के लिये लागू रहेगी । अपराध शमन फीस अधिनियम के प्रावधान के अनुसार वसूल की जायेगी। 08 मार्च 2025 के बाद कंपनी द्वारा छूट प्रदान नहीं की जायेगी एवं 16 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज के साथ भुगतान करना होगा, जिसकी जवाबदेही उपभोक्ता/उपयोगकर्ता की होगी।

म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियन्ता ने उपभोक्ताओं/उपयोगकर्ता व्यक्तियों से अपील की है कि कंपनी एवं माननीय विशेष न्यायालय द्वारा की जाने वाली कार्यवाही से बचने के लिये कंपनी द्वारा प्रदत्त अवसर का लाभ लेते हुये 08 मार्च 2025 के पूर्व वितरण केन्द्र कार्यालय में एकमुश्त राशि का भुगतान कर नेशनल लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण करायें। साथ ही विद्युत देयकों की बकाया राशि का भुगतान कर कंपनी को सहयोग प्रदान करें। विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित संभागीय कार्यालय/वितरण केन्द्र से सम्पर्क किया जा सकता है।

कोयलांचल की शांति प्रिय फिजा में नशे का जहर घोल रहा आदतन अपराधी राजा, जिलाबदर का प्रकरण विचाराधीन

एक ओर चल रहा जिला बदर का प्रकरण, दूसरी ओर धड़ल्ले से गांजा बिक्री कर रहा आरोपी

रिज़वान ख़ान

बेलगाम होते अपराधियों में मानो कानून का खौफ अब समाप्त होता जा रहा है आलम यह है कि जिला बदर जैसे प्रकरण का भी अपराधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है हम बात कर रहे हैं शहडोल जिले के धनपुरी में जहां सोशल मीडिया में गांजा बेचने का वीडियो वायरल हो रहा है वही बताया जा रहा है कि दूसरी ओर कथित अपराधी राजा उर्फ लंगड़ा के जिला बदर की फाइल फाइनल स्टेज तक पहुंच चुकी है लेकिन अपराधी को कानून का भय फिर भी नहीं है।

शहडोल। जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बगैहा नाला के समीप मोहम्मद राजा के गांजा बिक्री का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल है वही उक्त वीडियो की तफ्तीश करने पर पुलिस से जानकारी प्राप्त हुई की कथित मोहम्मद राजा उर्फ लंगड़ा पर लगभग दो दर्जन अपराधिक प्रकरण वर्ष 2006 से लेकर 2025 तक में दर्ज हुए हैं कई दफा पुलिस की टीम ने कथित अपराधी के घर दस्तक भी दी, हालांकि कई बार पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा लेकिन अवैध हथियार ड्रग्स आर्म्स एक्ट एनडीपीएस गंज सहित दर्जनों अपराध दर्ज होने से एक बात तो स्पष्ट है कि पुलिस कार्यवाही करना चाहती है लेकिन तब सवाल यह उठता है कि आखिर राजा को संरक्षण दे कौन रहा है।

लगभग दो दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण : प्राप्त जानकारी के अनुसार 2006 से लेकर 2024 तक लगभग 18 मुकदमे मात्र धनपुरी थाने में कथित गांजा तस्कर के ऊपर दर्ज हैं, जिसमें लगभग तीन से चार बार आर्म्स एक्ट, गाली गलौज, मारपीट, शांति भंग 107/16 एवं महत्वपूर्ण एनडीपीएस एक्ट एवं ड्रग्स अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है जिनमें कुछ मामले न्यायालय में विचाराधीन बताये जा

रहे हैं तो कुछ में निर्णय भी हो चुके हैं बावजूद इसके बताया जाता है अपराधी अपनी करगुजारियों से बाज नहीं आ रहा है, तो इधर हाल ही में तत्कालीन पुलिस कप्तान कुमार प्रतीक द्वारा कथित अपराधी का जिला बदर भी जिला कलेक्टर न्यायालय में पेश किया गया था।

कहा अटकी जिला बदर की फाइल : लगभग दो दर्जन अपराध पंजीबद्ध होने के बाद पुलिस द्वारा अपराधी गतिविधियों में लगाम लगाने के लिए मोहम्मद राजा के जिला बदर का प्रकरण शहडोल कलेक्टर न्यायालय में पेश किया गया इधर न्यायालय में जिलाबदर का प्रकरण पेश किया गया उधर बदस्तूर अपराधिक गतिविधियों का सिलसिला जारी है अब सवाल यह उठता है कि आदतन अपराधी गांजा तस्कर जो क्षेत्र की फिजा में नशे का जहर घोल रहा है कि जिला बदर की फाइल कहां अटक गई तो दूसरी ओर जन चर्चा है कि कथित अपराधी खुद धनपुरी की गलियों में यह दंभ भरता नजर आ रहा है कि मैंने सेटिंग बनाकर अपनी फाइल रुकवा ली है, लेकिन दूसरी ओर कलेक्टर शहडोल की कार्यप्रणाली देखकर कथित अपराधी द्वारा भरा जा रहा दंभ पूर्णता खोखला प्रतीत होता है।

कही रेकी तो कही मैनेजमेंट

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कथित राजा ने रेकी और मैनेजमेंट दोनों सिस्टम अपने अवैध गांजा बिक्री के कारोबार में लागू कर रखा है जी हां घर के दोनों ओर एवं चौराहों में गुर्गे तैनात रहते है जब गांजे की बड़ी खेप आती है तब, जिनका काम होता है यदि पुलिस की कोई बड़ी टीम उस ओर आए तो खबर मिले, और दूसरी और बताया जाता है कि खाकी के कुछ जिम्मेदारों को मैनेजमेंट की मजबूत शाखा से राजा ने जोड़ रखा है जहां आंकड़े पांच अंको पर तय होते हैं वैसे 05 से 06 लोग स्थानीय महकमे से राजा की चौखट पर हाजरी लगाते हैं और मासिक नजराना उठाते हैं यही कारण है कि ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई और दबिश के पहले ही राजा को दबिश की जानकारी मिल जाती है और पुलिस को बेरंग खाली हांथ लौटना पड़ता है।

इनका कहना है

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो संभवत है पुराना होगा हमारी टीम द्वारा कई बार दबिश दी गई है, जिला बदर का प्रकरण पेश किया जा चुका है गवाहियां भी गुजर चुकी हैं निर्णय का इंतजार है। क्षेत्र में अवैध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

खेम सिंह पैंद्रो
टी.आई. धनपुरी

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शहडोल जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम अमझोर निवासी गोरेलाल रैदास ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि उनके पिता रमेश अहिरवार मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ नहीं है उनकी दिमागी हालत खराब रहती है तथा रमेश अहिरवार की उम्र लगभग 75 वर्ष पूर्ण हो चुकी है। किंतु अभी तक उनको वृद्धा पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उनका कहना था कि उनके पिता रमेश अहिरवार को वृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिलाया जाए। जिस पर कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शिकायत की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में शहडोल नगर के वार्ड नंबर 12 निवासी सोमबाई वंशकार पति राम चरण वंशकार ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ था। किंतु अभी तक उन्हें आवास बनाने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्तों का भुगतान नहीं किया गया है। उनका कहना था कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्तों का भुगतान किया जाए। जिस पर कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी शहडोल की ओर आवेदन प्रेषित कर शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई में राजस्व से संबंधित, सीएम किसान, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनके निराकरण हेतु कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कमिश्नर ने सुनी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं

समस्याएं एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में शहडोल संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी तथा समस्याओं और शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर को शहडोल जिले के जयसिंहनगर तहसील के ग्राम पांड़ के रामलाल पटेल ने आवेदन करते हुए बताया कि उसकी पत्नी को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिल रहा था। किन्तु कुछ माह योजना का लाभ मिलने के बाद अब लाडली बहना योजना की राशि खाते में नहीं आ रही है। रामलाल पटेल ने कमिश्नर से उसकी पत्नी को पुनः लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने की बात कही। रामलाल पटेल की शिकायत पर कमिश्नर ने सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास से शिकायत का परीक्षण करने के निर्देश दिए तथा हितग्राही को किन कारणों से लाडली बहना योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है इस संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर को आवेदन देते हुए सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ नीलमणि दुबे ने बताया कि वह शंभूनाथ महाविद्यालय में प्राध्यापक के रूप मे कार्यरत थी। वह 30 जून 2024 को सेवानिवत्त हो चुकी हैं। सेवानिवत्ति के पश्चात उसे अर्जित अवकास के नगदीकरण की राशि, फैमिली बेनीफिट फंड में जमा राशि, जीआईएस में जमा राशि, वेतन वृद्धि स्वीकृति उपरांत पेशन का पुनर्निधारण, वेतन निर्धारण के उपरांत पेंशन पुनरीक्षण कर राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होनें कमिश्नर से अनुरोध करते हुए कहा कि उन्हें उनके सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले स्वत्वों का भुगतान किया जाए। जिस पर कमिश्नर ने सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. नीलमणि दुबे को समझाईस दी की उनके सभी सेवा निवृत्ति के स्वत्वों का भुगतान करा दिया जाएगा। कमिश्नर ने प्राचार्य शंभूनाथ शासकीय महाविद्यालय को निर्देश दिए हैं कि वह सेवानिवृत्त प्राचार्य के स्वत्वों के भुगतान पर की जा रही कार्यवाही की प्रगति से उन्हे तत्काल अवगत कराएं। जनसुनवाई में शहडोल जिले के सोहागपुर तहसील के ग्राम कोटमा निवासी सुखराम कुशवाहा ने कमिश्नर को आवेदन देते हुए बताया कि उनकी पट्टे की भूमि का कुछ हिस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग एन.एच 43 में अधिग्रहीत कर लिया गया है। परन्तु अभी तक अधिग्रहीत की गई भूमि की कोई मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। उनका कहना था कि उनको उनकी अधिग्रहीत की गई भूमि के मुआवजे का भुगतान कराया जाए। जिस पर कमिश्नर से संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शिकायत की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कमिश्नर शहडोल संभाग ने जनसुनवाई कार्यक्रम में अन्य आवेदनों पर भी सुनवाई की। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सर्किट हाउस में संपन्न

शहडोल। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदोरिया एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा 2025 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए जिले की कमान पुनः श्रमजीवी पत्रकार गजेंद्र सिंह परिहार एवं संभागीय अध्यक्ष की कमान अनूपपुर के वरिष्ठ पत्रकार अजीत मिश्रा को सौंपी गई। मंगलवार की दोपहर जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक एवं नवीन वर्ष के परिचय पत्र वितरण का कार्यक्रम शहडोल रीवा रोड स्थित सर्किट हाउस में आयोजित हुआ, आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद अली प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, संभागीय महासचिव कृष्णा तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश पांडे मौजूद रहे, बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह परिहार एवं स्वागत उद्बोधन महासचिव अनुराग त्रिपाठी द्वारा दिया गया, वरिष्ठ साथी मोहम्मद अली, दिनेश अग्रवाल एवं कृष्णा तिवारी द्वारा मौजूद कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को संगठन का महत्व समझाते हुए मुरैना में होने जा रहे दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन एवं निर्वाचन की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के मुखिया सी एम मोहन यादव एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर तथा प्रांतअध्यक्ष शलभ भदोरिया के मुख्य अतिथि में मुरैना में कार्यक्रम संपन्न हो रहा है जिसमें सभी पत्रकार साथियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होना है। कार्यक्रम हेतु पत्रकार साथियों के रेल टिकट बुकिंग अन्य साधन संबंधी आवश्यक चर्चाएं बैठक में की गई, इस दौरान शहडोल के पत्रकार साथी संजीव गुप्ता कक्रिस्टी अब्राहम ,जुबेर खान, सगीर अहमद सहित अन्य पत्रकारों ने मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में ब्लॉक एवं जिला स्तर पर कुछ महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की गई एवं नवनियुक्त पदाधिकारी का माल्यार्पण से स्वागत किया गया।

ब्लाक अध्यक्षों की गई नियुक्ति : बैठक में नवीन वर्ष के परिचय पत्र वितरण के दौरान ब्लॉक स्तर पर नए वर्ष हेतु कार्यकारिणी गठित की गई थी, बैठक में जयसिंहनगर ब्लॉक अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी साथी राकेश गुप्ता, बुढार ब्लॉक की जिम्मेदारी साथी मिर्जा अफसर बेग, एवं नगर अध्यक्ष शहडोल की जिम्मेदारी साथी निशांत सिंह परिहार लकी को सौंपी गई, इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी द्वारा नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का माल्यार्पण का शुभकामनाएं प्रेषित की गई, साथ ही शहडोल जिला कार्यकारिणी को संशोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष का दायित्व साथी अनिल पांडे ब्यौहारी, साथी समीम खान धनपुरी, साथी राहुल मिश्रा शहडोल, साथी दीपेंद्र सिंह दीपक एवं साथी सिद्दीक अंसारी को सौंपा गया इसी प्रकार जिला सचिव पर साथी अशोक तिवारी, साथी विनीत त्रिपाठी, साथी जगदीश सेन गोहपारू, साथी विकास यादव ब्यौहारी, रिक्त संयुक्त सचिव पद का दायित्व आशीष त्रिपाठी जैतपुर एवं महेंद्र सिंह पवार धनपुरी एवं कृष्णा मिश्रा शहडोल को सौंपा गया। इसके साथ ही बुढार एवं गोहपारू ब्लाक महासचिव की नियुक्ति क्रमशः सुनील गौतम एवं यश कचेर की नियुक्ति की गई। वहीं आईटी सेल्स शहडोल संयोजक के रूप में पत्रकार जिशान खान की नियुक्ति की गई।

ये रहे मौजूद : सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में जिले संभाग एवं प्रदेश के पदाधिकारीगण, जिले के पदाधिकारी कार्यकर्ता लगभग आधा सैकड़ा से अधिक संख्या में मौजूद रहे जिनमें प्रमुख रूप से साथी मोहम्मद अली दिनेश अग्रवाल, कृष्णा तिवारी, अखिलेश पांडे, महिला पत्रकार सोनाली गुप्ता, अनुराग त्रिपाठी, सुमित सिंह चंदेल, सुनील द्विवेदी, राकेश अग्निहोत्री, मिर्जा अफसर, मों. सकील, सिद्धिक असारी, इस्लाम कादरी, समीम खान, रिजवान खान, संजीव गुप्ता, सगीर अहमद, यश कचेर, राकेश गुप्ता, विजय सिंह, महेंद्र सिंह पवार, कृष्णा मिश्रा, शिवम सिंह, राहुल मिश्रा, कोमल सिंह, दीपेंद्र सिंह, विश्वाश हलवाई, कविंद्र चतुर्वेदी, नीलेश जैन, सगीर अहमद, समीर खान सहित अन्य कई साथी मौजूद रहें।

शहडोल संभाग के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

शहडोल। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शहडोल संभाग उमेश कुमार धुर्वे ने जानकारी दी है कि संभागीय मुख्यालय शहडोल के दिव्यांग छात्रावास में संभाग स्तरीय ब्रिज कोर्स आवासीय प्रशिक्षण हिंदी अंग्रेजी गणित के विषयों के अध्यापन कार्य करने वाले कक्षा 9वीं के शहडोल संभाग के अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया जिले के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हिन्दी विषय का प्रशिक्षण 27 फरवरी 2025 से 01 मार्च 2025 तक एवं गणित विषय का प्रशिक्षण 02 मार्च 2025 से 04 मार्च 2025 तक रहा है, जिसमें अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण 05 मार्च 2025 से 07 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक संचालक खेल रईस अहमद, आर0के0 मंगलानी, अरूण कुमार कुशराम ने भी सहभागिता निभाई।

सलापुरा नहर पर एजाज भाई की सालों की दुकान का उद्घाटन हुआ

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक
केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001

आज सलापुरा नहर पर एजाज भाई की सैलून दुकान का उद्घाटन हुआ,जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में भूपेंद्र सिंह कराड़िया ब उनके सभी साथी गण मौजूद रहे, एजाज अली व नोशाद अहमद कुर्रेशी ने बताया की एजाज भाई की,पहले भी श्योपुर मैं सैलून की दुकान थी,लेकिन कुछ और अच्छा करने के लिए एजाज जयपुर में 1 साल की ट्रेनिंग लेके आए थे,फिर दुबारा से आज उनके सभी साथियों सहित आज दुकान का उद्घाटन किया जिसमे एजाज के परिवार वाले भी मौजूद रहे,सभी परिवार बालो ने और उनके सभी साथियों ने सैलून के उद्घाटन की बधाई दी,बहुत खुशी की बात है कि श्योपुर के युवा नोकरी की तलाश ना करते हुए बिजनिश की और ज्यादा अग्रसर हो रहे है,एजाज भाई से श्योपुर जिले के सभी युवा साथियों को सिख लेना चाहिए,सभी बेरोजगार युवाओं को अलग अलग बिजनिश के बारे में ट्रेनिंग लेकर,सभी को बिजनिश के बारे में सिख देना चाहिए

रमजान में छोटी उम्र का बड़ा जज्बा:बरखेड़ा में 6 साल की अलीना ने रखा पहला रोजा, साढ़े 13 घंटे तक निभाई सख्ती

दिनेश शुक्ला दैनिक
केसरिया हिंदुस्तानी

आलोट। आलोट तहसील के बरखेड़ा कला गांव में रमजान के पवित्र महीने में एक छोटी बच्ची ने बड़ी मिसाल पेश की है। जाकिर कुरैशी की 6 वर्षीय बेटी अलीना खातून ने अपना पहला रोजा रखकर सबको चौंका दिया। अलीना ने साढ़े 13 घंटे तक रोजे की सख्ती को पूरी श्रद्धा से निभाया। इस दौरान वह पूरी तरह से इबादत में मशगूल रही। छोटी उम्र में इतनी बड़ी हिम्मत दिखाने पर परिवार और गांव के लोगों ने उसकी सराहना की। घर के बुजुर्गों और रिश्तेदारों ने अलीना को दुआएं दीं। उसके पहले रोजे के मौके पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल रहा। परिवार के सदस्यों का कहना है कि यह एक खास पल है जब इतनी कम उम्र में कोई बच्चा रोजे की सख्ती को अपनाए।

रमजान के इस पवित्र महीने में कई छोटे बच्चे भी रोजा रख रहे हैं। इन बच्चों का उत्साह बड़ों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। परिजनों के अनुसार बच्चों में दिख रहा यह जज्बा इस पवित्र महीने की महत्ता को दर्शाता है।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादक: अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

जिले अस्पताल के गेट पर मेडिकल स्टोरों की भरमार अधिकांश के पास नही है स्पायरी बॉक्स

स्पायरी दवाओं के लेकर एक बार हो चुका है बड़ा बवाल फिर जिम्मेदार मौन

केसरीया हिंदुस्तान

सीतापुर। यूपी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त करने के लिये और मरीजों का बेहतर उपचार हो इसके लिये तमाम प्रयास कर रही है और ह रवह तरीका अपना रही है जिससे मरीजों को आसानी से सस्ता उपचार मिल जाये लेकिन सीतापुर के मेडिकल स्टोर संचालक सरकार और शासन के किसी भी आदेश का पालन नही कर सके है। मेडिकल स्टोर संचालन के लिये नियम बनया गया है कि हर मेडिकल स्टोर पर स्पायरी बाक्स होना चाहिए लेकिन जिला अस्पताल व महिला अस्पताल के गेट के बाहर सड़क के किनारे स्थित मेडिकल स्टोरों में अधिकांश मेडिकल स्टोरों पर स्पायरी बाक्स ही नही है। यह मेडिकल स्टोर के संचालक केवल मरीजों केा परेशान करने के लिये जतन कर अपनी जेबो का वजन भर रहे हैं। सूत्रों की माने तो जिला अस्पताल गेट के पास खुले अधिकांश मेडिकल स्टोरों पर स्पायरी बाक्स नही है लगे है इसके अलावा यह मेडिकल स्टोर संचालक एमआर और डाक्टर से सम्पर्क कमीशन बाजी के बल पर वह दवाये मरीजों तक पहुंचाने का काम करते है जो दवाऐं महंगी होती है और उन कम्पनी कमीशन ज्यादा देती है। जानकरों की माने इस तरह की दवाओं में पचास प्रतिशत तक कमीशन हो सकता है। इन दवाओं पर एमआरपी रेट ज्यादा होता है लेकिन मेडिकल स्टोर पर यह दवाएं एमआरपी रेट से पचासं प्रतिशत से भी कम मूल्य पर उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता सकता है जिला व महिला अस्पताल गेट पर खुले मेडिकल स्टोर किस हद तक मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इन मेडिकल स्टोर संचालको द्वारा समय समय पर स्पायरी डेट की दवाएं मरीजों तक पहुंचाने के आरोप लगे है मरीज के हाथों स्पायरी डेट की दवाएं बेंची गई जानकारी होने पर विवाद हुआ मामला कोतवाली नगर की दहलीज तक गया था।

पूर्व ब्लाक प्रमुख को दी जा चुकी है स्पायरी डेट की दवाएं : जिला अस्पताल के इसी गेट के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर के संचालक ने पूर्व ब्लाक प्रमुख को स्पायरी डेट की दवाएं बिक्री कर दी हैं। यह दवाएं दिल सम्बन्धी मर्ज की थी। जब इसकी जानकारी पूर्व ब्लाक प्रमुख जो दिल के मरीज थे उनको हुई तो उन्होने मेडिकल स्टोर के संचालक से सम्पर्क कर स्पायरी डेट की दवाएं देने की बात कही। जिस पर मेडिकल स्टोर का संचालक पूर्व ब्लाक प्रमुख से उलझ गया और मामला इतना बढ़ा की कोतवाली की दहलीज तक पहुंच गया था।

बोला संचालक मेडिकल यहां और ऊपर रखा बाक्स : स्थानीय गजानन मार्केट में नजूल भूमि पर बने स्पर्श हास्पिटल के मेडिकल स्टोर संचालक से जब पूछा गया कि आपका स्पायरी बाक्स कहां है तो दवाएं बेंच रहे कर्मचारी ने बताया कि हमारे मेडिकल स्टोर पर स्पायरी बाक्स नही लगा है जब इस संवाददाता ने कारण पूछा तो मेडिकल स्टोर पर बैठे कर्मचारी ने बताया कि मेडिकल यहां खुला हुआ है और बाक्स तीसरी मंजिल पर रखा हुआ है।

क्या बोली औषधि निरीक्षक

इस सम्बन्ध में जब औषधि निरीक्षक अनीता कुरील से बात की गई तो उन्होने कहा कि हर मेडिकल स्टोर वाला स्पायरी बाक्स रखता है तो कोई दराज में रखता है तो कोई कार्टन रखकर उसमें स्पायरी डेट की दवाएं रखता है। अब सवाल यह उठता है कि अगर मेडिकल स्टोर पर फ्रीज रखा जाता है तो पब्लिक के सामने दिखाई देता है जानकारों की माने तो स्पायरी बाक्स भी पब्लिक में दिखना चाहिए लेकिन औषधि निरीक्षके के अनुसार स्पायरी बाक्स दराज में या स्पायरी दवाइयां कार्टन में रखी जाती है। जो कि आम चर्चा का विषय है।

रुकनापुर ग्रामसभा में सरकारी धन के बंदरबांट के मिले संकेत

केसरीया हिंदुस्तान

सीतापुर(बेहटा) विकास खण्ड बेहटा की ग्राम पंचायत रुकनापुर में सचिव व प्रधान की मिलीभगत विकास निधि पर भारी पड़ रही है, सचिव लगातार प्रधानों से मिलीभगत कर सीधे तौर पर प्रधान व प्रधान परिजनों के नाम पर भुगतान कर उनको लाभ पहुचा रहे है, सचिव जारीआदेशों को दर किनार कर वित्तीय भुगतान करके सरकारी धन का बंदरबाँट कर रहे है। बताते चले ग्राम पंचायत रुकनापुर में सचिव ने प्रधान फूलकुमारी के नाम पर लगभग 70 हजार से अधिक का भुगतान कर सरकारी धन को चुना लगाया हैं वही सचिव के द्वारा प्रधान के पुत्र नितिन के नाम पर व एक अन्य परिवारीजन मोनू देवी पत्नी आशीष के नाम पर भी भुगतान किए गये है। प्रधान में सचिव से मिलकर सुलेखा देवी के नाम पर 15वे पंचम वित्त के खातो से सुलेखा देवी के नाम पर 1 लाख से अधिक का भुगतान कर फर्जीवाडा किया गया है। जब इस सम्बंध में ग्राम पंचायत सचिव अर्पित गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जुलाई में हुए भुगतान तो मेरे द्वारा ही किया गया है लेकिन मुझे जानकारी नही है कि यह उनके परिवारीजन है लेकिन मार्च 2025 में हुए भुगतान दूसरे सचिव ने किए है।

बलौदाबाजार जनपद पंचायत की निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई सुलोचना यादव

जनपद पंचायत मे एक बार फिर भाजपा का कब्जा

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

बलौदाबाजार। जिले के जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र क्रमांक 5 से जनपद सदस्य पद के लिए निर्वाचित हुई सुलोचना यादव ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। जनपद पंचायत बलौदाबाजार के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया जिससे यह साफ हो गया कि क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता और नेतृत्व पर सभी को भरोसा है।सुलोचना यादव के निर्विरोध जनपद अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व की सराहना की।

जनता की सेवा के लिए संकल्प : निर्विरोध जनपद अध्यक्ष चुने जाने के बाद सुलोचना यादव ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं अपने क्षेत्रवासियों की आभारी हूँ जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का पल है। मैं अपने कार्यकाल में जनहित के कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाऊँगी और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दूँगी।

पिछले कार्यकाल में विकास कार्यों की मिसाल: सुलोचना यादव के पिछले कार्यकाल में शिक्षा स्वास्थ्य सड़क निर्माण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कई अहम फैसले लिए गए थे। उनके कार्यों की बदौलत क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ जिससे जनता ने उन्हें दोबारा जनपद पंचायत अध्यक्ष के रूप में स्वीकार किया।

राजनीतिक रणनीति और भविष्य की योजनाएँ: राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सुलोचना यादव का निर्विरोध अध्यक्ष बनना उनकी मजबूत नेतृत्व क्षमता और क्षेत्र में उनकी पकड़ को दर्शाता है। उनके नेतृत्व में पंचायत को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की उम्मीद की जा रही है। उनकी प्राथमिकताओं में अधूरे विकास कार्यों को पूरा करना ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करना और युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार और शिक्षा के अवसर बढ़ाना शामिल होगा।

खनन माफियाओं ने निकाला अवैध खनन का नायाब तरीका

केसरीया हिंदुस्तान

सीतापुर। खनन अधिकारी की सख्ती के बाद खनन माफियाओं ने खनन अधिकारी से बचने के लिए नायाब तरीके को खोज निकाला है, खनन माफियाओं स्थानीय पुलिस से मिलीभगत कर अवैध खनन को अंजाम दे रहे है जिसमे पुलिस से लेकर राजस्व विभाग के जिम्मेदारो तक के संरक्षण की बू आ रही है, बताते चले कि इस समय जनपद में खनन अधिकारी की कार्यवाही से बचने के लिए खनन माफिया ईंट भट्टा मालिको से सांठगांठ कर ईंट भट्टो के नाम से परमिशन बनवा रहे है और उसके बाद अपने मंसूबो को कामयाब कर रहे है, जनपद कई ऐसे मामले सामने आए है जँहा पर खनन माफियाओं ईंट भट्टो की परमिशन की आड़ में प्लाटिंग की जमीनों पर दिन-दहाड़े मिट्टी पटान करने का काम कर रहे है, जनपद की तहसील लहरपुर में लच्छनपुर में मुख्य रोड से सटी प्लाटिंग में खनन माफिया मिट्टी पटान का काम कर रहे है, सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार खनन की परमिशन किसी तीन फूल मार्का ईंट भट्टे के नाम पर जारी की गई है जबकि खनन कर लायी गयी मिट्टी भट्टे पर न जाकर व्यक्तिगत प्लाटिंग की जमीन पर पटान के लिए इस्तेमाल की जा रही है, वही मौके पर पटान वाली भूमि पर मकानों के भी निर्माण जारी है जिससे कही न कही स्थिति साफ होती नजर आती है की खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन कर पटान कराया जा रहा है। वही तहसील सीतापुर में थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के नैपालापुर में महीनों से अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है खनन माफियाओं ने एस टी एल मार्का ईंट(सेठ टेकचंद लालचंद) भट्टे के मालिक मयंक जगवानी के नाम से परमिशन जारी करा रखी है, जिसमे ईंट भट्टे को गाटा संख्या 1004 में स्थित होना दिखाया गया है, और खनन के लिए ग्राम मूसेपुर, मजलिसपुर, मुबारकपुर,गौरा अर्जुनपुर, शाहपुर समेत आठ गाटा संख्याओ में खनन की अनुमति दी गयी है बावजूद इसके खनन माफिया लगभग एक माह से शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों को ताख पर रख कर खनन कर रहे है व ईंट के भट्टे के पूरब दक्षिण नैपालापुर लहरपुर मार्ग पर ईश्वर जगवानी कि जमीन गाटा संख्या 441, 443 व 444 में अवैध पटान किया जा रहा है वही सूत्र यह भी बताते ही कि उक्त भूमि को प्लाटिंग के लिए धारा 80 जी की मंजूरी भी ले ली गयी है, फिर जिम्मेदारो के संरक्षण में लगातार अवैध खनन कर मिट्टी पटान करने का काम किया जा रहा है। जब नैपालापुर में हो रहे अवैध खनन व पटान के सम्बंध में तहसीलदार सदर से जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि मुझे जानकारी नही थी अब पता चला है दिखवाते है जबकि फरवरी माह में खनन अधिकारी के द्वारा कुछ डम्परों पर कार्यवाही भी की गई थी।

नगर पंचायत का बदला जनपद पंचायत से चुकाया

जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निविरोध निर्वाचित, विपक्षी को मुंहतोड़ जवाब

जनपद पंचायत जैजैपुर में जनपद सदस्यो ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष

धनेश्वर साहू केसरिया हिंदुस्तान से शक्ति ब्यूरो चीफ

चुनाव निर्विरोध जीतकर नगर पंचायत जैजैपुर का बदला लिया जनपद पंचायत जैजैपुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का चुनाव हुआ जहां पर भारतीय जनता पार्टी समर्थित अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा खुंटे एवं उपाध्यक्ष सीताराम चंद्रा ने निविरोध निर्वाचित हुए इन दोनों के खिलाफ कोई भी प्रत्याशी मैदान में दिखाई नहीं दिया । पहले से ही यह सभी जनता को मालूम था कि इस बार जनपद पंचायत मे भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनेने जा रहा है और वही हुआ जो की दोनों पद पर भारतीय जनता पार्टी के समर्थित प्रत्याशी निविरोध चुने गए जैसे ही यह जानकारी आम जनता को हुआ आतिशबाजी होने लगा और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे गुजते रहे वहीं पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा लहराते हुए दिखाई दिया । जनपद सदस्यों ने भारी बहुमत से जनपद पंचायत जैजैपुर में अपना कब्जा किया जिसने मुख्य रूप से गोपी सिंह ठाकुर ,केशव चंद्रा सोनसाय देवांगन ,विष्णु साहू ,सचिन सिंह ,दिगंबर साहू तथा भारतीय जनता पार्टी के तमाम नैताद्वय कार्यकर्ता दिखाई दिए और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते रहे विजयी जुलूस नगर में भ्रमण किया और पूर्व विधायक केशव चंद्रा के निवास स्थान जाकर समाप्त हुआ । इस तरह से यह कहा जा सकता है कि नगर पंचायत जैजैपुर में भारतीय जनता पार्टी की हार हुई थी जिनका उन्होंने जनपद पंचायत जैजैपुर में अपना अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनाकर अपनी पराजित का बदला भारतीय जनता पार्टी ने ले लिया ।

पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाईन्नवनिर्वाचित सरपंच ने शपथ ग्रहण कराने के साथ संभाला कार्यभार

मनोज कुमार दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

बेमेतरा– बेरला ब्लॉक में शपथ ग्रहण समारोह के साथ सरपंच और पंच अपना-अपना प्रभार संभाल लिया। ग्राम पंचायत कोहड़िया में पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच श्री रोहित शिवारे को ग्राम पंचायत सचिव श्री गजेंद्र वर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के बाद सरपंच रोहित शिवारे ने कहा कि वह पंचायत के एक-एक गांव का विकास करेंगे। सभी की समस्याओं का तत्काल समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। इसी के साथ ही प्रत्येक हितग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों के साथ सभी पंच शोभा ठाकुर, राजेंद्र कुमार साहू, कालिंद्री साहू ,गौकरण साहू, संजय साहू,अर्जुन साहू,आशीष वर्मा, राजेंद्र कुमार साहू, रीना पाल, पुष्पा शिवारे,रुक्मिणी बाई नायक,राजेश वर्मा ,माया सेन,भुवनेश्वरी,लोमिन पाल,तुलसी नायक,रुक्मणी वर्मा,धनेश्वरी पाल भी मौजूद रहे।

देश के कर्णधारों को संदीप ने जागरूक किया

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत

पीलीभीत। श्री नारायण सेवा ट्रस्ट के संस्थापक संदीप खंडेलवाल (गायत्री परिजन) सपत्नीक आज प्राथमिक विद्यालय राजीव कॉलोनी पीलीभीत पहुंचे और विद्यालय के 4 क्लास एवं 5 क्लास के प्यारे बच्चों से मिले, सभी से जीवन उपयोगी वार्तालाप की, साफ सफाई से रहते हुए मन लगाकर पढ़ने की बात कही,नित्य स्नान ,दांत,नाखून, बालों एवं आंखों को साफ रखने और मन लगाकर पढ़ने को प्रेरित किया

इसके साथ कहा कि सभी बच्चे बड़े होकर दो पहिया चार पहिया वाहन चलाएंगे पर उन्होंने सभी से प्रॉमिस करवाया कि वे अपने-अपने परिजनों एवं मिलने वालों को सदैव हेलमेट,सीटबेल्ट लगाने के लिए कहेंगे क्योंकि इससे जीवन की रक्षा है इसी के साथ सभी टीचर्स को भी यातायात जगत के पत्रक भेंट कर जागरूकता संदेश को आगे बढ़ने का अनुरोध किया। विद्यालय के शिक्षकों ने इस जागरूकता के प्रयास की सराहना करी। यहां प्रधानाचार्य सोनाक्षी खंडेलवाल ,राशि ठाकुर, सीमा रानी खंडेलवाल उर्मिला देवी, फूलमती , ममता कश्यप, मीना अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे ।

कलमकार साहित्य - श्री अलंकरण 2025 से सम्मानित हुए रमेश कुमार

मनोज कुमार दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

बेमेतरा– छत्तीसगढ़ कलमकार मंच मस्तुरी, बिलासपुर के तृतीय वार्षिक अधिवेशन 2 मार्च 2025 को अमर टापू धाम, जिला मुंगेली छत्तीसगढ़ में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम श्री एस. एल. रात्रे, आई.ए. एस. पूर्व सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य आतिथ्य, डॉ. एन. डी. आर. चंद्रा, पूर्व कुलपति बस्तर विश्वविद्यालय की अध्यक्षता तथा डॉ. स्वामी राम बंजारे प्रोफेसर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस गरिमामयी उपस्थिति में साहित्य सृजन हेतु गीतकार, साहित्यकार श्री रमेश कुमार, निवासी ग्राम दामापुर, जिला बेमेतरा को कलमकार साहित्य-श्री अलंकरण 2025 से सम्मानित किया गया। रमेश कुमार को साहित्य सेवा हेतु अनेको साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के संस्थापक आद. किशन टंडन क्रांति जी, वरिष्ठ साहित्यकार एवं उपसंचालक, छत्तीसगढ़ शासन, श्री गोवर्धन मार्शल जी, वरिष्ठ साहित्यकार, श्री दुर्गा बघेल जी, संस्थापक एवं अध्यक्ष अमरटापू धाम, डॉ. प्यारे लाल आदिले, श्री मणीशंकर दिवाकर, श्री जुगेश बंजारे जैसे ख्याति प्राप्त हस्ती उपस्थित थे।

पीएम मोदी के हर घर शौचालय के दावे सलेमपुर गदा में फेल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान सहारनपुर ब्यूरो चीफ जाती राम

सहारनपुर ब्लॉक सढौली कदीम के ग्राम सलेमपुर गदा में पात्रता की श्रेणी में होने पर भी नहीं बन पाया आवास 13 साल से झोपड़ी में रह रहा है गरीब परिवार बड़ा सवाल यह है सरकार के द्वारा ग्राम चौपाल लग रही है जिसमें जनहित की समस्याओं को सुना जा सके लेकिन गांव सलेमपुर गधा की बात करें जिसमें मुकेश कुमार सैनी पात्रता की श्रेणी में है अधिकारियों के दर-दर भटकने के बाद भी नहीं मिल पाया आवास योजना का लाभ ग्राम प्रधान वह संबंधित अधिकारी कर रहे हैं अनदेखा पीड़ित ने बताई आप बीती

आपको बता दें मुकेश की पत्नी गीता रानी ने बताया इस झोपड़ी में बीते 13 साल से रह रहे हैं सलेमपुर गांव में लगभग 20 मकान बन चुके हैं सबसे ज्यादा मकान एक ही समुदाय के बने हैं प्रधान पक्षपात करता है अब बड़ा सवाल यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ सबका विकास का नारा कहां है बात करें उत्तर प्रदेश की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वह प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेशों के बाद भी संबंधित अधिकारी बेखबर मुख्य विकास अधिकारी ग्राम चौपाल लगाकर जनहित की समस्या सुन रहे है मगर मुकेश कुमार का कहना है कि हम राजनिति का शिकार हो रहे मगर किसी भी अधिकारी का ध्यान हमारी ओर नही है

नवनिर्वाचित पंच ,सरपंच का शपथ ग्रहण समारोह

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
सूरज जायसवाल

महंगई/ विकासखंड प्रेम नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत महंगई मैं लोकतंत्र के पावन त्यौहार के उपरांत जनता द्वारा चुने गए ग्राम महंगई के नवनिर्वाचित सरपंच व पंचगणों का शपथ ग्रहण समारोह पंचायत भवन परिसर में संपन्न हुआ।। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों मां सरस्वती व भारत माता की छाया चरित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया।।सामूहिक रूप से सरपंच एवं पचों को शपथ दिलाई।। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों सहित गणमान्य नागरिकों ने सरपंच व पंचो को बधाई देकर ग्राम विकास की परिकल्पना को साकार करने की शुभकामनाएं दी।। नवनिर्वाचित सरपंच व पंचगणों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी को जनता ने अपना बहुमूल्य मत देकर यहां तक भेजा है।। उम्मीद है कि आप सभी ग्राम वासियों की कसौटियों पर खरा उतरेंगे।

नवनिर्वाचित सरपंच ने शपथ ग्रहण लिया: नवनिर्वाचित सरपंच सुरेंद्र पैकरा ने शपथ ग्रहण के उपरांत कहा की जनता ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ ग्राम पंचायत का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है।। उस पर खरा उतरूंगा।। उन्होंने कहा कि पंचायत की अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति तक शासन की महत्वाकांक्षी व जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना पहली प्राथमिकता होगी ।। ग्राम विकास की दिशा में सकारात्मक कार्य किए जाएंगे।।

नवनिर्वाचित पंचों ने शपथ ग्रहण लिया: अनोज रवि, जगमनिया, सुनीता रवि,सरोजनीबाई,आशा पोर्ते, आलेक जायसवाल, कांति जायसवाल, ज्वारों बाई,हकीम, संतोषी यादव, परमानंद पैकरा, जनेश्वरी, शिवमंगल पैकरा, पुष्पा, तीरथ राजवाड़े, रीता रवि

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री चौधरी ने पेश किया ऐतिहासिक बजट

रायगढ़ को मिली कई सौंगातें, सभी वर्गों ने की सराहना

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान /

सुरेन्द्र बघेल

रायगढ़। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने विधानसभा में बजट पेश किया। जिसमें किसान, व्यापारी, युवा, महिला सहित सभी वर्गों के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है, जिसका लोगों ने सराहना की। इस बजट में रायगढ़ जिले के लिए भी काफी सौगातें शामिल है। जिसमें नैचुरोपैथी हब, साइंस पार्क, शासकीय नर्सिंग कालेज, फिजियोथैरेपी कालेज, रायगढ़ से लोईंग-महापल्ली फोरलेन के कार्य प्रमुख रूप से शामिल है।

बजट पर किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ के विद्यार्थी विजिया प्रधान ने कहा कि सभी वर्ग को ध्यान में रखने के साथ ही बजट में शिक्षा के क्षेत्र पर काफी ध्यान रखा गया। जिले में शासकीय नर्सिंग कॉलेज के खुलने से सीटों में बढ़ोत्तरी के साथ जिले के विद्यार्थी आसानी से नर्सिंग की शिक्षा प्राप्त कर पायेंगे। सूरत लाल गुप्ता ने कहा कि वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी द्वारा पेश बजट काफी अच्छा रहा। इसमें नगरीय निकायों में नालंदा परिसर खोले जायेंगे। जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों में सहायता मिलेगी।

महिला आईटीआई में अध्ययनरत पिंकी साहू ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के प्रगति का बजट पेश हुआ है। जिसमें आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक कालेज के उन्नयन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इससे तकनीकी शिक्षा में कौशल विकास के साथ-साथ सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ट्रेनिंग ऑफिसर, आईटीआई रायगढ़ के दिलीप कुमार तिवारी ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट शिक्षा के क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण रहा। जिसमें आईटीआई के उन्नयन की बात कही गयी है। जिससे आईटीआई में इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही नये ट्रेड के साथ स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा मिलेगा, जिससे विद्यार्थियों को रोजगार मिलने में आसानी होगी।

महापल्ली निवासी व्यापारी विकास अग्रवाल ने कहा कि सभी वर्गों के लिए अच्छा बजट रहा। व्यापारियों के लिए ई-वे बिल जनरेट करने की सीमा में बढ़ोतरी की गई है। जिससे छोटे व्यापारियों को लाभ मिलेगा। वहीं रायगढ़ से लोईंग-महापल्ली फोरलेन बनने से यातायात के साथ ही व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

साल्हेओना निवासी कृषक रोहित साहू ने कहा कि बजट में कृषि विकास के क्षेत्र में विशेष ध्यान में रखा गया है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। एकताल निवासी भोगीराम झारा ने कहा कि बेल मेटल आर्ट, कोसा, टेराकोटा, बैम्बू जैसे कला कौशल हेतु नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नालॉजी की स्थापना का निर्णय लिया गया है। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

डीए में वृद्धि की घोषणा से शासकीय कर्मचारियों में हर्ष का माहौल: वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने विधानसभा में शासकीय कर्मचारियों के डीए में वृद्धि की घोषणा की है। जिससे सभी शासकीय कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। राजस्व विभाग में पदस्थ चैतराम ने कर्मचारियों के हित में डीए में वृद्धि पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी का आभार जताया है।

पत्रकार सम्मान निधि में बढ़ोत्तरी पत्रकारों के हित में अहम निर्णय : वरिष्ठ पत्रकार शेष चरण गुप्ता ने कहा कि पत्रकारों के लिए एक्सपोजर विजिट के लिये 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी तरह पत्रकार सम्मान निधि की राशि को दोगुना करते हुए 10 हजार रूपये से बढ़ाकर 20 हजार रूपये किया गया है। जो कि पत्रकारों के हित में अहम निर्णय है।

फुलकारी WOA ने ग्रैंड फुलकारी गाला नाइट के साथ वर्ष 2024-25 का समापन किया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब

अमृतसर। फुलकारी WOA ने वर्ष 2024-25 का समापन गाला नाइट के साथ किया, जो न केवल वर्ष भर की सफलताओं का समापन है, बल्कि नई शुरुआत और निरंतर उत्कृष्टता की शुरुआत है।

मंत्रमुग्ध कर देने वाली गाला नाइट भव्यता, उत्साह और अविस्मरणीय क्षणों की एक शानदार शाम थी। इस खूबसूरत शाम में उपलब्धियों, नई शुरुआत और जीवंत भावना का जश्न मनाया गया, जिसमें वूमन ऑफ सब्सटेंस अवार्ड्स, चेंज ऑफ गार्ड समारोह और अंशु मोर द्वारा स्टैंड-अप कॉमेडी शो मुख्य आकर्षण थे। शानदार रेडिसन ब्लू होटल में शानदार और जश्न की शाम लगभग 300 लोगों की अविश्वसनीय सभा की शालीनता, ग्लैमर और गर्मजोशी से भरी हुई थी। दूरदर्शी अध्यक्ष शीतल सोहल ने स्लाइड शो के साथ वर्ष 2024-25 के लिए फुलकारी गतिविधियों की सबसे प्रभावी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुति की। प्लेटिनम प्रायोजक जेसी मोटर्स, गोल्ड प्रायोजक ऐस वेकेशन एंड ट्रैवल्स, सिल्वर प्रायोजक द शॉल स्टूडियो, मीडिया और प्रचार प्रायोजक क्रिएटिव ओओएच और रेड एफएम 93.5 के उदार योगदान को विनम्रतापूर्वक स्वीकार किया गया और उनकी घोषणा की गई। हमारे संरक्षक लूथरा बॉटल्स, लाल अस्पताल, जेपी फाइनेंशियल और पेट्रोनेट एलएनजी की उदारता और निरंतर समर्थन ने वर्ष के लिए हमारी परोपकारी गतिविधियों को संचालित किया।

जनपद पंचायत रायगढ़ के ग्राम पंचायत कुलबा में सरपंच व पंचों ने किया शपथ ग्रहण

सुरेन्द्र बघेल / केसरिया हिंदुस्तान

रायगढ़– जनपद पंचायत रायगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुलबा में शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ में नवनिर्वाचित सरपंच डोल कुमारी और सभी पंचों, गणमान्य नागरिकों का पुष्पहार से स्वागत की गई । तत्पश्चात त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नव निर्वाचित सरपंच डोल कुमारी धनुर्जय पटेल व पंचों को दिनांक 3 मार्च 2025 को ग्राम पंचायत भवन प्रांगण कुलबा में प्रभारी अधिकारी द्वारा पंचायती राज अधिनियम के तहत क्रमवार शपथ दिलवाया गया व सभी पंचगण को प्रभारी अधिकारी द्वारा निर्वाचित प्रमाण पत्र वितरण की गई। सरपंच डोल कुमारी धनुर्जय पटेल ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि गांव के विकास कार्य को बिना भ्रष्टाचार के बेहतरीन करेंगे। शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचा कर उन्हें लाभ दिलायेंगे। ग्राम पंचायत कुलबा में जो भी मूलभूत निर्माण कार्य बचा होगा उसे शासन से स्वीकृति कराकर पूरा करूंगी। सरपंच डोल कुमारी ने कहा कि शासन स्तर के जो भी जनहित योजना जैसे महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना , सहित सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए घर घर सर्वे करते हुए आवेदन किया जाएगा ताकि शासन के सभी योजनाओ का लाभ हितग्राहियों को मिल सके। सरपंच डोल कुमारी ने केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार को आभार जताते धन्यवाद किया कि आज महिलाओं को केवल घर खाना बनाने तक ही नहीं देश और प्रदेश के विकास में भागीदारी के लिए सभी क्षेत्रों में उन्हें आगे किया जा रहा है। वही आज की स्थिती में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी महिलाओं को आगे आने के लिए आरक्षण दी गई है। जिससे महिलाओं का भी समाज सुधार और राष्ट्र का विकास में बड़ी भागीदारी रहे। सरपंच डोल कुमारी ने ग्राम पंचायत कुलबा के सभी ग्रामवासियों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया हैं।

पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई-नवनिर्वाचित सरपंच ने शपथ ग्रहण कराने के साथ संभाला कार्यभार

मनोज कुमार दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

बेमेतरा– नवागढ़ ब्लॉक में शपथ ग्रहण समारोह के साथ सरपंच और पंच अपना-अपना प्रभार संभाल लिया। ग्राम पंचायत धोबनीखुर्द में पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती सरोज रवि पटेल को पीठासीन अधिकारी श्री राकेश चतुर्वेदी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह के बाद सरपंच सरोज रवि पटेल ने कहा कि वह पंचायत के एक-एक गांव का विकास करेंगी। सभी की समस्याओं का तत्काल समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। इसी के साथ ही प्रत्येक हितग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों के साथ पंचों श्री धर्मेन्द्र कुमार, रामविलास, सविता, प्रीति पटेल, मंतराम, लालाराम, सुरुज बाई, पुनाराम , अल्का पात्रे,सीमा ध्रुव भी मौजूद रहे।

पुलिस का बड़ा एक्शन! जुआ के बड़े अड्डे पर छापा, 7 गिरफ्तार, 1.02 लाख नकद और 6 बाइक जब्त

अजीतनारायण

जशपुर: जशपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पत्थलगांव क्षेत्र के बेलडेगी जंगल में चल रहे जुआ अड्डे पर छापा मारा और 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में पुलिस ने 1,02,000 रुपये नकद, 6 मोटरसाइकिल और ताश के पत्ते बरामद किए। जशपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस्क) शशि मोहन सिंह को 4 मार्च 2025 को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि बेलडेगी जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल और थाना प्रभारी निरीक्षक विनित पांडेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई और जंगल में छापेमारी की गई। जुआ खेलते हुए पाए गए 7 आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ा। इस दौरान आरोपियों को पकड़ने में एसडीओपी ध्रुवेश कुमार जायसवाल और थाना प्रभारी पत्थलगांव को हल्की चोटें भी आईं। पुलिस ने 7 आरोपियों से कुल 1,02,000 रुपये नकद बरामद किए, जिसमें शेरू खान (26, लैलुंगा) 16,000, त्रिभुवन सिंह (40, लैलुंगा), 15,000 श्रवण साय (58, पण्डरीपानी तमता) 16,000, शुकरू यादव (38, हांथीबेड़) 15,000 सदर राम (56, बगईझरिया) 15,500 चंद्रप्रकाश (25, कोल्हेनझरिया) 13,000, मदन यादव (32, मठपहाड़) 11,500, गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 45/25 के तहत धारा 3 (2) जुआ एक्ट और बी.एन.एस. की धारा 112 (2) के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की गई है। इस रेड अभियान में एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, निरीक्षक विनित पाण्डेय और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। इस शानदार सफलता पर एस्क जशपुर ने पूरी टीम को इनाम देने की घोषणा की है। एस्कशशि मोहन सिंह ने बताया कि जिले में जुआ और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि इस तरह की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

बलौदाबाजार। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 04 मार्च को संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी हेलीकाप्टर से पहुंचे। उनके साथ धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल खाद्य मंत्री दयालदास बघेल भी साथ थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीपैड पर पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा कलेक्टर दीपक सोनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल डीएफओ मयंक अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा गुलदस्ता भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गिरौदपुरी मेला में शामिल होने पहुंचे थे।

विदेश भेजने के नाम पर लोगों से बीस लाख की ठगी,शिकायत

केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो कौशाम्बी

कौशाम्बी।जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र के घोषियाना (अफजलपुर सातो) निवासी युवक ने फतेहपुर के बेरोजगारों से विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 20 लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि नौकरी नहीं दिलाने पर युवकों ने रुपये मांगे तो जानलेवा धमकी अलग से दी गई। एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस प्रकरण की छानबीन में जुट गई है। फतेहपुर जिले के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सैदपुर खरगूपुर बरगला गांव निवासी संदीप कुमार पुत्र जगन्नाथ ने बताया कि मई 2022 में उसकी मुलाकात घोषियाना (अफजलपुर सातो) के रहने वाले सुहैल पुत्र बरकत उल्ला से हुई। पीड़ित की मानें तो आरोपी सुहैल ने उससे कहा कि वह बेरोजगार युवकों को विदेश भेजकर नौकरी दिलाने का रजिस्टर्ड एजेंट है। पीड़ित के मुताबिक आरोपी ने उसको झांसे में ले लिया। उसके झांसे में आकर पीड़ित ने अपने परिचित व रिश्तेदारी के युवक उदय नारायण, यदित्य सिंह, कुलदीप सिंह, प्रमोद कुमार, अंशुमान और रिंकू पाल आदि से आरोपी को 20 लाख 37 हजार 800 रुपये दिला दिए। बताया कि यह रकम नकद और ऑनलाइन माध्यम से जून 2022 से लेकर नवम्बर 2022 तक के बीच विभिन्न खातों में आरोपी को दी गई। पहले तो वह आज-कल करके मामले को टालता रहा। इसके बाद रुपया मांगने पर जान से मार डालने की धमकी देने लगा। इससे परेशान पीड़ितों ने दो दिन पहले मामले की शिकायत एसपी से की। एसपी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देश पर सोमवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। कड़ा धाम इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है। दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

होली पर्व को लेकर आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

हुड़दंग करने वालों पर रहेगी पहली नजर- सिंह

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सूरज जायसवाल

महंगई दतिमा मोड़- सूरजपुर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशानुसार करंजी चौकी परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक की गई।

बैठक के दौरान चौकी प्रभारी करंजी संतोष सिंह ने कहा कि होली के बहाने हुड़दंग करने वालों व अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पहली नजर रहेगी। डीजे बजाते हुए पकड़े जाने पर साउंड-बॉक्स मशीन सेट जप्त कर उसके संचालक पर कानूनी कार्रवाई होना तय है। होली के दिन प्रत्येक गांव में पुलिस तैनात रहेगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक मामलों में सहयोग की अपेक्षा है। इस बीच एएसआई वरुण तिवारी ने कहा कि होली एक भाईचारे का पर्व है। इसमें लोग एक दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग करके खुशी मनाते हैं। किसी प्रकार की कहीं कोई गलत घटना या अपराध ना हो इसका विशेष ध्यान रखें।

बैठक में इजराइल खान, शंकर राजवाड़े, दशरथ राजवाड़े, अमृत पैकरा, मोहिबुल हसन, रामचंद्र सिंह, बाबी सिंह, जहांगीर हसन, भूषण बघेल, संतोष दास, रिझवार राम, अनूप जायसवाल, बुलटू पैकरा, रामकुमार सिंह, श्याम कुमार, सरपंच पति दतिमा आदित्य कुमार, रामकुमार सिंह, अनिल प्रजापति, सरीफ अंसारी, ललित, मनीष, रोशन प्रजापति सहित पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक जेपी कुजूर, राजकुमार सिंह, जवाहर सिंह, हरविंदर सिंह आरक्षक रमेश कसेरा, जितेंद्र सिंह, मुनेश्वर राजवाड़े, रामदेव, चंद्र राजवाड़े उपस्थित थे।

आयात पर निर्भरता घटाने हेतु दलहनों का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए : सुरेश भाई ठक्कर

केसरीया हिंदुस्तान

(उदय ठक्कर मुंबई) कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ अध्यक्ष श्री सुरेश भाई ठक्कर ने कहा भारत दुनिया में दलहनों का सबसे बड़ा उत्पादक एवं खपतकर्ता के साथ-साथ सबसे प्रमुख आयातक देश भी बना हुआ है। पिछले दो साल से यहां विशाल मात्रा में दलहनों का आयात हो रहा है। वर्ष 2024 में तो इसका आयात तेजी से बढ़कर 67 लाख टन के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा तुवर, उड़द, देसी चना एवं मसूर का आयात अभी जारी हैं। पिछले साल अकेले पीली मटर का आयात 30 टन से ऊपर पहुंच गया। दलहनों के बढ़ते आयात और इस पर खर्च होने वाली भारी-भरकम बहुमूल्य विदेशी मुद्रा को गंभीरता से लेते हुए स्वयं प्रधानमंत्री ने सभी सम्बन्ध पक्षों से दलहनों का घरेलू उत्पादन बढ़ाने में सहयोग देने की अपील की है और बजट प्रस्तावों को ज्यादा प्रभावशाली ढंग से वास्तविक धरातल पर क्रियान्वित करने हेतु उपायों के सुझाव उनसे आमंत्रित किए हैं ताकि विदेशी दलहनों के आयात पर बढ़ती निर्भरता को घटाने और स्वदेशी स्रोतों से आपूर्ति। एवं उपलब्धता बढ़ाने में सहायता मिल सके। प्रधानमंत्री ने प्राइवेट सेक्टर को बेहतरीन क्वालिटी एवं ऊंची उपज दर वाले दलहन बीज के विकास पर ज्यादा ध्यान देने के लिए कहा है। इसी तरह फसल विविधिकरण के तहत न्यूट्रिशनल खाद्य उत्पादों और खासकर दलहनों की खेती को बढ़ावा देने के लिए नए उपायों की तलाश और उसका उपयोग करने की आवश्यकता में बढ़ोत्तरी हुई है। और चना तथा मूंग के उत्पादन में देश लगभग आत्मनिर्भर हो चुका है लेकिन अन्य दलहनों की पैदावार घरेलू मांग एवं खपत से कम हो रही है। इसके फलस्वरूप 20 प्रतिशत घरेलू खपत को पूरा करने लायक दलहनों का बाहर से आयात करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए देश में अरहर (तुवर), उड़द तथा मसूर का उत्पादन बढ़ाने की सख्त जरूरत है विकसित भारत% के लक्ष्य की दिशा में सरकार का संकल्प बिल्कुल स्पष्ट है। एक ऐसे भारत का निर्माण किया जा रहा है जहां किसानों को सशक्त और समृद्ध होने का अवसर मिल सके। प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र को राष्ट्रीय विकास का पहला इंजन बताते हए हुए कहा कि किसान हमारे गौरव हैं। उनका कहना था कि सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रथम पूर्ण बजट में दलहनों का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाने का प्रावधान है जिस पर गंभीरता से अमल करने की जरूरत है।*

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हितग्राही के परिजन को दिया गया 02 लाख रुपये का चेक

अजीतनारायण

सूरजपुर: पीएमजेजेबीवाई योजना के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी स्व. मनमेत ग्राम पंचायत भंवराही निवासी के परिजन इतवारू राम को कलेक्टर. एस. जयवर्धन निजी एवं जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू के द्वारा 02 लाख रुपये बीमा क्लेम राशि का चेक दिया गया। मनमेत की मृत्यु 14 अक्टूबर 2024 को हुआ। मृत्यु से पूर्व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत पीएमजेजेबीवाई का बीमा कराया गया था। बिहान के कैडर बीपीएम दिलीप कुमार एक्का, जनपद पंचायत सीईओ नीलेश सोनी एवं शाखा प्रबंधक हेमन्त कुमार उपस्थित थे।

वृंदावन में नगर आयुक्त ने स्कूटी से किया भ्रमण, विशेष साफ सफाई रखने के लिए निर्देश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी

वृंदावन। नगर की जन समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण करने के लिए आज नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने स्कूटी से कई स्थानों पर भ्रमण किया। इससे पूर्व उन्होंने स्थानीय पार्षदों के साथ रंग भरनी एकादशी और होली पर्व को लेकर बैठक की।

नगर आयुक्त द्वारा स्कूटी से मंगलवार को नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के वृन्दावन-जोन क्षेत्रान्तर्गत स्थित वार्ड नं. 69 में छोटी-छोटी गलियों का निरीक्षण किया गया जिसमें नालियों की साफ सफाई कराये जाने एवं नालियों की मरम्मत कराये जाने हेतु, दावानल कुंड की साफ-सफाई एवं वॉल पेटिंग, परशुराम पार्क स्थित रैन बसेरा हेतु नवीन शौचालय वनवाने तथा हरिमिलाप पार्क के सौन्दर्यीकरण व वॉल पेन्टिंग कार्य कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। वार्ड संख्या 09 में किशोरपुरा में पानी की टंकी के नीचे बने बरात घर में वॉल पेन्टिंग, साफ-सफाई एवं अतिक्रमण मुक्त कराये जाने हेतु सीपी पाठक अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया तथा वार्ड सं.-50 में बड़ा खटला के समीप हो रही जल भराव की समस्या के निदान हेतु जलकल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया । साथ ही पैदल एवं मोटर साइकिल से परिक्रमा मार्ग एवं बांके बिहारी जी मन्दिर के आस-पास का क्षेत्र, मलिन बस्तियों,गलियॉ एवं मुख्य मार्गो का निरीक्षण किया गया। रंगभरनी एकादशी पर परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधार्थ हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को विशेष साफ सफाई, चूना छिड़काव, समुचित प्रकाश व्यवस्था एवं पेचवर्क कराये जाने व बैरीकेटिंग लगाये तथा मन्दिर जाने वाले मार्गो पर साफ सफाई एवं विशेष अतिक्रमण अभियान चलाये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि आम दर्शनार्थियों/श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे। साथ ही मन्दिरों के आस-पास पर्याप्त मात्रा में प्रकाश व्यवस्था, पानी के टैंकर एवं मोबाइल टॉयलेट खडे कराये जाने एवं मन्दिरों के बाहर एकत्रित फूलमालाओं/कूडे को साथ के साथ उठवाये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। वृन्दावन नगर में हो रही सीवर की समस्या के निदान के लिये अतिरिक्त सीवर गैंग बनायी जाए ताकि सीवर ओवर फ्लो न हो।

इस अवसर पर निगम के उप सभापति मुकेश सारस्वत पार्षद रूप किशोर वर्मा पार्षद घनश्याम चौधरी पार्षद सुमित गौतम पार्षद शशांक शर्मा पार्षद वैभव अग्रवाल पार्षद श्रीमती मंजु देवी गोवर्धन सिंह सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक अधिशासी अभियन्ता जल राम कैलाश जोनल सेनेटरी ऑफिसर महेश चन्द सुरेश चन्द मुख्य सफाई निरीक्षक सफाई निरीक्षक सुभाष चन्द अवर अभियन्ता सिविल अरूण कुमार शैलेश कुमार अवर अभियन्ता प्रकाश आदि अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

मथुरा भारतीय किसान यूनियन सुनील के पदाधिकारियों ने होली व रमजान के महीने में पानी के पानी की व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी

पावन पर्व रमजान माह के चलते मथुरा महानगर में पीने के पानी गंगाजल की सप्लाई सफाई व्यवस्था हंसराज कॉलोनी बार्ड नंबर 16 में सड़क निर्माण नगर निगम की लाइट लगवाने के लिए नगर आयुक्त महोदय की अनुपस्थिति में अपर आयुक्त अनिल कुमार जी अपर आयुक्त रामजी लाल जी को ज्ञापन सौंप कर समस्या के समाधान की मांग अपर आयुक्त रामजी लाल जी अपर आयुक्त अनिल कुमार जी ने ज्ञापन पर आदेश कर सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया संबंधित अधिकारियों को बुलाकर तत्काल समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा होली का पावन पर्व आ रहा है रमजान का महीना चल रहा है लेकिन नगर निगम दौरा जनता के लिए कोई व्यवस्था नही की गई मथुरा महानगर में नगर निगम के गंगाजल की सप्लाई जनता को नहीं मिल रही है स्थानीय जनता अपने पैसे से पीने का मीठा पानी खरीदने को मजबूर है मथुरा महानगर में पीने के पानी पर जल माफियाओं का राज है मथुरा महानगर के वार्ड नंबर 22 नई बस्ती में नगर निगम की लाइट खराब पड़ी है मस्जिदों के आगे भी कोई लाइट नहीं है अमरनाथ स्कूल रोड पर नगर निगम की सभी लाइटें खराब पड़ी है जिससे इस क्षेत्र में अंधकार रहता है वार्ड नंबर 16 हंसराज कॉलोनी मथुरा वृंदावन नगर निगम में तो आती है लेकिन यहां पर नगर निगम की कोई सुविधा नहीं है रोड टूटे पड़े हैं सफाई कर्मचारी प्रतिदिन नहीं आते पीने के पानी की समस्या विकराल रूप धारण किये हुए हैं इस क्षेत्र में नगर निगम की कोई बोरिंग नही है मथुरा वृंदावन नगर निगम के अधिकारी जनता को सिर्फ टैक्स के नाम पर लूट रहे हैं सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है

72 घंटे के अंदर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो मथुरा वृंदावन नगर निगम कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन सुनील के कर्यकर्ता अनिश्चितकालीन आंदोलन को मजबूर होंगे

ज्ञापन देने वालों मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष मुजाहिद कुरैशी जिला प्रभारी सुनील चौधरी जनसेवक महानगर संयोजक असलम कुरैशी पप्पू शर्मा पुनीत सत्येंद्र काकू प्रतीक धुर्वे चौधरी मौजूद थे।

बरसाना राधारानी के दर्शन को जाएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

बरसाना में होली पर सात मार्च को मुख्यमंत्री का आगमन, जनसभा को कर सकते है सम्बोधित-

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फैसल कुरैशी

मथुरा। बरसाना की होली में शामिल होने आ रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहाँ रोपवे की भी सेर करेंगे। बरसाना के ब्रह्मांचल पर्वत स्थित राधारानी मंदिर तक मुख्यमंत्री को रोप-वे से ले जाया जाएगा।

इस बार बरसाना की होली 7-8 मार्च को है। इसमें शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन संभावित है। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ का लगभग प्रत्येक वर्ष होली और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा आगमन हुआ है। इसी संभावना के दृष्टिगत इस बार भी मुख्यमंत्री का होली पर मथुरा आगमन प्रस्तावित है। लखनऊ से मिले संकेतों के बाद जनपद स्तर पर होली के साथ मुख्यमंत्री आगमन की तैयारियां की जा रही हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र और कमिश्नर आगरा शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मथुरा और बरसाना में होली और मुख्यमंत्री आगमन को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा भी की जा चुकी है। माना जा रहा है कि बरसाना की होली में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री सात मार्च को बरसाना आएंगे। इस दिन राधारानी मॉदिर में लड्डू होली खेली जाएगी। इसके अगले दिन आठ मार्च को लठामार होली है। सात मार्च को मुख्यमंत्री के आगमन के पश्चात उन्हें राधा रानी मंदिर तक रोप वे से ले जाया जाएगा। इसकी तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। रोपवे के सुरक्षा मापदंड परखने के लिए सुरक्षा चेकिंग कराई जा रही है।

जिलाधिकारी सीपी सिंह तैयारियों में जुटे हुए है। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री दोपहर के समय यहाँ आएंगे। योगी एक छोटी जन सभा भी सम्बोधित कर सकते है उसके किये जिला भाजपा संगठन तैयारियों में लगा हुआ है। ग्रामीण इलाको से लोगों को लाने के लिए बस लगाई जाएंगी।मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया कि बरसाना में होली पर मुख्यमंत्री का आगमन प्रस्तावित है। इसे देखते हुए तैयारियां की जा रही हैं। रोप वे से मुख्यमंत्री को राधारानी मंदिर तक ले जाने की व्यवस्था है। इस बिंदु को देखकर तैयारी की जा रही हैं।

राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के पदाधिकारियों संग विद्युत विभाग के जेई एसडीओ ने किया धरना प्रदर्शन

केसरिया हिदुस्तान
मोहित यादव लव

एटा जनपद के रेलवे रोड स्थित विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर कार्यालय के समीप दर्जन भर अधिक छ .श्व,और स.ष्ठ.ह्व ने एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया ।अभियंताओं का आरोप है कि अधिकारियों ने उनकी आवाज दबाने के लिए नियम विरुद्ध तरीके से संगठन के सचिव सुमित कुमार सोनी का गैर जनपद स्थानांतरण कर दिया है।धरना प्रदर्शन करते हुए विद्युत विभाग के अभियंताओं ने स्थानांतरण निरस्त करने की मांग की है।स्थानांतरण नहीं निरस्त करने पर धरने को अनिश्चित कालीन करने की बात कही गई है। जे ई और संगठन के जिला सचिव सुमित कुमार सोनी ने बताया कि इन दिनों उनके संगठन के बैनर तले निजीकरण लगातार विरोध किया जा रहा है।सोशल मीडिया और मीडिया के माध्यम से हमारा संगठन लगातार अपनी मांगे रख रहा है।जिसके चलते अभियंताओं की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है ।इसके चलते ही नियम विरुद्ध संगठन के जिला अध्यक्ष,और सचिव का पद धारण करने के दो वर्ष के अन्दर स्थानांतरण नहीं किया जा सकता बाबजूद गैर जनपद में स्थानान्तरण कर दिया गया है।स्थानांतरण निरस्त करने की मांग है अगर मांग नहीं मानी जाती है और धरना चलता रहेगा।संगठन के क्षेत्रीय सचिव प्रवेश कुमार ने बताया कि कारपोरेशन,और शासनादेश है कि संगठन के पदाधिकारी का स्थानांतरण नियम विरुद्ध नहीं किया जा सकता लेकिन जिला सचिव का कर दिया गया है इसीलिए हम लोग एकत्रित हुए हैं और अपनी मांग रख रहे हैं ।हमारी बात चीफ इंजीनियर से हुई है कुछ न कुछ हल निकाला जायेगा ।धरने में जिला सचिव सुमित कुमार सोनी, जे ई जितेंद्र कुमार,प्रवेश कुमार, एस डी ओ ज्ञानप्रकाश गुप्ता सहित तमाम अभियंता मौजूद रहे हैं।

होली मिलन समारोह में महिलाओं ने मचाया धमाल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से
प्रदीप शर्मा झांसी

गुरसराय(झांसी)- होली मिलन समारोह का आयोजन नगर के एक गार्डन में शिल्पी मेकअप ब्यूटी पालर के तत्वाधान में आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्योति बरसैया,पुष्पा गेंडा उपस्थित रही ।इस अवसर पर महिलाओं ने होली गीत,म्यूजिकल चेयर गेम,रैंप वॉक,सिंगल नृत्य,ग्रुप नृत्य,वाटर नृत्य इत्यादि नृत्य के माध्यम से लोगों को भाव विभोर किया ।वहीं सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का आह्वान किया ।इस अवसर पर शिल्पी मेकअप ब्यूटी पालर की संचालिका शिल्पी ने कहा कि रंगों का पर्व हमें आपसी भाइचारे व समरसता के सूत्र में बांधने का काम करता है ।मन का मैल साफ कर यह एक दूसरे के साथ खुशियां बांटने का अवसर है ।उन्होंने लोगों को पर्व की अग्रिम बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं ।लक्ष्मी ने पर्व के दौरान प्राकृतिक रंगों के उपयोग पर बल देते हुए बताया कि केमिकल युक्त रंगों का उपयोग त्वचा के लिए हानिकारक होता है ।इससे लोगों को बचकर रहना चाहिए। कार्यक्रम में राधिका, पूजा, प्रियंका, देवांशी आदि ने नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया ।इसी तरह कई महिलाओं ने होली गीत सुनाकर लोगों को झूमने के लिए विवश किया ।एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी गई ।कार्यक्रम का सफल एवं कुशल संचालन लक्ष्मी ने किया ।पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पत्रकार सार्थक नायक को सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर रश्मि खरे,लकी,प्रीति,मौसमी,काजल,प्रियंका,प्रिंसी,शालू,राखी,नीतू,निराली ,प्राची,पूजा,रजनी सहित सैकड़ो महिलाएं मौजूद रही।

बकाया भवन और जलकर तत्काल वसूलें: ईओ अजय निषाद

केसरिया हिंदुस्तान
ब्यूरो कौशाम्बी

कौशाम्बी ।जनपद के नगर पंचायत करारी कार्यालय में मंगलवार को अधिशासी अधिकारी (ईओ) ने मातहत कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान बकाया भवन और जलकर तत्काल वसूलने का निर्देश दिया। सफाई व्यवस्था को लेकर सफाई नायकों की नकेल कसी। कहा कि गंदगी मिलने पर सफाई नायकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अधिशासी अधिकारी अजय निषाद ने कहा कि नगरीय क्षेत्र को स्वच्छता सर्वेक्षण में पहले पायदान पर लाना है। इसके लिए सफाई कर्मचारियों और नायकों को कड़ी मेहनत करनी होगी। स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर को बढ़िया स्थान मिलेगा तो इससे सभी का कद बढ़ेगा। बेहतर कार्य करने वालों को स्थानीय स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा। मनमानी करने वालों के खिलाफ वेतन व मानदेय अवरुद्ध करने सहित अन्य कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मार्च के महीने को देखते हुए राजस्व वसूली में तेजी लाने का आदेश दिया। कहा कि घर-घर जाकर भवन कर और जलकर की वसूली करें। किसी भी कीमत पर बकाया नहीं रहना चाहिए। जरुरत पड़े तो बकाएदारों के खिलाफ कार्रवाई भी अमन में लाएं। राजस्व वसूली में ढिलाई करने वालों को भी ईओ ने कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया। कहा कि संविदा कर्मचारी दी गई जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। इस मौके पर सभी संविदा व नियमित सफाई कर्मचारी मौजूद रहे!

अतिक्रमण की शिकायत पहुंची नगर पंचायत कार्यालय

(केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो
रायबरेली धर्मवीर यादव)

शिवगढ़ रायबरेली नगर पंचायत शिवगढ़ अंतर्गत अतिक्रमण की शिकायत नगर पंचायत कार्यालय पहुंची।

शिकायतकर्ता प्रशांत सोनी ने अतिक्रमण की शिकायत नगर पंचायत कार्यालय शिवगढ़ में देकर रोड की ओर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ता का आरोप है की गोविंद सोनी व उनके पुत्र शिवम सोनी,शुभम सोनी,राज सोनी जो मूल रूप से वार्ड नंबर 11 के निवासी हैं अपनी दुकान की अधिक साज सज्जा को लेकर सर रोड के किनारे बनी सरकारी नाली को पार कर अतिक्रमण कर रहे हैं जिससे आसपास के सभी दुकानदारों को इससे असुविधा हो रही है विशेष कर राहगीरों को इससे बहुत ही सुविधा का सामना करना पड़ेगा। यदि उपरोक्त लोगों के द्वारा किया अतिक्रमण तत्काल नहीं हटाया जाता है तो आए दिन कोई ना कोई दुर्घटना होने की प्रबल संभावना होगी। शिकायत कर्ता के अतरिक्त आशीष शर्मा, शिवभोला, संजय कुमार, तुषार, संतोष ,अभिषेक और प्रवीन कुमार ने अतिक्रमण पर आपत्ति जताई है और शिकायती पत्र पर अपने हस्ताक्षर भी किए हैं ।नगर पंचायत शिवगढ़ के अधिशासी अभियंता राजभान शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया वार्ड नं 11 से अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हुई है अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाएगा।

विश्व वन्यजीव दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

वन्य जीवों के बिना पृथ्वी ऐसी है जैसे सुंदर चीजों के बिना जीवन- उर्मिला देवी

केसरिया हिन्दुस्तान
इसरार ब्यूरो पीलीभीत

पीलीभीत। हाथ मिलाओ वन्य जीवों को बचाओ थीम के तहत समाधान विकास समिति के तत्वाधान में कंपोजिट विद्यालय अशरफ खान में विश्व वन्यजीव दिवस 2025 के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें एलेना मुस्कान और ईशा ने उत्कृष्टता प्रदर्शित की। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका यामिनी मिश्रा ने वन्य जीवों और जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भोजन ईंधन दवाइयां आवास और वस्त्र जैसी बुनियादी आवश्यकताओं के लिए हम वन्य जीवों और प्रकृति पर निर्भर हैं। समाधान विकास समिति की अध्यक्ष उर्मिला देवी ने बताया कि इस वर्ष विश्व वन्यजीव दिवस 2025 की थीम है। लोगों और ग्रह को जोड़ना- वन्य जीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि यह वन्य जीवों की रक्षा के लिए प्रभावी समाधान प्रदान कर सकती है।

कार्यक्रम में वन्य जीव संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया और यह संदेश दिया गया कि वन्य जीवों के बिना पृथ्वी ऐसी है जैसे सुंदर चीजों के बिना जीवन इसके अलावा चर्चा में यह भी शामिल रहा कि वन्य जीव संरक्षण को अधिक प्रभावी और स्थायी रूप से वित्त पोषित करने के लिए कैसे मिलकर काम किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जैव विविधता सुरक्षित रह सके कार्यक्रम से समाधान विकास समिति के वन्य जीव संरक्षण प्रयासों को गति मिली, जिसमें जंगली जीवों पौधों कोरल रीफ और पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। वन्य जीव पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखते हैं और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में भी योगदान देते हैं।

डीएम ने डीपीआरओ को थमाई कारण बताओ नोटिस

केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो कौशाम्बी

कौशाम्बी। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत का मनमाने तरीके से निस्तारण करने का खामियाजा डीपीआरओ को भुगतना पड़ सकता है। डीएम ने उनको कारण बताओ नोटिस जारी कर दी है। तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। करारी क्षेत्र के अर्का फतेहपुर गांव निवासी रविशंकर ने बताया कि उनके पिता राधेश्याम की दो मई 2024 को मृत्यु हो गई थी। पिता का निधन होने के बाद पीड़ित ने मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया। ग्राम पंचायत स्तर से नहीं बनने पर आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की। इस शिकायत की निस्तारण आख्या में एडीओ पंचायत ने लिखा कि चूंकि आवेदन मौत के महीने भर बाद किया गया है। इसलिए, डीपीआरओ के यहां से अनुमति लेकर आने के बाद ही मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है। डीपीआरओ की ओर से भी यही निस्तारण आख्या लगा दी गई। शिकायतकर्ता ने इस आख्या पर असंतुष्ट होने का फीडबैक दिया। इसे लेकर डीएम मधुसूदन हुल्गी का पारा गरम हो गया। उन्होंने डीपीआरओ अनिल सिंह को कारण बताओ नोटिस दी है। तीन दिन के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया है।

बाइक में प्यूल डलवा कर जा रहे युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

केसरिया हिंदुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद के जैथरा थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार 20 वर्षीय युवक को तेज रफ्तार कार ने उड़ा दिया भीषण सड़क हादसे में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया ।सड़क हादसा देख आस पास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे घायल युवक की स्थानीय लोगों ने जैथरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने युवक मृत घोषित कर दिया सूचना पर पुलिस ने मृत शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।जानकारी के अनुसार युवक मनोज पुत्र विजेंद्र निवासी नगला ढीपा अपनी बाइक यू पी 82 ए क्यू 6894 से पेट्रोल पंम्प से तेल भरवाकर वापस लौट रहा था तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार यू पी 82 ए यू 4351 से जोरदार भिड़ंत हो गई ।प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार युवक करीब पंद्रह फुट ऊपर तक उछल कर जमीन पर आ गिरा ।और दर्दनाक मौत हो गई। मामले पर मृतक के पिता विजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बेटा बाइक से पेट्रोल पंम्प पर तेल भरवाने आया था तभी तेज रफ्तार कार से टकरा गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है इलाज को ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई है। वहीं पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को हिरासत में लेकर हादसे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।हादसे के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।

पेपर लीक मामले में प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

केसरिया हिंदुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद के जैथरा के चौधरी बी एल इंटर कॉलेज में शनिवार को हाई स्कूल प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान गणित का पेपर एक आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर कर दिया गया यह व्हाट्सएप ग्रुप जिले के वरिष्ठ अधिकारियों का है इसमें जिलाधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक अपर जिला मजिस्ट्रेट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सेक्टर मजिस्ट्रेट ही जुड़े हैं परीक्षा केंन्द्रो के केंद्र व्यवस्थापक भी इस ग्रुप में सदस्य हैं वहीं जिस नंबर से पेपर वायरल किया गया वह नंबर स्कूल प्रबंधन का है 2 घंटे बाद प्रशासन हरकत में आया और प्रबंधन संजय कुमार और कंप्यूटर ऑपरेटर हिमांशू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की दर्दनाक मौत

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार व्यूरो पीलीभीत



पीलीभीत- बरखेड़ा। खेत देखकर घर वापस लौट रहे वृद्ध की सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने रौद दिया टक्कर इतनी तेज थी। की वृद्ध कक मौके पर ही मौत हो गयी वही थाना क्षेत्र के गांव पतरसिया निवासी मृतक रामदास 58 वर्ष पुत्र सुम्मेरलाल सोमवार को रात के समय हाइवे रोड पार करके खेत देखने गये थे। खेत देखकर घर को लौट रहे थे। तभी रोड पार करते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घर पर सूचना मिलने पर कोहराम मच गया परिजन घटना स्थल पर पहुँचकर आनन फानन मे बरखेड़ा सीएचसी लेकर पहुंचे वहां के डाक्टरो मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया भेज दिया वही मृतक अवविवाहित था। अपने छोटे भाई मुन्ना लाल के साथ रहकर खेती की देखरेख करता था। वृद्ध की मौत की खबर से परिवार मे कोहराम मचा गया परिवार के लोगो का रो रोकर बुरा हाल है।

केएमयू के कृदय-2025 के समापन पर हेमंत बृजवासी ने बांधा समां

कृदय-2025 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता ट्रॉफी, मेडल से किया गया सम्मानित

विवि के छात्र-छात्राओं सहित जमकर नाचें प्रोफेसर्स, यादगार पलों को किया मोबाइल में कैद

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी

मथुरा। केएम यूनीवर्सिटी के वार्षिकोत्सव कृदय-2025 के समापन पर प्राइम नाइट का आयोजन किया गया, इसमें मशहूर सिंगर हेमंत बृजवासी को बुलाया गया, हेमंत के गानों पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों के छात्र-छात्राओं सहित डॉक्टर्स एवं प्रोफेसर्स सहित जमकर थिरकते नजर आए। हेमंत बृजवासी ने अपने गानों से समापन के दौरान समा बांध दिया।

कृदय-2025 में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह एवं विधायक गोवर्धन ठाकुर मेघश्याम सिंह, विधायक बलदेव पूरन प्रकाश सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी के शिक्षा क्षेत्र में कराए गए कार्यों की प्रशंसा और वार्षिकोत्सव की जमकर प्रशंसा की।

कृदय-2025 के समापन पर प्राइम नाइट के आयोजन में एमबीबीएस, डाक्टरों ने अलग अंदाज में रैंप पर वॉक कर ऐसा जलवा बिखेरा। केएमयू के छात्र-छात्राएं भारतीय परिधानों में नजर आये। आखिरी नाइट के दौरान जैसे ही सिंगर हेमंत ब्रजवासी मंच पर आए तो उनका स्वागत कुलाधिपति किशन चौधरी ने बुके देकर किया हेमंत ब्रजवासी ने एक लड़की चाहिए खास-खास, ऐसी स्टैण्डर लुगाई चाहिए सजन मेरे सतरंगीया, हो जाएगी बल्ले बल्ले जैसे कई परफॉर्मेंस दी। इस दौरान दर्शक हर गीत पर तालियां की बरसात करते रहे, वहीं बड़ी संख्या में मौजूद विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं जमकर थिरके। जितनी देर तक सिंगर मंच पर रहे दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

इससे पूर्व केएमयू परिसर स्थित खेल मैदान में आयोजित कृदय-2025 के समापन सत्र के द्वितीय चरण के रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, विधायक पूरन प्रकाश, मशहूर गीतकार हेमंत ब्रजवासी ने विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी के साथ दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान उनके साथ विवि के वाइस चांसलर डा. एनसी प्रजापति, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, रजिस्टार डा. पूरन सिंह, दाऊजी मंदिर के पूर्व रिसीवर रामकटोर पांडेय मौजूद रहे। विवि के कुलाधिपति श्री चौधरी ने सभी मुख्य अतिथियों को भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति देकर सम्मानित व स्वागत किया। कृदय-2025 में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल देकर मुख्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया। राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह ने मंच अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के चिकित्सा और शिक्षा क्षेत्र में किए कार्यों की प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है, इन्होंने शिक्षा के बगीचा को महकाने का काम किया है, वह प्रशंसनीय है। इसी प्रकार से विधायक मेघश्याम और पूरन प्रकाश ने अपने विचार व्यक्त किए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों सहित अन्य गणमान्यों व खूटैल पट्टी की सरदारी का हृदय से आभार जताया।

यह रहे कृदय-2025 के विजेता, जिन्हें मिली ट्रॉफी-मेडल :

कल्चर ओवर बेस्ट एमबीबीएस मिस. खुशबू भाटिया फैशन शो पीजी डा.मोनिका, डा. नवसंगीत सिंह, एमबीबीएस 2021 बैच की यूजी अंजली, दीपांशु रहीं, वहीं सींगिंग में प्रथम खुशबू व द्वितीय पुरूस्कार बीकॉम की नीधि को मिला, वहीं शोलो डांस में अक्षीता एमबीबीएस 2023 बैच प्रथम, खुशी एमबीबीएस 2024 द्वितीय, ग्रुप डांस में प्रथम एमबीए बैच 2023 की भार्गवी, इसी तरह ग्रुप डांस, ड्रामा को प्रथम, द्वितीय पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं स्पोर्ट आफ बेस्ट में डा. पल्लीला साईं, डा. मनी कुमार, बॉलीबाल गोल्ड विजेता रीतिका गुप्ता की टीम, ज्ञानेश कुमार की टीम, रीतिका, उदयवान, प्रदीप, पंकज, योगिता, शिवांगी, डा. मनीष अनुभव आन्या, पार्थ, वी भव्या विजेताओं को मुख्य अतिथियों ने पुरूस्कार देकर सम्मानित किया।

मुठभेड़ में दबोचे दो शातिर, भारी मात्रा में असलाह हुए बरामद

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

मथुरा। छाता पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही में पुलिस मुठभेड़ से अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड करते हुये 2 बदमाश गिरफ्तार हुए है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण, अवैध शस्त्रों का अर्धनिर्मित सामान बरामद किये गये।

एसएसपी शैलेश पांडे ने बताया कि छाता पुलिस और एसओजी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना दद्दीगढी से पहले निर्माणाधीन कालौनी नाला के किनारे बने अर्धनिर्मित मकान के पास से कुछ व्यक्ति अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चला रहे हैं। जिस पर छापामार कार्यवाही करते हुये बदमाश रोहित पुत्र हाकिम सिंह निवासी नगला लोका थाना महावन, हेमन्त पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी दीपपुरम कालौनी औरंगावाद थाना सदर बाजार पैर में गोली लगने से घायल कर गिरफ्तार किये गये। इनके कब्जे से निर्मित 07 अबैध असलाह जिनमें 1 रिवाल्वर 32 बोर, 1 रायफल 315 बोर, 1 अवैध तमंचा 12 बोर, 4 अवैध तमंचे देशी, 07 जिन्दा व 04 खोखा कारतूस 315 बोर व भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण, अबैध शस्त्रों का अर्धनिर्मित सामान बरामद हुआ है जबकि मौके से हाकिम सिंह पुत्र स्व. गड्डर सिंह निवासी नगला लोका थाना महावन फरार हो गया। घायल अभियुक्तों को उपचार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। फार बदमाश की गिरफ्तारी को पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

7, 10, 12 और 14 मार्च को होंगे विशेष आयोजन

द्वारकाधीश मंदिर में होंगे होली के विशेष कार्यक्रम, ठाकुर जी एकादशी के दिन कुंज में एकादशी के कुंज में होली खेलेंगे

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी

मथुरा। ठाकुर मंदिर द्वारकाधीश में पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉक्टर वागीश कुमार जी महाराज के आदेश अनुसार मंदिर के सभी कार्यक्रमों का निर्धारण होता है उसी के तहत सभी कार्यक्रम विधि-विधान से प्रारंभ होते हैं 7 मार्च को होलिका अष्टक प्रारंभ होंगे और उसे दिन ठाकुर द्वारिकाधीश जी महाराज यमुना घाट पर विराजमान होकर होली खेलेंगे अर्थात ठाकुर जी के समक्ष यमुना जी बनाई जाएगी और यह विशेष दर्शन प्रात: काल 10:00 बजे से 11:00 बजे तक होंगे और होलीका अष्टक प्रारंभ होने के साथ ही ठाकुर जी स्वर्ण और रजत पिचकारी से शुद्ध टेसू के फूलों से होली खेलेंगे और यह प्रसादी जो अभी तक भक्तों को नहीं मिल रही थी वह 8 मार्च से प्रतिदिन राजभोग के दर्शन में 10 बजे से 11 तक भक्तों पर भी प्रसादी के रूप में आएगी और 10 मार्च को ठाकुर जी एकादशी के दिन कुंज में एकादशी के कुंज में होली खेलेंगे। 12 मार्च को बगीचे का आयोजन होगा और और 14 मार्च को डोल महोत्सव के साथ होली के सभी कार्यक्रम संपन्न होंगे।

इस दौरान सभी भक्तजनों से विनम्र निवेदन है कि वह मंदिर की मर्यादा का ख्याल रखते हुए मंदिर में वृद्ध लोग गर्भवती महिला और बच्चे अगर संभव हो तो ना आए और मंदिर में आने वाले श्रद्धालु अपने पास से किसी भी प्रकार के रंग पिचकारी या गुलाल लेकर ना आए। पुष्टिमार्ग संप्रदाय में भाव के अनुसार ठाकुर जी पर चढ़ाए हुए रंग का ही प्रयोग होता है और एक विशेष निवेदन ठाकुर जी को जो परंपरा के अनुसार रसिया गायन होता है। उसे रसिया गायन का भी आनंद ले अपनी ओर से किसी भी प्रकार की कोई ऐसी व्यवस्था न करें जिससे के रसिया गायन में किसी प्रकार का कोई विघ्न आए मर्यादा का ख्याल रखते हुए भक्त दर्शन करें।

रामनगर डिग्री कॉलेज का नाम बदलने की उठी मांग

सांसद तनुज पुनिया ने राज्यपाल और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता

बाराबंकी। जनपद में रामनगर के लोकप्रिय राजा स्वर्गीय अमर कृष्ण प्रताप नारायण सिंह को उनकी जनकल्याणकारी नीतियों और समाज के प्रति समर्पण के लिए आज भी याद किया जाता है। वे एक नेकदिल शासक थे, जिन्होंने अपने परिवार के साथ मिलकर रामनगर क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

रामनगर क्षेत्र में ब्लॉक, तहसील, थाना, इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज की स्थापना में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। विशेष रूप से, उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए अपनी 100 बीघा जमीन स्वेच्छा से दान में दी थी, ताकि क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े और उन्हें अपने ही क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

वर्तमान में स्थानीय जनता की मांग पर सांसद तनुज पुनिया ने प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि रामनगर डिग्री कॉलेज का नाम बदलकर स्वर्गीय राजा रत्नाकर सिंह महाविद्यालय, रामनगर रखा जाए।

सांसद ने पत्र में उल्लेख किया है कि स्वर्गीय राजा अमर कृष्ण प्रताप नारायण सिंह और उनके परिवार ने स्वतंत्रता संग्राम में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया था। आज अगर रामनगर क्षेत्र के युवा शिक्षा प्राप्त कर देश और समाज में अपना नाम रोशन कर रहे हैं, तो इसका श्रेय रामनगर राज परिवार को जाता है, जिन्होंने शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपनी निजी संपत्ति समाज के लिए दान कर दी। उपरोक्त पत्र में इस बात को भी प्रमुखता से रखा कि रामनगर राज परिवार, जो रैकवार ठाकुरों का परिवार है, का समाज और शिक्षा में योगदान अविस्मरणीय है। इस परिवार के वर्तमान वारिस स्वर्गीय राजा रत्नाकर सिंह, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं और उनके कोई संतान भी नहीं है, उनकी स्मृति को बनाए रखने के लिए रामनगर डिग्री कॉलेज का नाम उनके नाम पर रखा जाना चाहिए। यह मांग सिर्फ सांसद की नहीं, बल्कि स्थानीय जनता की भावनाओं का भी सम्मान है। क्षेत्र के नागरिकों का मानना है कि जिस राज परिवार ने अपनी भूमि दान कर शिक्षा के लिए इतना बड़ा योगदान दिया हो, उस परिवार की विरासत को संजोना और सम्मान देना हमारा कर्तव्य है।

जनता को उम्मीद है कि राज्यपाल और शिक्षा मंत्री इस प्रस्ताव पर जल्द से जल्द सकारात्मक निर्णय लेंगे, जिससे क्षेत्र के महान शिक्षाप्रेमी राजा की विरासत को उचित सम्मान मिल सके।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो इनामिया अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता

रामनगर बाराबंकी थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में 15-15 हजार रूपये के वांछित दो इनामियां अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी रामनगर के पर्यवेक्षण में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा धारा 3(1) यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 15-15 हजार रूपये के इनामियां अभियुक्तों सलमान पुत्र इसरार, जावेद अंसारी पुत्र अहमद अंसारी निवासीगण मो0 रामनगर मिनार मस्जिद थाना सहादतगंज जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण का एक गैंग है, जो चोरी, लूट जैसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त हैं। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा 15-15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

यूनिवर्सल सक्सेस एंटरप्राइजेज ने अमृतसर में टीजीआई फ्राइडेज़ की शुरुआत की

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब

अमृतसर। यूनिवर्सल सक्सेस एंटरप्राइजेज ने अमृतसर में टीजीआई फ्राइडेज़ के भव्य उद्घाटन की घोषणा की, जिसके साथ ही ब्रांड ने पंजाब में अपनी शानदार एंट्री की घोषणा की है। यूनिवर्सल सक्सेस एंटरप्राइजेज के तहत यह पहली टीजीआई फ्राइडेज़ फ्रैंचाइज़ी है, जो भारत में विश्व स्तरीय फूड एक्सपीरियंस पेश करने के अपने मिशन को मज़बूत करती है।

यूनिवर्सल सक्सेस एंटरप्राइजेज के चेयरमैन श्री प्रसून मुखर्जी ने कहा कि हम टीजीआई फ्राइडेज़ को अमृतसर में लाने के लिए उत्साहित हैं, जो अपने वाइब्रेंट कल्चर और शानदार मेज़बानी के लिए जाना जाता है। यह विस्तार विश्व स्तर पर प्रसिद्ध ब्रांडों को उनकी मूल पहचान और असली स्वाद को बनाए रखते हुए विकसित करने के हमारी सोच के अनुरूप है। हम शानदार खाने-पीने के शौकीन अमृतसर के दिलदार लोगों को एक बेहतरीन भोजन अनुभव प्रदान करने के लिए दिल से पूरी तरह तैयार हैं।लॉन्च में एक दिल को छू लेने वाला स्पर्श जोड़ते हुए, इस नई शुरुआत को नेक कार्य के साथ किया गया, जब यूनिवर्सल सक्सेस एंटरप्राइजेज के सहयोग से टीजीआई फ्राइडेज़ ने एनजीओ पंजाबी संवाद की ओर से बच्चों को हैम्पर्स वितरित किए। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देने और कम्युनिटी सहयोग की भावना को दर्शाती है जो इस इंटरप्राइज के मूल में है। इस कदम ने न केवल शानदार फूड उपलब्ध कराने के लिए बल्कि स्थानीय समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए ब्रांड के समर्पण को भी मजबूत किया। यूनिवर्सल सक्सेस एंटरप्राइजेज के चेयरमैन प्रसून मुखर्जी ने कहा कि हमारे चेयरमैन के विजन के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली भरोसा है – %मेक टू गिव।% जब कोई बिजनेस फलता-फूलता है, तो उसे स्वाभाविक रूप से उन लोगों और समुदायों को कुछ वापस देना चाहिए जो उनकी सफलता को संभव बनाते हैं। अमृतसर में अपने विस्तार के साथ, हम शहर की कहानी का हिस्सा बनने और इसके उवल भविष्य में योगदान देने के लिए पूरी तरह से तैयार और तत्पर हैं।